** वॉयस ऑफ लखनऊ
सच, सिर्फ सच
शनिवार, 21 फरवरी, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 51, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## सेंसेक्स में 316 अंकों की उछाल

शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। } 14

## भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौता अप्रैल में लागू होने की संभावना

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना है। } 16

# अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रद किया ट्रंप का टैरिफ

## कहा- टैरिफ गैरकानूनी, राष्ट्रपति को अधिकार नहीं

एजेंसी



वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले पर खुलकर अपनी राय रखते रहे हैं। कुछ दिनों पहले ही ट्रंप ने इसे अमेरिकी इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण मामलों में से एक बताया था। उन्होंने कहा था कि उनके खिलाफ फैसला आना देश की अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा झटका होगा। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए व्यापक वैश्विक टैरिफ को रद्द कर दिया। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को डोनाल्ड ट्रंप के आर्थिक एजेंडे के एक महत्वपूर्ण मुद्दे पर मिली बड़ी हार माना जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट का फैसला ट्रंप की ओर से आपातकालीन शक्तियों के कानून के तहत एकतरफा रूप से लगाए गए टैरिफ पर केंद्रित है, जिसमें लगभग हर दूसरे देश पर लगाए गए व्यापक पारस्परिक टैरिफ भी शामिल हैं। अमेरिकी सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि 1977 के अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति के पास लगभग सभी अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों से आने वाले सामानों पर व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के इस फैसले से डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक टैरिफ को खत्म कर दिया है। इस फैसले से वैश्विक व्यापार, व्यवसायों, उपभोक्ताओं, मुद्रास्फीति के रुझानों और देश भर के घरेलू वित्त पर व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। पिछले एक साल में न्यायाधीशों ने अंतरिम आदेशों में प्रशासन का काफी हद तक साथ दिया था। इनमें ट्रांसजेंडर सैनिकों के सैन्य सेवा में शामिल होने पर प्रतिबंध, अमेरिकी सेवा को संवेदनशील डेटा तक पहुंच प्रदान करना और कानूनी चुनौतियों के जारी रहने के दौरान ...शेष पृष्ठ 14 पर

# यूथ कांग्रेस ने किया देश को शर्मसार

## भारत मंडपम में आयोजित एआई समिट में किया अर्धनग्न प्रदर्शन, 10 हिरासत में

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को एआई इम्पैक्ट समिट के आयोजन स्थल भारत मंडपम पहुंचकर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए, जिसके बाद पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में ले लिया। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्य विपक्षी दल ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि धूमिल की है।

युवा कांग्रेस ने अपने कार्यकर्ताओं के इस कदम का बचाव करते हुए कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान संगठन के कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन इस आयोजन के खिलाफ नहीं, बल्कि अमेरिका के साथ हुए अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एआई इम्पैक्ट समिट में विरोध प्रदर्शन के दौरान लगभग 10 लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने कहा, उन्हें तुरंत हटा दिया गया और तिलक मार्ग पुलिस थाने ले जाया गया। कानून-व्यवस्था की स्थिति को भंग करने की किसी को अनुमति नहीं दी जाएगी। युवा कांग्रेस से जुड़े प्रदर्शनकारी हॉल नंबर-5 के अंदर मार्च करते हुए पहुंचे। वे सफेद टी-शर्ट पहने या पकड़े हुए थे, जिन पर प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरें छपी थीं, तथा उन पर इंडिया यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज़ कम्प्रोमाइज्ड (प्रधानमंत्री झुक गये) जैसे नारे लिखे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने टी-शर्ट भी उतार दी। उनके विरोध प्रदर्शन के चलते वहां अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद कुछ प्रतिभागियों और कुछ प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी बहस भी हुई। पुलिस का कहना है कि जिन लोगों को हिरासत में लिया गया है उनमें युवा कांग्रेस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### भारत व अन्य सहयोगियों के साथ मजबूत कर रहे गठबंधन : नेतन्याहू

यरुशलम। भारत को बेहद शक्तिशाली बताते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि उनका देश अपने सहयोगियों के साथ गठबंधन मजबूत कर रहा है। उन्होंने अगले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित यरुशलम यात्रा का उल्लेख करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री मोदी के 25 फरवरी को दो दिवसीय दौरे पर इजराइल पहुंचने की उम्मीद है, जिस दौरान वह संभवतः नेसेट (संसद) को संबोधित करेंगे तथा नेतन्याहू और राष्ट्रपति इसाक हर्जोग से मुलाकात करेंगे। नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल बुराई के खिलाफ निवारक उपाय करता है।

### जबलपुर में भिड़े दो वर्ग, 49 हिरासत में

जबलपुर। मध्यप्रदेश की संस्कारधानी कहे जाने वाले जबलपुर जिले के सिहोरा में एक ही समय पर आरती और नमाज को लेकर उपजे विवाद ने सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया, जिसके बाद दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प, पथराव और तोड़फोड़ के कारण तनाव फैल गया। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अब तक इस मामले में कोई जनहानि नहीं हुई है हालांकि 49 लोगों को हिरासत में लिया गया है, इलाके में शांति बहाल करने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:14 | 5:02 | 6:04 | 5:12 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 27.06 डिसे.
न्यूनतम : 14.00 डिसे.

### भीतर पढ़ें

- छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आय सीमा बढ़कर हुई ढाई लाख (पृष्ठ-02)
- कृषि विवि और विभागीय कार्यों के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति (पृष्ठ-02)
- पूर्ण एआई ढांचा बनाने की योजना : चौधरी (पृष्ठ-14)
- विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़ा (पृष्ठ-14)
- डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे टूटकर 90.99 पर बंद (पृष्ठ-14)

# शिक्षामित्रों, अनुदेशकों को योगी का बड़ा तोहफा

## अप्रैल से बढ़ेगा आठ हजार रुपये मानदेय



विशेष संवाददाता

लखनऊ। बजट 2026-27 पास होने के बाद विधान मंडल के दोनों सदन की कार्रवाई अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गयी। विधानसभा में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के अवसर पर शिक्षामित्र व अनुदेशकों के मानदेय बढ़ाने के साथ कई बड़ी घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा अब अप्रैल से शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये तथा अनुदेशकों को 17,000 रुपये मानदेय दिया जाएगा। साथ ही पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। शिक्षामित्रों के मानदेय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व में 3,000 रुपये दिए जाते थे, जिसे बढ़ाकर 10,000 रुपये किया गया था। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि जिन विकास खंडों में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नहीं हैं, वहां नए विद्यालय स्थापित किए जाएंगे। इसके लिए बजट में 580 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह व्यवस्था विशेष रूप से गरीब, पिछड़े और अति पिछड़े वर्ग की बालिकाओं के लिए की जा रही है। इसके अतिरिक्त स्कूल सुरक्षा ऑडिट के बाद अनुरक्षण कार्यों के लिए 300 करोड़ रुपये, सीएम कंपोजिट विद्यालयों के लिए 2,382 करोड़ रुपये तथा प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित करने के लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। शिक्षकों और कार्मिकों के आश्रित परिवारों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी प्रदान की जाएगी। व्यापक सुधारों और नई घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रदेश में शिक्षा के इंफ्रास्ट्रक्चर, डिजिटल सशक्तीकरण, शिक्षक कल्याण और छात्र सुविधाओं को अभूतपूर्व प्राथमिकता दी गई है। पीएम श्री विद्यालयों के अतिरिक्त भवन निर्माण के लिए बजट प्रावधान किया गया है। बालिकाओं के लिए 300 करोड़ रुपये से सेनेटरी नैपकिन की व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने विभिन्न मंडलों में नए विश्वविद्यालय स्थापित किए हैं, जिनमें सहारनपुर, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डाटा बनेगा नयी अर्थव्यवस्था की आधारशिला एआई निभायेगी न्यू ऑयल की भूमिका: सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट 2026-27 में चर्चा पर भाग लेते हुए कहा कि बजट में डाटा सेंटर की स्थापना और स्टेट डाटा सेंटर अथॉरिटी के गठन को लेकर महत्वपूर्ण घोषणा की है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में डाटा नई अर्थव्यवस्था की आधारशिला बन चुका है और एआई आने वाले समय में न्यू ऑयल की भूमिका निभाने जा रही है। ऐसे में डाटा की उपयोगिता और उसके वैज्ञानिक प्रबंधन को समझना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक समय दुनिया में ऑयल इकोनॉमी की अवधारणा प्रमुख थी, यानी जिसके पास तेल संसाधन थे, वही वैश्विक अर्थव्यवस्था पर प्रभावी था। इसके बाद उभरती प्रौद्योगिकियों ने महत्व प्राप्त किया और जिन देशों ने इन पर एकाधिकार स्थापित किया, उन्होंने वैश्विक स्तर पर अपनी स्थिति मजबूत की। वर्तमान समय में पूरी दुनिया यह स्वीकार कर रही है कि एआई भविष्य की सबसे बड़ी शक्ति बनने जा रही है और इसके लिए सबसे पहली आवश्यकता सशक्त डाटा इंफ्रास्ट्रक्चर की है। इसी दृष्टि से प्रदेश सरकार ने डाटा सेंटर की स्थापना और डाटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का कार्यक्रम आगे बढ़ाया है। वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में डाटा सेंटर नहीं थे, लेकिन उसके बाद सरकार ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन को बताया शर्मनाक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में शुक्रवार को बजट सत्र के समापन पर सदन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत मंडपम में युवा कांग्रेस ने जो भी करने का प्रयास किया, उसकी जितनी निंदा की जाए कम है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान एक प्रदर्शनी हॉल में पहुंचकर अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर विरोध-प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए। योगी ने विधानसभा में कहा कि आपने देखा होगा कि एआई इम्पैक्ट समिट देश के अंदर हो रहा है और 20 से अधिक देशों के राष्ट्राध्यक्ष प्रधानमंत्री के साथ समिट में उपस्थित थे। दुनिया के 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि समिट में भाग ले रहे थे। जहां एक ओर पूरी दुनिया और पूरा देश भारत की तरफ देख रहा है, वहीं दूसरी तरफ भारत मंडपम में युवा कांग्रेस ने शर्मनाक कृत्य करने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरी दुनिया के अंदर इन्होंने भारत की छवि खराब करने का कुत्सित प्रयास किया है, इसकी हम निंदा करते हैं। यह बहुत शर्मनाक घटना है। कांग्रेस के लोगों द्वारा, कांग्रेस नेताओं द्वारा देश की कीमत पर ये लोग खिलवाड़ करना चाहते हैं। राजनीति होती है, आरोप प्रत्यारोप होते हैं।

# पीएम मोदी यूपी को देंगे दो बड़ी सौगात

## आज करेंगे पहली सेमीकंडक्टर यूनिट इंडिया चिप का शिलान्यास

लखनऊ। डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश को डबल रफ्तार से आगे बढ़ा रही है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार और रविवार को उत्तर प्रदेश को दो बड़ी सौगातें देंगे। शनिवार को प्रधानमंत्री वर्चुअली उत्तर भारत की पहली सेमीकंडक्टर यूनिट इंडिया चिप का शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे। रविवार को प्रधानमंत्री मेरठ में नमो भारत रैपिड रेल व मेट्रो को हरी झंडी दिखाएंगे। मेरठ के मोहिउद्दीनपुर रैली मैदान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी उनके साथ रहेंगे। उत्तर प्रदेश को देश के सेमीकंडक्टर केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में शनिवार को ऐतिहासिक कदम उठाया जाएगा, जब यीडा क्षेत्र में इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड के सेमीकंडक्टर संयंत्र का शिलान्यास होगा। यह संयुक्त उद्यम एचसीएल ग्रुप और फॉक्सकॉन टेक्नोलॉजी ग्रुप द्वारा स्थापित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसका वर्चुअली शिलान्यास करेंगे जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव परियोजना स्थल पर उपस्थित रहेंगे।

## जीरो पॉवर्टी की दिशा में सतत कार्य करना सरकार का लक्ष्य

लखनऊ। विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में युवा सशक्तिकरण, गरीबी उन्मूलन और औद्योगिक विकास को लेकर व्यापक और परिणामोन्मुखी कार्य किए गए हैं। प्रदेश हर क्षेत्र में मजबूती से आगे बढ़ा है। सरकार का लक्ष्य जीरो पॉवर्टी की दिशा में कार्य करना है। 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी की रेखा से ऊपर उठाना है। उन्होंने विपक्ष के प्रश्नों का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि कोई व्यक्ति गरीबी रेखा से ऊपर उठता है तो उसकी सुविधाएं बंद नहीं होंगी बल्कि वह आत्मनिर्भर और स्वावलंबी जीवन जी सके, यह सरकार का उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह हर उत्तर प्रदेशवासी के लिए गौरव की बात है कि लोग आत्मनिर्भर बन रहे हैं और यह डबल इंजन की सरकार के प्रयासों का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा कल्याण विभाग के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम पहले से संचालित थे, लेकिन उन्हें नई गति दी गई है। प्रदेश में 96,000 से अधिक युवक मंगल दल और महिला मंगल दल को स्पोर्ट्स किट उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि ग्रामीण लीग के मैच प्रारंभ हो चुके हैं।

## अदालतों और न्यायाधीशों का होगा सुरक्षा ऑडिट

देहरादून। उत्तराखंड उच्च न्यायालय सहित प्रदेश की अन्य अदालतों को बम से उड़ाने की मिल रही धमकियों के मद्देनज़र न्यायाधीशों और अदालतों की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक ऑडिट कराने सहित कई अन्य कदम उठाए जाएंगे। उत्तराखंड पुलिस मुख्यालय से सभी जिलों को बृहस्पतिवार देर रात निर्देश जारी करते हुए न्यायाधीशों, अदालतों एवं अदालत परिसरों की सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक सुरक्षा ऑडिट कराते हुए चिन्हित कमियों का त्वरित निराकरण करने को कहा गया है। निर्देश दिए गए हैं कि सभी अदालतों में हर सुबह कार्यवाही शुरू होने से पहले गहन खोजबीन एवं जांच की जाए। परिसरों में पर्याप्त संख्या में पुलिस और पीएसी कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरणों के साथ नियुक्त किया जाए तथा अदालतों के प्रवेश एवं निकास द्वारों पर पहचान पत्र के माध्यम से आनेजाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# आगामी बजट प्रदेश की जन अपेक्षाओं का बनेगा प्रतिबिम्ब

## विकास को अंतिम छोर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा : धामी

प्रमुख संवाददाता



पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड)। पौड़ी के रांसी स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में हुए व्यापक मंथन के बीच मुख्यमंत्री धामी ने घोषणा की कि आगामी वित्तीय वर्ष का बजट प्रदेश की जमीनी जरूरतों और जनअपेक्षाओं का प्रतिबिंब बनेगा। राज्य का बजट विकास को अंतिम छोर तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य का आगामी बजट केवल आय-व्यय का ब्योरा नहीं होगा, बल्कि विकसित उत्तराखण्ड के निर्माण का दूरदर्शी रोडमैप साबित होगा। सरकार का संकल्प है कि बजट निर्माण की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, सहभागी और जनोन्मुखी बनाया जाए, ताकि प्रत्येक वर्ग की आकांक्षाओं को नीतिगत स्वरूप दिया जा सके। कार्यक्रम में किसानों, महिला स्वयं सहायता समूहों, उद्यमियों, व्यापारियों, पर्यटन व्यवसायियों, मत्स्य पालकों, कृषि वैज्ञानिकों और स्थानीय निकाय प्रतिनिधियों सहित 200 से अधिक प्रतिभागियों ने सक्रिय भागीदारी की। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य की भौगोलिक परिस्थितियों और क्षेत्रीय विशेषताओं को ध्यान में रखते हुए ऐसा बजट तैयार किया जाएगा, जो सीमांत क्षेत्रों तक विकास का लाभ पहुंचाए। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को उद्यमी के रूप में विकसित करना, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं निवेश के अवसर बढ़ाना है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यटन, कृषि, उद्योग और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वित्त सचिव दिलीप जावलकर ने बताया कि संवाद का उद्देश्य बजट को जनभावनाओं और स्थानीय जरूरतों के अनुरूप दिशा देना है, ताकि सीमित संसाधनों का प्रभावी ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर — प्रधानमंत्री के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ व संस्थापकों ने विचार किये प्रस्तुत

# मजबूत डाटा गवर्नेंस की जरूरत पर पीएम मोदी का जोर

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एआई व डीपटेक स्टार्टअप के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ शुक्रवार को बैठक की और कृषि, पर्यावरण संरक्षण एवं मातृभाषा में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे क्षेत्रों में कृत्रिम मेधा (एआई) प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री के साथ आयोजित गोलमेज बैठक में 16 एआई एवं डीपटेक स्टार्टअप के सीईओ तथा संस्थापकों ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

प्रधानमंत्री कार्यालय के बयान के अनुसार, मोदी ने मजबूत डेटा गवर्नेंस की आवश्यकता पर जोर दिया, दुष्प्रचार के प्रति सावधान रहने को कहा और भारत की जरूरतों के अनुरूप समाधान विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस) को सरल एवं व्यापक डिजिटल नवाचार का उदाहरण बताते हुए भारतीय कंपनियों पर विश्वास जताया और घरेलू उत्पादों पर भरोसा करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी भागीदारी बढ़ाने की बात भी कही और भारतीय स्टार्टअप में निवेशकों की मजबूत रुचि का उल्लेख किया। कृषि व पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में एआई प्रौद्योगिकी के उपयोग पर चर्चा करते हुए उन्होंने फसल उत्पादकता और उर्वरक उपयोग की निगरानी के जरिये मिट्टी के स्वास्थ्य की रक्षा करने की संभावनाओं पर विचार साझा किए। भारतीय भाषाओं एवं संस्कृति के महत्व पर बल देते हुए मोदी ने मातृभाषा में उच्च शिक्षा के लिए एआई उपकरणों के विस्तार का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने नवप्रवर्तकों को साहसिक जोखिम उठाने और प्रभावशाली समाधान विकसित करने के लिए बधाई दी। बयान के अनुसार, स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई का उपयोग उन्नत डायग्नोस्टिक्स, जीन थेरेपी और रोगी रिकॉर्ड प्रबंधन को अधिक कुशल बनाने के लिए किया जा रहा है, ताकि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सकें। कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने एवं जलवायु जोखिम प्रबंधन के लिए भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) और अंडरवॉटर इंटेलिजेंस का उपयोग किया जा रहा है। बैठक में साइबर सुरक्षा, ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 37 लाख की जीएसटी चोरी, तीन गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

- फर्जी कंपनी बनाकर आरोपियों ने की धोखाधड़ी

लखनऊ। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) से बचने और सरकार को लगभग 37 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाने के लिए फर्जी बिजली बिल समेत जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके फर्जी कंपनी स्थापित करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक लखनऊ संभाग के आयकर उपायुक्त अशोक कुमार त्रिपाठी ने तीन नवंबर 2025 को एक शिकायत दी थी, जिसके बाद यह मामला महानगर पुलिस थाने में दर्ज किया गया था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने एक काल्पनिक कंपनी मेसर्स के एस एंटरप्राइजेज बनाई, जो कथित तौर पर महानगर पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत बी-96, तेज हाउस, भगवती चरण वर्मा मार्ग से संचालित हो रही थी। कंपनी ने लौह अपशिष्ट एवं स्क्रैप, रीमेल्टिंग स्क्रैप और लौहास्टील सिल्लियों के व्यापार के लिए जीएसटी पंजीकरण भी प्राप्त किया था। जांच के दौरान पता चला कि कंपनी का पंजीकरण फर्जी बिजली बिल और फर्जी पते पर कराया गया था। दिए गए पते पर मकान मालिक ने पुलिस को सूचित किया कि उसके परिसर में ऐसा कोई कार्यालय ...शेष पृष्ठ 14 पर

# बीबीडीयू में वाटरमैन ऑफ इंडिया डॉ. राजेंद्र सिंह का प्रेरक व्याख्यान







वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- **30 से अधिक नदियों का पुनर्जीवन, 1000 से अधिक गांवों को जल मुक्त से जल युक्त बनाने की कहानी से युवाओं को किया प्रेरित**

**लखनऊ।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय (बीबीडीयू), लखनऊ के स्कूल ऑफ बेसिक साइंस द्वारा विश्वविद्यालय के डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में एक भव्य एवं प्रेरणादायी अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वाटरमैन ऑफ इंडिया के नाम से विख्यात, प्रख्यात पर्यावरणविद् एवं तरुण भारत संघ के संस्थापक डॉ. राजेंद्र सिंह रहे, जो वर्ष 2001 के रैमन मैग्सेसे पुरस्कार तथा वर्ष 2015 के स्टॉकहोम वाटर अवॉर्ड के प्राप्तकर्ता हैं। यह आयोजन विश्वविद्यालय की चांसलर श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा एवं दूरदर्शी नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मुख्य विषय था जल युद्ध मुक्त बेहतर विश्व के लिए आज अनुकूलन और शमन।

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। स्वागत भाषण में स्कूल ऑफ बेसिक साइंस के डीन डॉ. एस. अहमद अली ने मुख्य अतिथि का परिचय देते हुए कहा कि डॉ. राजेंद्र सिंह का जीवन जल संरक्षण की एक प्रेरक यात्रा है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि रैमन मैग्सेसे पुरस्कार (2001) एवं स्टॉकहोम वाटर अवॉर्ड (2015) जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से अलंकृत यह व्यक्तित्व युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। अपने व्याख्यान में डॉ. राजेंद्र सिंह ने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार उन्होंने स्थानीय समुदायों की सहभागिता से 30 से अधिक नदियों का पुनर्जीवन किया, अनेक छोटे-बड़े बांधों एवं जल संरचनाओं का निर्माण कराया और सूखी-बंजर भूमि को पुनः उपजाऊ बनाया। उन्होंने बताया कि सामुदायिक भागीदारी से 1000 से अधिक गांवों को जल मुक्त से जल युक्त बनाया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि जल ही जीवन है और आने वाला समय जल सुरक्षा पर निर्भर करेगा। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि एक छोटा प्रयास भी बड़े परिवर्तन का आधार बन सकता है। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपने स्तर पर जल संरक्षण की छोटी-छोटी पहल करे, तो व्यापक सामाजिक एवं पर्यावरणीय परिवर्तन संभव है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दें तथा अनुकूलन एवं शमन की तकनीकों को अपनाकर प्रकृति के साथ संतुलन स्थापित करें। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. के. श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. राजेंद्र सिंह द्वारा प्रस्तुत छोटा प्रयास, बड़ा परिवर्तन की अवधारणा आज सभागार में उपस्थित प्रत्येक छात्र के लिए एक महत्वपूर्ण सीख है। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण विभिन्न शैक्षणिक अनुशासनों में एक प्रभावी केस स्टडी के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए, ताकि विद्यार्थी सिद्धांत और व्यवहार के समन्वय को समझ सकें।

प्रो-वाइस चांसलर डॉ. एस. सी. शर्मा ने भी ऐसे आयोजन को छात्रों में सामाजिक एवं पर्यावरणीय चेतना जागृत करने वाला बताया। व्याख्यान अत्यंत प्रेरणादायी, ज्ञानवर्धक एवं ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और जल संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. पी. के. सिंह, प्रोफेसर, पर्यावरण विज्ञान, स्कूल ऑफ बेसिक साइंस ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए आय सीमा बढ़कर हुई ढाई लाख

## वृद्धावस्था, दिव्यांगजन और निराश्रित महिला पेंशन योजना में बढ़ोतरी की घोषणा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएम योगी ने कहा कि पूर्वदशम-दशमोत्तर छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए अब तक आय सीमा दो लाख रुपये थी। इसे बढ़ाकर 2.50 लाख कर रहे हैं। अनुसूचित जाति और जनजाति के बच्चों के लिए सर्वोदय विद्यालय स्थापना और चार विद्यालय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित हों, इसके लिए भी धनराशि की व्यवस्था इस कार्यक्रम के साथ जोड़ी है। सीएम ने सामाजिक सुरक्षा के मुद्दों पर भी सदन में अपना वक्तव्य रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन और निराश्रित महिला पेंशन योजना से 1.6 करोड़ लाभार्थी लाभान्वित होते हैं। हम इन्हें 12,000 रुपये दे रहे हैं। इस राशि की बढ़ोतरी के लिए धनराशि की व्यवस्था बजट में की है। यह पैसा डीटीबी के माध्यम से अकाउंट में जाता है। अब बीच में कोई रुकावट नहीं होती है। सीएम योगी ने मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में बेटी के जन्म से लेकर और उसके शादी योग्य होने तक 25,000 रुपये का पैकेज दे रहे हैं। इससे 26 लाख बेटियां लाभान्वित हो रही हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पहले चरण में 31000 रुपये, बाद में 51000 रुपये और अब यह राशि बढ़ाकर एक लाख रुपये की गई। इसके लिए पहले जो वार्षिक आय एक लाख रुपये थी, उसे बढ़ाकर तीन लाख रुपये किया गया। परिवार का कोई भी व्यक्ति रजिस्ट्रेशन कराए और योजना का लाभ उठाए। ओबीसी छात्रों के कंप्यूटर ट्रेनिंग के लिए भी धनराशि की व्यवस्था की है।



### जी राम जी योजना में रोजगार की गारंटी काम न देने पर मिलेगा बेरोजगारी भत्ता

बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कृषि बजट पर विस्तार से अपनी बात रखी थी और कृषि मंत्री ने भी इस विषय पर व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि कृषि मंत्री जी की तरह ही हमारा किसान भी स्वस्थ और पुष्ट रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले 100 दिन के रोजगार का प्रावधान था, लेकिन वह अनिवार्य नहीं था। यदि कोई व्यक्ति रोजगार मांगता भी था तो उसे समय पर काम नहीं मिलता था और न ही समय पर मानदेय मिलता था। यदि 100 दिन का रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया, तो कोई भत्ता देने की बाध्यता भी नहीं थी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि अब योजना को अधिक प्रभावी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब 100 दिन के स्थान पर 125 दिन का रोजगार सुनिश्चित किया गया है। यदि खेती-बाड़ी का समय नहीं है और गांव का कोई व्यक्ति रोजगार की मांग करता है, तो ग्राम प्रधान को उसे काम देना अनिवार्य होगा। यदि रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो बेरोजगारी भत्ता देना भी सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस शासन में मनरेगा जिस स्वरूप में लागू की गई थी, वह व्यावहारिक नहीं थी। गड्ढा खोदो और फिर पाट दो जैसी स्थिति बन गई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब यह योजना बन रही थी, तब उन्होंने सांसद के रूप में समिति में प्रश्न उठाया था कि यह किस प्रकार की व्यवस्था है।

### 8000 न्याय पंचायतों में करेंगे डिजिटल उद्यमी का चयन : सीएम योगी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट 2026-27 में चर्चा पर भाग लेते हुए बड़ी घोषणा की। उन्होंने डिजिटल इंटरप्रेन्योर योजना का जिक्र किया और बोले-हम लोग 8000 न्याय पंचायतों में डिजिटल उद्यमी का चयन करेंगे। इन उद्यमियों में 50 फीसदी महिलाएं होंगी, जो उसी न्याय पंचायत की बेटी-बहू होंगी। इन्हें 10 लाख रुपये का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इसकी व्यवस्था बजट में है। गाँव के अंदर वे सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाएंगे, जिससे गाँव अब तक वंचित था। सीएम ने कहा कि ह्यऑप्टिकल फाइबर की फैसिलिटीह्ण की बात हो या फिर उसके माध्यम से गांव के बहुत सारे ऐसे प्रोडक्ट, जिन्हें अन्य जगह पहुंचाने या ऑनलाइन ट्रेडिंग की जरूरत है, हम उन्हें सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। सीएम योगी ने यूनियन बजट में घोषित शी मार्ट योजना की तर्ज पर मातृशक्ति को समर्पित नई स्कीम महिला उद्यमी उत्पाद विपणन केंद्र की घोषणा की। कहा कि यूपी में लगभग एक करोड़ महिलाएं सेल्फ हेल्प ग्रुप से जुड़ी हैं। इनके जरिए तैयार किए गए उत्पादों को अभी तक केंद्र मिल पाना कठिन होता था। हम इसे न्याय पंचायत के साथ जोड़ने जा रहे हैं। इसमें 100 फीसदी महिलाएं होंगी और इसके लिए 100 करोड़ की व्यवस्था की गई है। न्याय पंचायत स्तर पर उनके लिए शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तैयार करेंगे। महिला सेल्फ हेल्प ग्रुप द्वारा जो भी उत्पाद बनाया जाएगा, उसकी बिक्री की व्यवस्था होगी। यह सब डिजिटल इंटरप्रेन्योर योजना के साथ जुड़ेगा। सरकार एक करोड़ महिलाओं को जोड़ने व आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य करेगी। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) व शिशु मृत्यु दर (एसएमआर) का रेशियो काफी खराब रहा है। 2017 में हम लोग आए थे तो स्थिति काफी खराब थी।

# एसजीपीजीआई में बनेगा देश का पहला क्वार्टरनरी केयर सेंटर

## डिजिटल, सुलभ और किफायती स्वास्थ्य मॉडल की ओर बढ़ रहा यूपी

- **अयोध्या धाम में 500 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा**

**लखनऊ।** विधानसभा में स्वास्थ्य क्षेत्र पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश का स्वास्थ्य तंत्र डिजिटल, सुगम, सुलभ और किफायती मॉडल की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने विपक्ष के नेता को संबोधित करते हुए कहा कि वे हाल ही में उनके क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर चुके हैं और वहां के लोग कार्य से संतुष्ट हैं। मुख्यमंत्री ने सदन में महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआई), लखनऊ में एक क्वार्टरनरी केयर हेल्थ सेंटर स्थापित किया जाएगा। इसके लिए पहले चरण में 859 करोड़ रुपये उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनमें 359 करोड़ रुपये निर्माण कार्य के लिए और 500 करोड़ रुपये अत्याधुनिक उपकरणों के लिए होंगे। उन्होंने कहा कि यह भारत का पहला ऐसा सुपर स्पेशलिटी और अनुसंधान आधारित अत्याधुनिक केंद्र होगा, जो भविष्य की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर अच्छे कार्य को और बेहतर बनाने का प्रयास जारी है, लेकिन अब तक जो काम हुए हैं, उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है। यूनिफाइड डिजीज सर्विलांस की स्थापना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का क्रियान्वयन, ई-संजीवनी, टेलीमेडिसिन, टेलीरेडियोलॉजी और डिजिटल हेल्थ सेवाओं को व्यापक रूप से लागू किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को सुदृढ़ किया गया है। उन्होंने उल्लेख किया कि 2016 में भारत सरकार ने एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंस उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया था, जिसे तत्कालीन सरकार ने स्वीकार नहीं किया। वर्तमान सरकार ने न केवल 150 एंबुलेंस स्वीकार कीं, बल्कि अतिरिक्त 150 की मांग भी की। आज स्थिति यह है कि प्रत्येक जिले में 5 से 7-8 एडवांस सपोर्ट एंबुलेंस उपलब्ध हैं, जिससे दुर्घटना या हार्ट अटैक जैसी स्थिति में गोल्डन आवर के भीतर प्रशिक्षित मैनपावर के साथ मरीज को तत्काल उपचार मिल सके। उन्होंने बताया कि 4,600 नई 108 और 102 एंबुलेंस सेवाओं को जोड़ा गया है और इसके लिए बजट में धनराशि की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि लगभग 100 अस्पतालों में सीटी स्कैन और एमआरआई जैसी सुविधाओं का विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि एएनएम से लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों तक, स्वास्थ्य और मेडिकल एजुकेशन विभाग में 75,000 से अधिक नियुक्तियां की गई हैं, जो प्रदेश के स्वास्थ्य तंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अयोध्या धाम में 500 बेड का अस्पताल बनाया जाएगा, जिसमें ट्रॉमा और सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके लिए बजट में अलग से धनराशि की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा 27 मेडिकल कॉलेजों में छात्रावास निर्माण और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए भी बजट प्रावधान किया गया है। ट्रॉमा सेंटर के लेवल-2 उन्नयन के लिए भी धनराशि उपलब्ध कराई गई है।

# आपको शिवपाल जी का श्राप न लगे नेता प्रतिपक्ष पर सीएम का कटाक्ष

विशेष संवाददाता (vol)

- **माता प्रसाद पांडे पर योगी का तंज, कभी-कभी संगत का प्रभाव होता है**
- **बोले- लगता है चच्चू का प्रभाव भी आप पर आ गया है**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे पर कटाक्ष किया। उन्होंने कुछ मुद्दों पर उनके वक्तव्य को लेकर चुटीले अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया भी दी। मुख्यमंत्री ने सदन में कहा कि माता प्रसाद पांडेय की सहजता और सरलता सभी को प्रभावित करती है। उन्होंने कहा कि वे स्वस्थ रहें और दीर्घजीवी हों, यह उनकी व्यक्तिगत कामना है। इसी क्रम में उन्होंने विनोदपूर्ण अंदाज में कहा कि शिवपाल जी का श्राप उन पर न लगे, इस टिप्पणी पर सदन में हल्की मुस्कान और ठहाके भी सुनाई दिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि माता प्रसाद पांडेय उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने समाजवादी आंदोलन को निकट से देखा और जिया है। उन्होंने संकेत दिया कि जेपी और लोहिया की विचारधारा से प्रभावित उस पीढ़ी का अनुभव सदन के लिए महत्वपूर्ण है। हालांकि, इसके बाद की पीढ़ी ने उस भावना को पीछे छोड़ दिया और प्रदेश की स्थिति को बिगाड़ने का काम किया।

बजट और राजकोषीय घाटे के संदर्भ में जब माता प्रसाद पांडेय ने सरकार की वित्तीय स्थिति पर प्रश्न उठाया, तो मुख्यमंत्री ने हल्के व्यंग्य में कहा कि आपने कह दिया कि राजकोषीय घाटा इतना अधिक है।

लगता है चच्चू का प्रभाव भी आप पर आ गया है। मुख्यमंत्री का आशय यह था कि विपक्ष की ओर से प्रस्तुत आंकड़े अतिशयोक्तिपूर्ण प्रतीत होते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि तथ्यों और आंकड़ों की सटीकता आवश्यक है, अन्यथा भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# कृषि विवि और विभागीय कार्यों के लिए मिली वित्तीय स्वीकृति

विशेष संवाददाता (vol)

- **अयोध्या, बांदा और कानपुर में स्पेशलाइज्ड सीड स्टोरेज यूनिट एवं सीड हब के निर्माण के लिए धनराशि जारी**
- **प्रदेश के किसानों को आधुनिक सुविधाओं और उन्नत बीजों के माध्यम से प्राप्त होंगे दूरगामी लाभ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में कृषि अनुसंधान, बुनियादी ढांचे के विकास और विभागीय सुदृढ़ीकरण के लिए वित्तीय स्वीकृतियां प्रदान की हैं। इन स्वीकृतियों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों में बीज भंडारण की आधुनिक सुविधाएं विकसित करना और कृषि विभाग के प्रशासनिक कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाना है। इस निर्णय से राज्य के कृषि क्षेत्र में तकनीक और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

प्रमुख स्वीकृतियों के अंतर्गत आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) के साथ-साथ बांदा और कानपुर के कृषि विश्वविद्यालयों में स्पेशलाइज्ड सीड स्टोरेज यूनिट एवं सीड हब के निर्माण के लिए पूंजीगत मद में लगभग 4.68 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है।



इसके अतिरिक्त, वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत निदेशालय एवं प्रशासन मद में फर्नीचर, कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और अन्य आवश्यक उपकरणों के क्रय के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कुल 5.00 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति दी गई है।

साथ ही, नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एण्ड टेक्नोलॉजी के तहत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (एसएमएई) योजना के लिए केन्द्रांश एवं राज्यांश को मिलाकर लगभग 0.25 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें उत्तम कोटि के बीज उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन विशेष बीज हब के निर्माण और विभागीय आधुनिकीकरण के लिए जारी की गई धनराशि के सदुपयोग से उत्तर प्रदेश के किसानों को कई दूरगामी लाभ प्राप्त होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वीकृत धनराशि का उपयोग गुणवत्तापूर्ण तरीके से और निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित किया जाए ताकि इसका सीधा लाभ धरातल पर किसानों को मिल सके।

# उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने मानदेय वृद्धि की घोषणा पर मुख्यमंत्री का जताया आभार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विधानसभा में शिक्षामित्रों के मानदेय को 1 अप्रैल से 10000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये करने की घोषणा का उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने स्वागत किया है।

इस निर्णय से प्रदेश के 1.43 लाख शिक्षामित्र परिवारों में हर्ष की लहर है। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार शुक्ला एवं संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह सहित समस्त पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस वृद्धि से शिक्षामित्रों के जीवन स्तर में सुधार आएगा और वे अधिक मनोयोग से शिक्षण कार्य कर सकेंगे। शिक्षामित्र संघ ने विश्वास जताया है कि



सरकार भविष्य में भी शिक्षामित्रों की अन्य समस्याओं का न्यायोचित समाधान करेगी। बता दें कि इससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लम्बे से मानदेय वृद्धि की मांग को पूरा किया। इससे पूर्व उन्होंने कैशलेस इलाज का उपहार भी शिक्षामित्रों को दिया था। साथ ही तबादला नीति को भी हरी झंडी दी जा चुकी है।

# मंत्री कपिल देव ने शुरू की राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

विशेष संवाददाता (vol)



- **पहली बार व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग द्वारा राज्य स्तरीय खेल का आयोजन**
- **प्रदेशभर से 579 प्रतिभागियों की तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 13 खेलों में प्रतिभा का प्रदर्शन**

**लखनऊ।** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के अधीन प्रशिक्षण निदेशालय के निर्देशन में शुक्रवार से तीन दिवसीय आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 का शुभारंभ शुक्रवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में दीप प्रज्वलन, ध्वजारोहण, मार्च पास्ट की सलामी और प्रतिभागियों के शपथ ग्रहण के साथ प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन हुआ।

इस अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने कहा कि विभाग का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण के साथ युवाओं को खेलों से जोड़कर उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में आईटीआई संस्थानों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थी शारीरिक रूप से सशक्त और मानसिक रूप से आत्मविश्वासी बन सकें। उन्होंने कहा कि खेल न केवल फिटनेस का माध्यम हैं बल्कि जीवन में अनुशासन, प्रतिस्पर्धा और आत्मबल का विकास भी करते हैं।

मंत्री ने प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीत और हार दोनों ही जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन निरंतर प्रयास ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने विशेष रूप से बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि योग्यता और आत्मविश्वास के साथ कोई भी बाधा उन्हें आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने बताया कि विभाग द्वारा पहली बार इस प्रकार की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य युवाओं के व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना है। यह प्रतियोगिता जनपद एवं मंडल स्तर की चयन प्रक्रिया के बाद राज्य स्तर पर आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेश के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से कुल 579 प्रतिभागियों (271 महिला एवं 308 पुरुष) ने स्थान बनाया है।

प्रशिक्षण निदेशक अभिषेक सिंह के अनुसार महिलाओं की प्रतियोगिताएं 20 फरवरी तथा पुरुष वर्ग की प्रतियोगिताएं 21 फरवरी को आयोजित होंगी, जबकि शेष प्रतियोगिताएं 22 फरवरी को सम्पन्न कराई जाएंगी। प्रतिभागियों के ठहरने, भोजन और आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। प्रतियोगिता में 100, 200 एवं 400 मीटर दौड़, रिले, लंबी व ऊंची कूद, शॉटपुट, बैडमिंटन, कबड्डी, वॉलीबॉल, रस्साकशी तथा खो-खो सहित कुल 13 खेल शामिल हैं।

# 15 मई तक तैयार हो जाये हर विभाग की कार्ययोजना

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ ने सदन की सुचारू कार्यवाही के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत पक्ष-विपक्ष के सभी सदस्यों का भी आभार जताया। विपक्षी सदस्यों से कहा कि अच्छे सुझाव हम नोट करते हैं और फिर उसे क्रियान्वित भी करते हैं। प्रदेश के व्यापक हित और विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश बनाने और वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य में यह बजट मील का पत्थर साबित होगा। सीएम ने कहा कि इस बार चार विभागों ने अपनी कार्ययोजना को सदन में अनुदान की मांगों के माध्यम से प्रस्तुत किया। हमारा प्रयास होगा कि हर विभाग की कार्य योजना 15 मई तक तैयार हो जाए। सीएम ने सदस्यों से कहा कि क्षेत्र-जनपद की अलग-अलग विभागों से जुड़ी हुई मांगें अभी से क्रिएट करनी चाहिए, जिससे समय पर पैसा स्वीकृत-जारी हो सके और उसका बेहतर क्रियान्वयन हो सके।

# भाजपा सरकार निवेश का झूठा दावा कर रही : अखिलेश

## फतेहपुर में एक दिवसीय दौरे के दौरान सपा अध्यक्ष ने सरकार पर साधा निशाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश में निवेश का झूठा दावा कर रही है। अगर निवेश आता होता तो जमीन पर नौकरी रोजगार दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि आंकड़ों में भी कहीं नौकरी रोजगार नहीं दिखाई दे रहा है जबकि आंकड़ें बता रहे है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था खराब है। महिलाओं के साथ सबसे ज्यादा अपराध की घटनाएं यूपी में हो रही है। सबसे ज्यादा बेरोजगार उत्तर प्रदेश में है। सबसे ज्यादा साइबर अपराध यूपी में हो रहा है। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में भूमाफिया, कोडीन माफिया, नकल माफिया समेत कई तरह के माफिया पैदा किये है। भाजपा के नेता जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा जमीन माफियाओं को संरक्षण दे रही है।

फतेहपुर में शुक्रवार को एक दिवसीय दौरे के दौरान मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जब से पौराणिक परम्पराओं को माना जा रहा है, तबसे आज तक शंकराचार्य जी पर कोई आरोप नहीं लगा पाया और न किसी ने धार्मिक कार्यों से रोका। नकली सनातनियों ने प्रयागराज माघ मेले में पूज्य शंकराचार्य को अपमानित किया। गंगा जी में स्नान से रोका।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री शंकराचार्य जी को न्याय नहीं दिला रहे हैं। शंकराचार्य जी का सम्मान नहीं बचाया। दो उपमुख्यमंत्रियों को विधानसभा में मुख्यमंत्री से शंकराचार्य जी के अपमान पर सवाल पूछना चाहिए था। अखिलेश यादव ने किसानों, नौजवानों और प्रदेश की जनता से अपील की है कि भाजपा को हटाओ, नहीं तो यह सरकार गेहूं, चावल, दाल, दूध सब कुछ अमेरिका से ले आयेगी। यहां का किसान बर्बाद हो जाएगा। भाजपा सरकार ने बिजली मंहगी कर दी। खुद एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ाया। बिजली के मीटरों में बड़े पैमाने पर घपलेबाजी है। मीटर तेज चलता है, बिल ज्यादा आता है। उन्होंने कहा कि भाजपा जेन जी से घबराई हुई है। नेपाल, बांग्लादेश और अन्य देशों में नौजवानों ने अपने सवालों को लेकर जिस तरह से आवाज उठायी, उससे भाजपा घबराई है। भाजपा जनता को परेशान करने के लिए उलझाये रखना चाहती है। जनता के मुद्दे न उठे उसके लिए हर तरह का प्रयास करती है। उसी कड़ी में एसआईआर लाया गया है। एसआईआर से वोट नहीं जोड़ा जा रहा है, वोट काटा जा रहा है। फतेहपुर जाते समय रायबरेली में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में हमारे बटुकों का अपमान हुआ है। जिन्होंने बटुकों के साथ दुव्यर्वहार किया है उन्हें पाप लगेगा। वे पापी कहलाएंगे। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर समाज को अपमानित कर रही है।

संक्षेप

## मवेशी के विवाद में हुई मारपीट, केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** मवेशी के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थानान्तर्गत बहलोलपुर गांव की रोली सरोज पुत्री स्व. संतलाल सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती उन्नीस फरवरी को दोपहर करीब एक बजे मवेशी के विवाद को लेकर गांव के सोहित पुत्र केशलाल ने अपने भाई मोहित, विवेक पुत्र रामशिरोमणि, पिंकू पुत्र सुक्खू के साथ मिलकर पीड़िता व उसकी बहन मनीषा तथा सेजल व काजल पुत्रीगण रामरूप को मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आदित्य सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## रंजिश में हुई मारपीट आरोपियों पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के अर्जुनपुर रानीगंज कैथौला निवासी रामप्रसाद सरोज पुत्र लक्ष्मण सरोज ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती अट्ठारह फरवरी की शाम करीब पांच बजे तालाब में बैठे बतख को मारने से मना करने के विवाद में गांव के रामकिशोर ने अपने पुत्र राजेश व नरेन्द्र तथा बहू उर्मिला के साथ मिलकर मारपीट किया। घटना में पीड़ित के भतीजे अर्जुन पुत्र जीतलाल, जीतेश पुत्र महेश व प्रवेश पुत्र रामखेलावन को लहूलुहान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को कोर्ट ने जेल भेजा

**सिद्धार्थनगर।** पथरा बाजार थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक वांछित आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पथरा बाजार थाना में दर्ज एक मामले में ध्रुव चंद चौधरी पुत्र संतराम चौधरी, निवासी डडवा भैया, पथरा बाजार, हत्या के प्रयास सहित अन्य गंभीर धाराओं में वांछित चल रहा था। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था और पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पथरा बाजार थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वांछित आरोपी पथरा बाजार स्थित पावर हाउस के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस टीम की सतर्कता के चलते वह सफल नहीं हो सका। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने लाया, जहां आवश्यक पूछताछ की गई। इसके बाद संबंधित धाराओं में आगे की कार्रवाई पूरी करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। आरोपी ध्रुव चंद चौधरी के खिलाफ हत्या के प्रयास, मारपीट और अन्य गंभीर आरोपों में मुकदमा दर्ज है। वह घटना के बाद से ही पुलिस की पकड़ से बाहर था। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, उपनिरीक्षक मलखा प्रसाद, कांस्टेबल शुभम वर्मा और कांस्टेबल पंकज सिंह शामिल रहे। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# बहन की गला दबाकर हत्या, भाई गिरफ्तार

**संभल।** जिले में दूसरे समुदाय के युवक से प्यार करने पर एक युवक ने अपनी ही बहन की कथित रूप से गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी ने पुलिस को सूचना देकर अपना जुर्म कबूल कर लिया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया बृहस्पतिवार देर रात पुलिस को जाने आलम (25) नाम के युवक ने सूचना दी कि उसने अपनी बहन रूप जहां (21) की हत्या कर दी है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मामले की जांच में पता चला कि रूप जहां का किसी लड़के से प्रेम सम्बन्ध था, जिस कारण उसके भाई ने गला दबा कर उसकी हत्या कर दी।वहीं मृतका के पिता ने कहाउसके बेटे जाने आलम ने ही उनकी बेटी की हत्या की है। रूप जहां दूसरे समुदाय के एक लड़के शिवम सैनी से प्रेम करती थी और उससे शादी करना चाहती थी। मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## ट्रांसजेंडर हत्याकांड में 3 गिरफ्तार

**बलिया।** जिले में 65 वर्षीय एक ट्रांसजेंडर की हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जिस ट्रांसजेंडर की हत्या हुई, वह बिहार का रहने वाला था। बैरिया क्षेत्र के एसपी मो. फहीम कुरैशी ने बताया कि पुलिस ने रेखा की हत्या के आरोप में तीन आरोपियों विजय कुमार गुप्ता, मोना कुमारी और रीता देवी को गिरफ्तार किया। बिहार के छपरा जिले की रेखा का खून से लथपथ शव बृहस्पतिवार को विजय कुमार गुप्ता के घर की छत पर मिला था। रेखा मंगलवार से लापता थी। पुलिस के मुताबिक, रेखा के साथियों ने उसकी तलाश की लेकिन जब उसका पता नहीं चला तो उन्होंने बैरिया थाना में मंगलवार को ही गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया। रेखा रानीगंज कस्बे में किराए के एक मकान में रहती थी। पुलिस ने बताया इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के आधार पर रेखा को अंतिम बार विजय के घर में जाते हुए देखा गया था।

## टेम्पो-मैजिक की भिड़ंत, बुजुर्ग की मौत, महिला का इलाज जारी

**सिद्धार्थनगर।** कोतवाली सदर क्षेत्र में गुरुवार शाम टेम्पो और मैजिक वाहन की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में टेम्पो सवार एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का इलाज मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में जारी है। यह घटना बैजनाथ स्थान के पास हुई। पुलिस के अनुसार, बर्डपुर से नौगढ़ की ओर आ रहे एक टेम्पो में लगभग छह लोग सवार थे। बैजनाथ स्थान के पास पहुंचने पर टेम्पो की सामने से आ रही मैजिक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर के कारण टेम्पो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। इस हादसे में कोतवाली सदर क्षेत्र के कोडाला ग्रांट निवासी 84 वर्षीय हाजी अब्दुल मन्नान की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई। 50 वर्षीय पूर्णिमा पांडेय गंभीर रूप से घायल हो गईं, जिन्हें एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थनगर में भर्ती कराया गया है। उनका इलाज जारी है। 24 वर्षीय अखिलेश्वर पांडेय भी घायल हुए थे, जिनकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली सदर पुलिस मौके पर पहुंची और राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मैजिक चालक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को भी पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# मेगा क्रेडिट कैंप में युवाओं को ऋण वितरित



**श्रावस्ती।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद की उपस्थिति में मेगा क्रेडिट कैंप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं अन्य स्वरोजगारपरक योजनाओं के अंतर्गत चयनित युवक एवं युवतियों को स्वीकृत ऋण की धनराशि के डेमो चेक वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं के माध्यम से वित्तीय सहायता उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान विशेष रूप से उन युवाओं के लिए है, जो अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह ऋण न केवल युवाओं की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करेगा, बल्कि उनके परिवार की सामाजिक और आर्थिक उन्नति का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने लाभार्थियों से प्राप्त ऋण का सदुपयोग करते हुए समयबद्ध रूप से व्यवसाय स्थापित करने तथा अन्य युवाओं को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रवीण यादव, अग्रणी बैंक प्रबंधक जुगुल किशोर, डीडीएम नाबार्ड, उपायुक्त उद्योग सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद मामले की अगली सुनवाई 12 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह मस्जिद विवाद में मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर संशोधन याचिका पर अगली सुनवाई की तारीख 12 मार्च तय की। मुगल सम्राट औरंगजेब के समय की शाही ईदगाह मस्जिद को लेकर यह विवाद है। इस मस्जिद के बारे में हिंदुओं के एक वर्ग का दावा है कि इसे भगवान कृष्ण के जन्मस्थान पर एक मंदिर को ध्वस्त करके बनाया गया था। शुक्रवार को जब मामले की सुनवाई हुई, तो मुस्लिम पक्ष की वकील तसनीम अहमदी ने अदालत को बताया कि उनके द्वारा दायर की गई संशोधन याचिका को स्वीकार कर लिया गया है लेकिन अदालत को संशोधन याचिका को स्वीकार करने वाला ऐसा कोई आदेश रिकॉर्ड में नहीं मिला, जिसके बाद उन्होंने समय देने का अनुरोध किया। न्यायमूर्ति अवनीश सक्सेना ने अगली सुनवाई की तारीख 12 मार्च तय की। यह विवाद शाही ईदगाह मस्जिद को हटाए जाने के बाद भूमि पर कब्जे और मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए हिंदू पक्ष द्वारा दायर 18 मुकदमों से संबंधित है। हाईकोर्ट ने एक अगस्त, 2024 को हिंदू श्रद्धालुओं के मुकदमों की वैधता को चुनौती देने वाली मुस्लिम पक्ष की याचिकाओं को खारिज कर दिया था। अदालत ने इस आदेश में यह कहा था कि ये केस परिसीमा अधिनियम, वक्फ अधिनियम और पूजा स्थल अधिनियम, 1991 के तहत वर्जित नहीं हैं।

## डीजे पर डांस को लेकर हुई मारपीट का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** बारात में डीजे पर डांस को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के कटरिया गांव निवासी सुनील कुमार प्रजापति पुत्र रामदुलारे ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि वह गुरूवार को अपने भाई अनिल के साथ अपने रिश्तेदार जयलाल प्रजापति निवासी किशुनगढ़ के यहां वैवाहिक कार्यक्रम में गया था। सांगीपुर थाना के मुरैनी गांव से अनिकेत प्रजापति पुत्र रामजश की बारात आयी थी। आरोप है कि द्वारपूजा के दौरान डीजे पर चल रहे गीतों के बीच डांस को लेकर आरोपियों सुनील पुत्र शीतला प्रसाद, धर्मेन्द्र निवासीगण कल्यानपुर व दिनेश प्रजापति निवासी गदियान ने एक राय होकर पीड़ित तथा उसके भाई व रिश्तेदार को मारापीटा तथा जानलेवा धमकी दी।

## एल्डर कमेटी की बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर हुआ मंथन

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ की एल्डर कमेटी की शुक्रवार को हुई बैठक में मतदाता सूची की नियमावली को लेकर मंथन हुआ। एल्डर कमेटी ने निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर संघ की कार्यकारिणी से परामर्श मांगा है। सभागार में हुई बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र व संचालन पूर्व अध्यक्ष राममोहन सिंह ने किया। बैठक में नये सिरे से मतदाता सूची के पुनरीक्षण व विभिन्न पदों पर अर्हताओं को लेकर विचार विमर्श किया गया। वहीं एल्डर कमेटी ने निर्वाचन से जुड़े बिन्दुओं पर वर्तमान कार्यकारिणी को पत्र लिखकर परामर्श मांगा है। कमेटी ने मार्च के द्वितीय सप्ताह में बैठक के जरिये इन बिन्दुओं पर सर्कुलर जारी करने का निर्णय भी लिया है। बैठक में टीपी यादव, केबी सिंह, शिवाकान्त उपाध्याय, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, वीरेन्द्र सिंह, कालिका प्रसाद पाण्डेय, रामलगन यादव, बेनी लाल शुक्ला, संदीप सिंह व मौजूदा अध्यक्ष अनिल तिवारी महेश मौजूद रहे।

## अपहरण के फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** अपहरण के फरार चल रहे आरोपी को थाना शिव नगर डिड़ई पुलिस ने गिरफ्तार किया है, बांसी सीओ सर्किल अन्तर्गत के शिवनगर डिडई थाना क्षेत्र में अपहरण के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गत शुक्रवार को थाना क्षेत्र के गजहड़ा के पास घेराबंदी कर आरोपी को दबोचा गया। इस गिरफ्तारी को एक अहम कड़ी माना जा रहा है , जिससे घटना से जुड़े कई राज खुलने की उम्मीद है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान नितीश कुमार उर्फ भोकू के रूप में हुई है, जो देवानंद का पुत्र और ग्राम पिपरा दोयम, थाना शिवनगर डिडई का निवासी है। पुलिस के अनुसार, आरोपी घटना के बाद से लगातार फरार था और उसकी तलाश में पुलिस टीम सक्रिय रूप से जुटी हुई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना और लगातार निगरानी के आधार पर आरोपी को पकड़ा। सूत्रों के मुताबिक, नितीश कुमार पर एक व्यक्ति के अपहरण में शामिल होने का आरोप है। घटना के बाद से ही पुलिस पर आरोपी की गिरफ्तारी का दबाव था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी से गहन पूछताछ शुरू कर दी है। उम्मीद है कि इस पूछताछ से घटना की पूरी साजिश, इसमें शामिल सहयोगियों और अपहरण के पीछे की वास्तविक वजह का खुलासा हो सकेगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी से पूछताछ में कई अहम सुराग मिलने की संभावना है। यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने इस घटना को अकेले अंजाम दिया था या उसके साथ अन्य लोग भी शामिल थे। आवश्यकता पड़ने पर अन्य संदिग्धों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक संजय राय और आरक्षी जनीश अहमद की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने आरोपी की गिरफ्तारी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर भरोसा बढ़ा है। अब सभी की नजरें पुलिस पूछताछ के नतीजों और इस मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों के खुलासे पर टिकी हैं।

# 25 हजार के इनामी दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे 25 हजार रुपये के इनामी आरोपी अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से पुलिस की पकड़ से दूर था और उसकी तलाश में लगातार दबिश दी जा रही थी। शुक्रवार को मोहाना थाना पुलिस ने शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के खुनुवा बाजार के पास से आरोपी मोहम्मद ताज पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी मधुबनी टोला जनकनगर, थाना मोहाना को पकड़ा। आरोपी पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म का गंभीर आरोप है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

यह मामला मोहाना थाना क्षेत्र का है, जहां आरोपी पर नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसके बाद पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। मोहाना थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी खुनुवा बाजार के पास मौजूद है। सूचना मिलते ही तत्काल घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सर्वेश यादव, उपनिरीक्षक राहुल गुप्ता, हेड कांस्टेबल आत्मानंद नायक और कांस्टेबल विजय कुमार शामिल रहे। टीम ने अपनी सतर्कता और सक्रियता से इस इनामी आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल किया।

पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ दर्ज मामले में आगे की विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। पुलिस इस गिरफ्तारी को एक बड़ी सफलता मान रही है, क्योंकि आरोपी लंबे समय से कानून से बच रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से सेवानिवृत्त दरोगा की मौत

**प्रतापगढ़।** अज्ञात बाइक की टक्कर से सेवानिवृत्त दरोगा की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिये मृतक का शव लेकर पैतृक गांव लेकर चले गये। पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है। फैजाबाद जिले के गोसाईगंज निवासी रमाशंकर यादव (65) दरोगा पद से सेवानिवृत्त हुये थे। वह यहां नगर पंचायत में संगम चैराहे के समीप सांगियापुर मोड़ पर खुद का मकान बनाकर परिवार के साथ रहते थे। रमाशंकर बीती गुरूवार की रात बोलेरों से एक बारात से वापस लौटे। वह हाईवे किनारे बोलेरो से उतरने के बाद पैदल घर जा रहे थे। इसी बीच घर के समीप रात करीब साढ़े ग्यारह बजे अज्ञात बाइक चालक ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रमाशंकर की मौत हो गयी। मौत की जानकारी होने पर परिवार की कोहराम मच गया। मृतक का शव लेकर परिजन पैतृक गांव चले गये। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि घटना की जानकारी नहीं है।

## दुष्कर्म के प्रयास व मारपीट को लेकर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** महिला के साथ दुष्कर्म के प्रयास व विरोध करने पर पीड़ित महिला व उसकी बहन के साथ घर में घुसकर मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि बीती पन्द्रह फरवरी की रात करीब साढ़े नौ बजे गांव के ही आरोपी धर्मराज पटेल पुत्र श्रीराम ने अश्लील हरकत करते हुए उसकी साथ जबरन दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर सुनकर बचाव में पहुंची पीड़िता की बहन व पीड़िता को मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# युवाओं के लिए रोजगार को लेकर ठोस नीति बनाने को लेकर मोना ने दागा सवाल

## कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता ने आउटसोर्सिंग नौकरी को युवाओं के भविष्य के लिए बताया धोखा

जिला संवाददाता (vol)



**प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधान मण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने शुक्रवार को विधानसभा में सरकार के समक्ष प्रदेश में बेरोजगारी के कारण युवाओं में अनिश्चितता को लेकर सवाल दागा। उन्होंने विधानसभा में कहा कि आउटसोर्सिंग नौकरी प्रदेश के युवाओं के भविष्य के लिए सबसे बड़ा धोखा है। उन्होंने सरकार से कहा कि प्रदेश के विश्वविद्यालय और डिग्री कालेज में जो पारम्परिक पाठ्यक्रम बीएससी, बीए, बीकॉम है, इसमें प्रतिवर्ष पचास लाख से ज्यादा छात्र पंजीकृत हुआ करते हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि हर साल लाखों युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर रोजगार की तलाश में निकलते हैं। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सरकार के द्वारा युवाओं के रोजगार के प्रति रूचि न दिखाया जाना बेहद चिन्ताजनक हैं। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि आज प्रदेश का अधिकांश युवा संविदा और आउटसोर्सिंग आधारित नौकरी करने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि इस नौकरी में वेतन आठ से दस या बारह हजार मात्र है। उन्होंने कहा कि चिंताजनक यह है कि पीएफ बहुत कम है अथवा है ही नहीं और दुर्घटना बीमा जैसी सुविधा की कोई व्यवस्था भी नहीं है। उन्होंने कहा कि कम्पनियों द्वारा नौकरी से निकाले जाने और छटनी का डर भी प्रदेश के युवाओं में अनिश्चितता का माहौल बनाये हुये है। उन्होंने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति युवाओं को स्थायी नौकरी देने की न होना भी दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने सरकार से कहा कि वह युवाओं को स्थायी नौकरी और सम्मानजनक वेतन दिये जाने को लेकर ठोस नीति तैयार करें। वहीं सदन में बजट पर सरकार की घेराबंदी करते हुये सीएलपी नेता मोना ने कहा कि सरकार ने पिछले पांच माह पूर्व यह घोषणा की थी कि प्रदेश में आउटसोर्सिंग निगम बनेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने यह भी कहा था कि जैम पोर्टल से नियुक्ति के साथ न्यूनतम वेतन सोलह से बीस हजार होगा। उन्होंने कहा कि इस पर भी सरकार प्रगति नहीं बता पा रही है। विधायक मोना ने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार की तलाश में थक रहा है और रिक्त नौकरियों पर सरकार भर्ती भी नहीं कर पा रही है। वहीं मनरेगा को लेकर भी भाजपा सरकार की घेराबंदी करते हुए कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि इसे समाप्त करके ग्रामीण क्षेत्र के आम आदमी की आय की आर्थिक रीढ़ तोड़ दी गयी है। उन्होंने कहा पहले मनरेगा में रोजगार मांगना कानूनी अधिकार था, अब इसे सीमित कर मात्र एक सौ पच्चीस दिन तय कर दिया गया है। उन्होंने यूपी में मनरेगा की मजदूरी की दैनिक मजदूरी को देश के कई अन्य राज्यों की तुलना में बहुत कम करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर सिर्फ निजीकरण कर रही है। उन्होंने कहा बड़े बजट का दिखावा मात्र करके किसानों, युवाओं, आम आदमी तथा प्रदेश के दलितों पिछड़ों के साथ गरीबों के साथ धोखा किया जा रहा है। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा के वक्तव्य की जानकारी यहां मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

## इंडो-नेपाल सीमा पर संयुक्त सघन गश्त

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में जनपद की इंडो-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लगातार संयुक्त पेट्रोलिंग अभियान चलाया जा रहा है। सीमावर्ती क्षेत्रों में पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की टीमें समन्वय के साथ गश्त कर रही हैं, जिससे सीमा पार गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। इसी क्रम में थाना मल्हीपुर पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने जमुनहा क्षेत्र में सघन पेट्रोलिंग की। अभियान के दौरान सीमा क्षेत्र से आवागमन करने वाले व्यक्तियों की गहन जांच की गई। संदिग्ध प्रतीत होने वाले लोगों से पूछताछ कर उनके पहचान पत्रों का सत्यापन किया गया। साथ ही आसपास के इलाकों में विशेष निगरानी रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। संयुक्त गश्त का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना, अवैध तस्करी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। पुलिस और एसएसबी की इस समन्वित कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में सतर्कता और निगरानी और अधिक प्रभावी हुई है। श्रावस्ती पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि अथवा वस्तु की सूचना तत्काल नजदीकी पुलिस इकाई या डायल 112 पर दें, ताकि समय रहते आवश्यक विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

## विशेष पुनरीक्षण अभियान, 22 फरवरी को विशेष दिवस

**श्रावस्ती।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत 22 फरवरी 2026 (रविवार) को जनपद के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दिन प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक प्रत्येक बूथ पर बीएलओ उपस्थित रहेंगे तथा दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।बीएलओ के पास प्रकाशित आलेख्य निर्वाचक नामावली की सूची के साथ अनुपस्थित, स्थानांतरित, डुप्लीकेट एवं मृतक मतदाताओं की सूची उपलब्ध रहेगी। साथ ही फार्म-6 (नाम जोड़ने हेतु), फार्म-7 (नाम विलोपन हेतु) एवं फार्म-8 (संशोधन हेतु) पर्याप्त संख्या में उपलब्ध रहेंगे। जनसामान्य से अपेक्षा की गई है कि वे अपने संबंधित बूथ पर पहुंचकर मतदाता सूची का निरीक्षण कर लें और आवश्यकतानुसार प्रपत्र भरकर बीएलओ को जमा करें। फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र (अनुलग्नक-4) भी संलग्न करना अनिवार्य होगा। प्रपत्र ऑनलाइन माध्यम से भी अपलोड किए जा सकते हैं। विशेष अभियान दिवस पर समस्त सुपरवाइजर, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रावस्ती भ्रमणशील रहकर कार्यवाही का निरीक्षण करेंगे तथा पाई गई कमियों का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करेंगे। फार्म-6 भरने हेतु आयु प्रमाण के रूप में जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, कक्षा 10 या 12 का प्रमाण पत्र (जन्मतिथि अंकित होने पर) अथवा भारतीय पासपोर्ट मान्य होगा। साधारण निवास प्रमाण हेतु बिजली, पानी या गैस बिल (कम से कम एक वर्ष), आधार कार्ड, बैंक/डाकघर पासबुक, भारतीय पासपोर्ट, भूमि स्वामित्व अभिलेख, पंजीकृत किरायानामा अथवा विक्रय विलेख प्रस्तुत किया जा सकता है।

# साप्ताहिक परेड में एसपी ने लिया सलामी



**श्रावस्ती।** राहुल भाटी, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित साप्ताहिक परेड की सलामी ली गई। इस अवसर पर परेड में सम्मिलित रिक्रूट आरक्षियों तथा अधिकारी-कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सुदृढ़ रहने के लिए प्रेरित करते हुए सामूहिक दौड़ कराई गई। अनुशासन, एकरूपता और कार्यकुशलता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से टोलीवार ड्रिल का भी अभ्यास कराया गया।पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर, विभिन्न इकाइयों तथा प्रशिक्षण केंद्र का विस्तृत निरीक्षण किया। रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं से संवाद कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और पुलिस सेवा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एक सक्षम और अनुशासित पुलिस बल ही आमजन की सुरक्षा का आधार होता है। निरीक्षण के दौरान पीआरवी एवं परिवहन शाखा के वाहनों की स्थिति की जांच कर उनके समुचित रखरखाव के निर्देश दिए गए। बैरकों में मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन करते हुए पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने तथा साफ-सफाई के उच्च मानक बनाए रखने के निर्देश दिए। आदेश कक्ष में अभिलेखों एवं रजिस्टरों की जांच कर ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को अनुशासन, समयबद्धता एवं नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश प्रदान किए गए।इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक अखिलेश कुमार, आरटीसी प्रभारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## नहर किनारे मिला कंकाल, आधार कार्ड से हुई पहचान

**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को चीताही नहर के पास एक लगभग 60 वर्षीय व्यक्ति का कंकाल मिला। सुबह नहर किनारे गए ग्रामीणों ने कंकाल और पास में पड़े कपड़े देखे, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। त्रिलोकपुर थाना पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। कंकाल के पास मिले कपड़ों की तलाशी में एक आधार कार्ड बरामद हुआ। इस आधार कार्ड के जरिए मृतक की पहचान डुमरियागंज थाना क्षेत्र के धनोरी गांव निवासी जवाहिर गौतम (लगभग 60 वर्ष) के रूप में हुई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि जवाहिर गौतम 5 फरवरी को भड़रिया गांव में एक कार्यक्रम में बैंड-बाजा बजाने गए थे। इसके बाद से वे घर नहीं लौटे थे और उनकी काफी खोजबीन की गई थी, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला था। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम और फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि मौत की परिस्थितियों का पता चल सके। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध लग रहा है, हालांकि मौत का वास्तविक कारण जांच रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

**कार्यालय क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी बाराबंकी**

**संख्याः- 3076 /शा.औ./25-26** **दिनॉक-18.02.2026**

**:: कस्टम बिड सूचना ::**

महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी के द्वारा वर्ष 2025-26 में आवंटित धनराशि के सापेक्ष शास्त्रोक्त आयुर्वेदिक औषधियां क्रय कर क्षेत्रांतर्गत संचालित चिकित्सालयों को आपूर्ति हेतु अनुभवी व प्रतिशिठत औषधि निमार्ताओं से जेम पोर्टल पर कस्टम बिड संख्या-GEM/2026/B/7255446 Dated 18-02-2026 (BID END DATE 05-03-2026 1:00 PM) से आमंत्रित की जाती है।

**(डा. वीनम यादव)**
**क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी, बाराबंकी।**

UPID-246691 Date: 20.02.26
Website : www.upgov.nic.in

संक्षेप

## बाइक फिसलने से दो वृद्ध घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर सरायमिट्ठे गांव के सामने एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस दुर्घटना में इटावा से दवा लेकर लौट रहे दो वृद्ध सवार मामूली रूप से घायल हो गए। उन्हें राहगीरों की मदद से 50 शैय्या अस्पताल बकेवर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। यह घटना तब हुई जब महेश चंद्र पुत्र रामभरोसे, निवासी रूपपुर अयाना अपनी मोटरसाइकिल पर अयोध्याप्रसाद पुत्र चंदन लाल, निवासी बिलावा, अजीतमल को लेकर इटावा से दवा लेने के बाद औरैया जनपद के अजीतमल लौट रहे थे। सराय मिट्ठे गांव के सामने उनकी मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क पर फिसल गई। दुर्घटना के कारण दोनों वृद्धों को हल्की चोटें आईं। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत उनकी मदद की और उन्हें बकेवर स्थित 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में इमरजेंसी चिकित्सक ने दोनों घायलों का उपचार किया। परिजनों के पहुंचने के बाद, उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## रेलवे ट्रैक पर युवक की कटकर मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** सरायभूपत रेलवे स्टेशन के पश्चिमी यार्ड में स्थित भोगनीपुर गंग नहर पुल के ऊपर एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना उस समय सामने आई जब सावरमती जन साधारण एक्सप्रेस के लोको पायलट ने कंट्रोल रूम को सूचना दी कि इंजन के आगे अचानक एक युवक ट्रैक पर आकर बैठ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर थानाध्यक्ष कमल भाटी, उपनिरीक्षक ललित चतुर्वेदी व शुभम वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। कुछ ही देर में आरपीएफ भी पहुंच गई। बताए गए स्थान खंभा के मध्य जांच की गई, लेकिन लाइन किनारे केवल मांस का एक टुकड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि शव के अन्य हिस्से नीचे बह रही नहर में चले गए। पुलिस ने मिले अवशेष को सील कर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। फॉरेंसिक व डीएनए जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मृतक की पहचान संभव हो सकेगी।

## सुनी ग्रामीणों की समस्या

**उरुवा, गोरखपुर।** उरुवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत टेंगरी में शुक्रवार को चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए निस्तारण किए जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों से ग्राम प्रधान शेषनाथ यादव ने कहा कि सभी किसान अपने खेतों की फार्मर रजिस्ट्री को जल्द से जल्द करा लें। साथ ही ग्रामीणों ने जल निकासी, पेंशन की समस्या समस्या को उठाया।इस अवसर पर प्रधान शेषनाथ यादव, पंचायत सहायक राकेश कुमार, विरेन्द्र कुमार, जितेन्द्र, रामसागर, बेचू, रीता देवी, रेखा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अज्ञात युवती का शव कुआनो नदी में उतराता मिला

**उरुवा, गोरखपुर।** उरुवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धुरियापार में पुराना घाट पर कुआनो नदी के पानी में लगभग 13 वषीर्या अज्ञात युवती का शव उतराता हुआ मिला । शव की स्थिति देखकर लोगों ने तीन से चार दिन पुराना होने का अनुमान लगाया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची उरुवा पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकलवा कर शव का शिनाख्त कराने का प्रयास किया। परंतु शव की शिनाख्त नहीं हो पायी। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु गोरखपुर भेज दिया। शव के शिनाख्त और मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

**हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला-गोला रोड, अलीगंज - खीरी**
सम्बद्ध-लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ- कालेज कोड 3053

**आवश्यकता है**

महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर विज्ञान वर्ग के विषयों-में जन्तु विज्ञान के लिए 3 पद, -वनस्पति विज्ञान के 3-पद - रसायन विज्ञान के लिए 3 पद तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय में विषय में चित्रकला के लिए 4 पद पर सहायक आचार्य/आचार्याओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन पत्र अपने मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ डाक द्वारा या स्वयं महाविद्यालय में 10 दिनों के अन्दर जमा कर सकते हैं। शैक्षिक योग्यता यू.जी.सी. के अनुसार या लखनऊ विश्व विद्यालय के अनुसार वांछनीय हैं।

**प्रबन्धक**
**पता- हरि चन्द्रा महाविद्यालय**
**हंडेला, गोला रोड,**
**अलीगंज - लखीमपुर खीरी**
**मो.-9452016953, 9450175793**

# बीडीओ ने अन्नपूर्णा भवन का किया शिलान्यास



**चरगांवा, गोरखपुर।** विकास खण्ड चरगांवा के ग्राम पंचायत जंगल धूषण के टोला काकराहिया में शुक्रवार को खण्ड विकास अधिकारी चरगांवा सत्य प्रकाश सिंह द्वारा अन्नपूर्णा भवन के निर्माण के लिए भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया।

इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी श्री सिंह ने कहा कि,राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाने व राशन वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए,उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अन्नपूर्णा भवन निर्माण योजना शुरू की गई हैं। अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने से खाद्यान्नों के बेहतर आपूर्ति के साथ खाद्यान्नों का भंडारण सुरक्षित रहेगा। अन्नपूर्णा भवन का निर्माण मनरेगा द्वारा सरकार द्वारा आवंटित धन से कराया जाना हैं।

उन्होने बताया कि चरगांवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत जंगल औराही व सिक्टौर, जंगल पकड़ी, जंगल अयोध्या प्रसाद में अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हैं। उक्त ग्राम प्रधान जंघल धूषण राजेन्द्र निषाद, एडीओ समाज कल्याण पुरुषोत्तम सिंह व एडीओ एजी अमित तिवारी, ग्राम विकास अधिकारी वकील कुमार जेई मनरेगा प्रभुनाथ सिंह, बीडीसी जयराम, शम्भू निषाद, श्रीमती सीमा रविन्द्र निषाद, मोदी, अखिलेश निषाद उर्फ बब्लू, रोजगार सेवक राज नारायण शर्मा व पंचायत सहायक हेमलाल चौहान व रमेश कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

## डीएम की अध्यक्षता में बैठक आयोजित

**इटावा।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत एमएसएमई वृहद ऋण वितरण शिविर एवं विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत टूलकिट वितरण कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक युवाओं एवं कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध कराकर उद्यम स्थापना हेतु हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्र लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ अनिवार्य रूप से प्राप्त हो, इसके लिए संबंधित विभाग एवं बैंक आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करें।

## साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**इटावा।** पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की 10 प्राथमिकताओं में सर्वोच्च प्राथमिकता साइबर अपराध नियंत्रण के क्रम में गुरुवार को पुलिस ने सुदिती ग्लोबल इंटर कॉलेज, इटावा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक संचालित हुआ, जिसमें अंतरराष्ट्रीय साइबर विशेषज्ञ डॉ. रक्षित टंडन द्वारा साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, उनकी कार्यप्रणाली एवं प्रभावी रोकथाम उपायों पर सरल एवं प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर की वर्चुवल उपस्थिति व पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर रेंज, कानपुर हरीश चन्दर की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर जनपद न्यायाधीश रजत कुमार जैन, डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल एवं एसएसपी बृजेश कुमार सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, विद्यालयों के छात्र-छात्राएँ, बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधि, एक्स आर्मी, एडवोकेड, स्थानीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# बसंतकालीन गन्ना विकास गोष्ठी का हुआ आयोजन

**चौरीचौरा, गोरखपुर।** उप गन्ना आयुक्त गोरखपुर यश पाल सिंह की अध्यक्षता में जिला गन्ना अधिकारी गोरखपुर जगदीश चंद्र यादव के मार्ग निर्देशन और इफको के सहयोग से शुक्रवार को सहकारी गन्ना विकास समिति लि. सरदारनगर के परिसरर मे बसंतकालीन गन्ना विकास 2025-26 हेतु कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में कृषकों को गन्ना की वैज्ञानिक खेती,यंत्रीकरण, साप्ताहिक गन्ना मूल्य भुगतान, विभागीय योजनाओं और सुविधाओं, गन्ना की खेती मे प्रयुक्त होने वाले इफको के रसायन आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई।और गन्ना कृषकों की समस्याओं का समाधान किया गया। उक्त अवसर पर गोष्ठी में इफको गोरखपुर के वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ. वीके सिंह, क्षेत्र प्रबंधक अधिकारी गोरखपुर, इफको एम सी से टीबीई गोरखपुर अजीत सिंह, एससीडीआई सरदारनगर और पिपराइच सतीश कुमार सिंह तथा सुनील कुमार यादव, सचिव सरदारनगर सुरेंद्र नाथ प्रसाद, गन्ना पर्यवेक्षक कमलेश द्विवेदी, भागीरथी मौर्य,रवींद्र यादव, उमेश सिंह, रमा निवास पाण्डेय, राम कल्प सिंह, सोनू,धर्मेंद्र आदि लोग उपस्थित रहे।

## मानदेय बढ़ोतरी की घोषणा शिक्षामित्रों ने जतायी खुशी

**मझगांवा,गोरखपुर।** प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शिक्षामित्रों का मानदेय 18000 करने की घोषणा पर गगहा ब्लाक के शिक्षामित्रों ने खुशी जताई है। घोषणा से अभिभूत शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि यह फैसला स्वागत योग्य है। शिक्षामित्रों ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस निर्णय से उन्हें आर्थिक रूप से मदद मिलेगी और वे अपने परिवार का पालन-पोषण बेहतर ढंग से कर सकेंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वे उनके इस निर्णय का स्वागत करते हैं। इस अवसर पर अनुप शाही, दुर्गेश कुमार शाही, सिकंदर शर्मा, प्रमोद पांडेय, सिद्धार्थ शुक्ला, कान्ति तिवारी, विपिन शुक्ला, सुशील राठौर, देव प्रकाश यादव, दया नन्द यादव, मधुमालती तिवारी सहित अन्य शिक्षा मित्र मौजूद थे।

# एसएमजीआई के बीफार्मा की शिखा दीक्षित बनी टॉपर



**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में अध्ययनरत बी.फार्मा के तीसरे पांचवे और सातवें सेमेस्टर के छात्रों ने अपने शानदार परिणाम से पुनः अपनी श्रेष्ठता साबित की है। डायरेक्टर डा. उमाशंकर शर्मा ने बताया कि एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित बी फार्मा के तीसरे पांचवे और सातवें सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम हर वर्ष की तरह ही शत-प्रतिशत रहा है जिसमें बी.फार्मा के तृतीय सेमेस्टर में शिखा दीक्षित ने 81.87 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, अंशिका सोनी ने 81.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं अमित यादव ने 79.6 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.फार्मा के पांचवे सेमेस्टर में पीयूष शाक्य ने 83.7 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, पारुल ने 81.07 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय एवं देवांगी यादव ने 78.4 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी फार्मा के सातवें सेमेस्टर में रितिका राजपूत ने 85.71 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, शैल्वी ने 85.14 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, रिषभ देव सिंह ने 83.71 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। एसएमजीआई के चेयरमैन डा. विवेक यादव ने इस शानदार परिणाम के लिए संस्था के डायरेक्टर डा. उमाशंकर शर्मा सहित समस्त स्टाफ को बधाई देते हुए सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दो दिन से लापता युवक का रेलवे ट्रैक पर शव पॉलीथिन में मिला

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बंधा से दो दिन से लापता एक युवक का शव थाना इकदिल क्षेत्र में दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने रंजिशन अपहरण कर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है और थाना पुलिस पर लापरवाही बरतने का भी आरोप लगाया है। भरथना क्षेत्र के ग्राम बंधा निवासी राजवीर सिंह यादव ने बताया कि उनका 25 वर्षीय शिक्षित पुत्र मनीष यादव उर्फ मनोज कुमार 18 फरवरी की सुबह करीब सात बजे कोचिंग पढ़ने जाने की कहकर घर से निकला था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। जिसपर पिता ने अनहोनी की आशंका जताते हुए भरथना कोतवाली में लिखित तहरीर देकर घटना से अवगत करा दिया था। परिजनों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद पुलिस ने गंभीरता से तलाश नहीं की। गुरुवार रात थाना इकदिल क्षेत्र के चितभवन-नावली रेलवे क्रॉसिंग के पास दिल्ली हावड़ा रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त कराने का प्रयास किया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने शव की शिनाख्त मनीष के रूप में की। परिजनों ने आरोप लगाया कि मनीष की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंका गया है ताकि इसे हादसा दिखाया जा सके। उनका कहना है कि गांव में रंजिश चल रही थी,जिसकी जांच की जानी चाहिए। वहीं पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## बाइक की टक्कर से महिला व युवक घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना लवेदी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह रजबाह बम्बा की पटरी पर दुगार्पुरा के समीप तेज रफ्तार बाइक ने पैदल टहल रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बाइक सवार हाईस्कूल परीक्षार्थी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को सैफई मिनी पीजीआई रेफर किया गया तो वहीं छात्र को जिला अस्पताल के लिऐ रेफर किया गया। दुगार्पुरा निवासी सागरवती पत्नी उदयवीर सिंह यादव सुबह दुगार्पुर रजबाह पटरी पर टहल रही थीं। उसी समय लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बबकरपुर निवासी सूरज पुत्र बलवंत तेज रफ्तार से बाइक लेकर लखना स्थित अपने परीक्षा केंद्र जा रहा था। युवक हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए निकला था। रजबाह की संकरी पटरी और तेज गति के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई और महिला को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत एंबुलेंस व पुलिस को सूचना दी और घायलों को बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉ. सत्येंद्र शाहू ने प्राथमिक उपचार किया। महिला की हालत नाजुक देखते हुए उन्हें सैफई मिनी पीजीआई रेफर कर दिया गया, जबकि छात्र को जिला अस्पताल भेजा गया।

# महिला सशक्तीकरण की मिसाल बनी श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ

जिला संवाददाता (vol)



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महिला सामर्थ्य योजना के तहत गठित श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन (एमपीओ) महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल बन गई है। इस एमपीओ ने 855 दिनों में 50 हजार महिला सदस्यों की संख्या हासिल कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। संस्था की उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि 50 हजार ग्रामीण महिलाएं आजीविका अर्जन के पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने परिवार की आर्थिकी को मजबूत कर रही हैं।

2019 में बनी बुंदेलखंड की बलिनि मिल्क प्रोड्यूसर्स कंपनी से जुड़ी महिलाओं के द्वारा डेयरी सेक्टर में दिए जा रहे उल्लेखनीय योगदान और इसके जरिये लिखी जा रही महिला स्वावलंबन की सफल कहानी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अन्य क्षेत्रों में भी महिलाओं की भागीदारी वाले मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन बनाने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में गोरखपुर में श्री बाबा गोरखनाथ कृपा मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन का गठत राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के सहयोग से किया गया। श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ 26 नवंबर 2023 से क्रियाशील हुई और गोरखपुर मंडल के ग्रामीण क्षेत्रों की दुग्ध उत्पादक महिलाओं को इससे जोड़कर उन्हें स्वावलंबी बनाने की पहल ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। एमपीओ के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) धनराज साहनी बताते हैं कि 18 फरवरी 2026 तक संस्था से जुड़ने वाली महिलाओं की संख्या 50 हजार हो गई है। ये महिलाएं 850 गांवों की हैं। संस्था के क्रियाशील होने के बाद अब तक का टर्नओवर भी करीब 200 करोड़ रुपये का हो चुका है। यह उपलब्धि केवल एक संख्या नहीं, बल्कि एक सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की कहानी है। सीईओ का कहना है कि एमपीओ की इस शानदार उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन का परिणाम है। उनकी प्रेरणा और दूरदर्शी दृष्टिकोण से ग्रामीण क्षेत्र की हजारों महिलाएं आत्मनिर्भरता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ रही हैं।

इस एमपीओ की शेयरहोल्डर ग्रामीण महिलाएं ही हैं और वर्तमान में इनके द्वारा प्रतिदिन 1 लाख 60 हजार लीटर दूध का संग्रह किया जा रहा है। एमपीओ से जुड़ी महिलाओं को प्रतिमाह 3, 13 और 23 तारीख को उनके द्वारा संकलित दूध का भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में कर दिया जाता है। मिल्क प्रोड्यूसर्स ऑर्गनाइजेशन से जुड़ने वाली महिलाओं में करीब दो हजार की संख्या ऐसी है जो लखपति दीदी की श्रेणी में शामिल हो चुकी हैं। लखपति दीदियों के अलावा एमपीओ से जुड़ी अन्य महिलाएं भी औसतन महिलाओं प्रतिमाह सात से आठ हजार रुपये की आय घर बैठे प्राप्त कर रही हैं।

पशुपालन एवं डेयरी क्षेत्र में व्यावसायिक एवं वैज्ञानिक ज्ञान अर्जित करने के उद्देश्य से श्री बाबा गोरखनाथ कृपा एमपीओ की बोर्ड सदस्यों ने विगत दिनों पंजाब के मोगा में प्रोग्रेसिव डेयरी फार्मर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित मेले का शैक्षिक भ्रमण किया। इस दौरान इन महिलाओं ने विशेषज्ञों से नवीनतम डेयरी तकनीकों, उन्नत नस्लों, पशु पोषण, पशुशाला प्रबंधन आदि की बारीकियां जानीं।

# डिग्री कॉलेज में वार्षिक क्रीड़ा समारोह शुरू




**इटावा।** केके. कालेज के दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह स्फूर्ति का शुभारंभ 20 फरवरी को महात्मा ज्योतिबा फुले स्टेडियम में हुआ। शुभारम्भ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपरजिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, विशिष्ट अतिथि कोषाध्यक्ष प्रबंध समिति सलिल वर्मा, राजकीय महिला महाविद्यालय के क्रीड़ाधिकारी डॉ. अजय दुबे उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने की। प्रतियोगिताओं का शुभारम्भ खिलाडियों के मार्च पास्ट एवं प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि अभिनव रंजन श्रीवास्तव द्वारा खेल भावना की शपथ दिलाकर किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्पोर्ट्स कमेटी के सदस्यों सहित महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने अपने सम्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने जीवन में खेल को आत्मसात करना चाहिए। खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। जब हमारा शरीर निरोग रहेगा तो हम अपने दैनिक जीवन के कार्य बेहतर तरीके से कर सकते हैं। खेल भावना का महत्व है ,खेल में कोई जाति या धर्म नहीं देखा जाता। उन्होंने कहा कि आप विद्यार्थियों में से प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर जनपद का खेलों में नाम रोशन करेंगे तो मुझे खुशी होगी। कार्यक्रम अध्यक्ष कॉलेज के प्राचार्य प्रो. महेंद्र सिंह ने कहा खेलों का इतिहास उठाकर देखें तो खेलों से हमने देश के संबंधों को बदलते हुए देखा है। कई छोटे देश हैं लेकिन उन्होंने खेलों की बदौलत दुनिया में अपना अलग स्थान बनाया है। संचालन प्रो. शिवराज सिंह यादव ने किया। इससे पूर्व अतिथियों का शिक्षकों व कर्मचारियों ने बुके, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन आयोजन सचिव प्रो. सुनील सिंह सेंगर ने किया।

## एमजीयूजी के आयुर्वेद कॉलेज की पांच शोध परियोजनाएं स्वीकृत

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सा विज्ञान संस्थान (आयुर्वेद कॉलेज) को भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा प्रतिष्ठित स्पार्क फेलोशिप योजना में कुल पांच शोध परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं।

केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद ने गुरु गोरक्षनाथ चिकित्सा विज्ञान संस्थान की प्रगति यादव-डॉ. विनम्र शर्मा, अरुण-डॉ. गिरिधर वेदांतम, रवि रंजन-डॉ. आर. पुष्पन, प्रभाकर वर्मा-डॉ. अभिजित एन. एवं विनीत सिंह-डॉ. एनआर नवोदय राजू की शोध परियोजनाओं को मंजूरी दी है। उत्तर प्रदेश में यह आयुर्वेद कॉलेज ऐसा प्रथम संस्थान है जिसे स्पार्क फेलोशिप योजना के अंतर्गत पांच परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं। प्रत्येक परियोजना के लिए पचास हजार रुपये की अनुसंधान सहायता प्रदान की जाएगी । एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की शोध क्षमता और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों एवं मार्गदर्शकों को बधाई दी है। एमजीयूजी के कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने भी इसे विश्वविद्यालय के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि यह उपलब्धि भविष्य में और अधिक शोध गतिविधियों को प्रेरित करेगी तथा संस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा यह सफलता आयुर्वेद शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में महायोगी गोरखनाथ विवि की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करती है।

## सर्व समाज का सामूहिक विवाह संपन्न



**इटावा।** महात्मा ज्योतिबा राव फूले जन कल्याण समिति के तत्वधान में सर्व समाज सामूहिक विवाह समारोह केपी. उत्सव गार्डन कुम्हावर रोड पचावली इटावा में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि अजब सिंह यादव अवर अभियंता ने दीप प्रज्वलित कर एवं महात्मा ज्योतिबा राव फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकरन शाक्य से.नि.वरिष्ठ सहायक आरटीअ.आफिस ने की। कार्यक्रम में सोनू शर्मा ने विवाहित जोड़ों को गिफ्ट भेंट किए। कार्यक्रम में दो दर्जन के लगभग जोड़ों की शादी सम्पन्न कराई गयीं। सभी सम्मानित गणमान्य अतिथियों ने नव युगल वर-वधू को शुभाशीर्वाद प्रदान किया। विशिष्ट अतिथियों हरीराम राजपूत सहायक निदेशक, डॉ. एस एस कुशवाहा, ए.ई.संतोष राजपूत, डॉ.कमल कुशवाहा, बॉलीवुड एक्टर वलवंतराज कुशवाहा लखनऊ, अरविंद कुमार जिलाध्यक्ष खटीक महासभा मेहुना भिण्ड म.प्र. डॉ महेंद्र शाक्य लज्जाराम बाबू जी रंजीत सिंह कुशवाहा, दशरथ सिंह कुशवाहा, अध्यापक तथा मंच संचालन रवीन्द्र सिंह कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे अतिथियों ने कहा कि शादी में होने वाले फिजूल खर्चों को बचाने के लिए ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए। समिति के अध्यक्ष ऐश्वर्य प्रताप सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया और आगे आने वाली समय में शादियों के कार्यक्रम करवाने का संकल्प लिया।

## मस्जिदों व घरों में इबादत का सिलसिला तेज

**जसवंतनगर।** पवित्र रमजान माह की शुरूआत 19 फरवरी से होने के साथ ही क्षेत्र भर की मस्जिदों और घरों में इबादत का सिलसिला तेज हो गया है। शुक्रवार को दूसरा रोजा रखकर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहले जुमे की नमाज अदा की। इस अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी और माहौल धार्मिक उत्साह से सराबोर रहा।

नगर के मोहल्ला सराय खाम स्थित जामा मस्जिद तथा गोला वाली मस्जिद में नमाज अदा करने के लिए रोजेदार सुबह से ही पहुंचने लगे थे। वहीं मोहल्ला लुधपुरा की मस्जिद में बढ़ती भीड़ को देखते हुए मस्जिद कमेटी द्वारा पहले से टेंट व त्रिपाल लगाकर नमाज की व्यवस्था की गई थी। बड़े-बुजुर्गों, युवाओं के साथ बच्चों में भी खासा उत्साह दिखाई दिया।

# फार्मा सेक्टर में भी एआई आधारित अनुसंधान जरूरी

- एमजीयूजी के फार्मेसी संकाय में इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस फार्मा फ्यूचरएक्स 2026 आयोजित




**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) के फार्मास्यूटिकल साइंसेज संकाय द्वारा ह्यडिजिटल हेल्थ, एआई एंड स्मार्ट फार्मा फॉर विकसित उत्तर प्रदेश-फार्मा फ्यूचरएक्स 2026ह्ण विषय पर शुक्रवार को इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

एमजीयूजी के ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए यूपी के मुख्यमंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि याजक दौर में फार्मा सेक्टर में भी प्रौद्योगिकी के प्रयोग से लगातार उन्नयन हो रहा है। स्वास्थ्य एवं चिकित्सा क्षेत्र में बढ़ रहे डिजिटल और एआई टूल्स के प्रयोग ने यह जरूरी कर दिया है कि फार्मा सेक्टर भी खुद को स्मार्ट टेकनोलॉजी के अनुरूप तैयार करे। उन्होंने कहा कि फार्मा क्षेत्र में भी एआई आधारित औषधि अनुसंधान, दवा नियमन में सुधार तथा नवाचार की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के. रामचंद्रा रेड्डी ने कहा कि नवाचार के लिए समय के अनुरूप चलने वाली प्रौद्योगिकी को अपनाना आवश्यक है। वर्तमान दौर की प्रौद्योगिकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से काफी प्रभावित है। ऐसे में हेल्थ सेक्टर में भी इसका प्रयोग बढ़ रहा है। विशिष्ट अतिथि राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी, एकेटीयू के निदेशक डॉ. बीएन मिश्रा, सहायक आयुक्त औषधि पूरन चंद्र, विशेष अतिथि डॉ. कंचन कोहली (यूनिवर्सिटी ऑफ कुआलालम्पुर, मलेशिया) ने भी विचार व्यक्त किए।

कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए एमजीयूजी के कुलपति डॉ. सुरिंदर सिंह ने विश्वविद्यालय की अनुसंधान दृष्टि और विकसित उत्तर प्रदेश के निर्माण में तकनीकी नवाचार की आवश्यकता पर जोर दिया। स्वागत संबोधन में डॉ. एमएन पुरोहित ने सम्मेलन की रूपरेखा और डिजिटल हेल्थ तथा एआई की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सम्मेलन की स्मारिका का विमोचन भी किया गया। आभार ज्ञापन डॉ. शशिकांत सिंह ने किया।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक 13.03.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 00202026 दिनांक 19.02.2026 |
| 2 | निविदा संख्या | **1.** 21-Sr.DEN-II/LKO/2025-26 and **2.** 22-Sr.DEN-II/LKO/2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | 1. वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता/रायबरेली (ADEN/RBL) के सेक्शन में पी–वे अनुरक्षण कार्य, जिसमें बैलास्टिंग, बॉक्सिंग, टैम्पिंग, लेवल क्रॉसिंग (LC) ओवरहालिंग आदि सहित पी–वे रखरखाव कार्य।<br>2. वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/लखनऊ के अधीन सहायक मंडल अभियंता/प्रतापगढ़ (ADEN/PBH) के सेक्शन में पी–वे अनुरक्षण कार्य, जिसमें बैलास्टिंग, बॉक्सिंग, टैम्पिंग, लेवल क्रॉसिंग (LC) ओवरहालिंग आदि सहित पी–वे रखरखाव कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1. रु. 2,79,44,602.55 2. रु. 3,19,98,994.66 |
| 5 | धरोहर राशि | 1. रु. 2,89,700.00 2. रु. 3,10,000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | 1. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह।<br>2. स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 27.02.2026 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 13.03.2026 को 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाइट | www.ireps.gov.in |

**नोट :** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।
572/26
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

## प्रथम चरण के आरटीई में 887 विद्यार्थियों का चयन

जौनपुर ।जिले में निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत इस शैक्षिक सत्र लिए प्रथम चरण की ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया संपन्न हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में आयोजित इस प्रक्रिया में कुल 887 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया।पहले चरण में कुल 1461 आवेदन प्राप्त हुए थे।इनकी जांच के बाद 1224 आवेदन पात्र पाए गए, जबकि 237 आवेदन अपात्र घोषित किए गए। पात्र आवेदनों के आधार पर हुई लॉटरी में 887 बच्चों को प्रवेश के लिए चुना गया। वहीं, 337 बच्चे चयन सूची से बाहर रह गए। यह लॉटरी प्रक्रिया अधिकारियों की निगरानी में पूरी पारदर्शिता के साथ आयोजित की गई।चयनित बच्चों के अभिभावकों को अब निर्धारित समयसीमा के भीतर संबंधित विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया पूरी करनी होगी। समन्वयक सत्येन्द्र गुप्ता ने बताया कि चयन सूची पोर्टल पर उपलब्ध है जहां अभिभावक आन लाइ विवरण देख सकते है।

## दुष्कर्म करने के आरोप में अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। थाना शाहगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व फोटो वायरल करने से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार आवेदक राजपत राजभर पुत्र रामसुमेर राजभर ग्राम नटौली थाना शाहगंज द्वारा तहरीर दी गयी कि राजेश भारद्वाज पुत्र सिकन्दर ग्राम धनीपुर थाना फूलपुर आजमगढ मेरी लडकी से कई सालो से बात चीत करता था उसको अपने प्रेम जाल में फंसाकर बहला कर मेरी लडकी का बिना कपडो का अपत्तिजनक फोटो विडियो दिखाकर वायरल करने की धमकी देकर मेरी लडकी के साथ शारीरिक सम्बन्ध मेरे घर पर ही आकर बनाया तथा फर्जी आइडी बनाकर फोटो फेसबुक और इस्ट्राग्राम पर अपत्तिजनक फोटो वायरल कर दिया। जिसके सम्बन्ध में थाना शाहगंज पर धारा 69 भारतीय न्याय व 67ए आई0 टी0 एक्ट थाना शाहगंज जनपद जौनपुर पंजीकृत था। अभियुक्त राजेश भारद्वाज पुत्र सिकंदर राजभर निवासी ग्राम धनीपुर बिसराई थाना फूलपुर जनपद आजमगढ़ को मलमल पुलिया शाहगंज से गिरफ्तार किया गया।

## किशोरी भगाने का आरोपी दबोचा गया

जौनपुर।थाना सुजानगंज पुलिस ने अपहरण व पाक्सो से संबंधित अभियुक्त को गिरफ्तार किया।पुलिस ने बताया कि सुजानगंज पुलिस टीम द्वारा वादी राजू सरोज पुत्र बुद्धू सरोज द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया कि आवेदक की लड़की को प्रकाश कुमार गौतम पुत्र भोलानाथ गौतम निवासी ग्राम सरायघाटम थाना सुजानगंज बहला फुसला कर भगा ले गया है जिसके आधार पर थाना स्थानीय पर धारा 137(2) पंजीकृत कराया गया तथा विवेचना में साक्ष्य संकलन से मुकदमा उपरोक्त में धारा 65(1),87 बीएनएस व 5/6 पाक्सो एक्ट की बढोत्तरी किया गया। अभियुक्त प्रकाश कुमार गौतम पुत्र भोलानाथ गौतम निवासी ग्राम सरायघाटम थाना सुजानगंज को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

# युवा संसद में ऊर्जा संकट पर मंथन



प्रतिभाएं सम्मानित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सी.जी.एन. (पी.जी.) कॉलेज के पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार में ह्यतेल और गैस बचाओ, हरित ऊर्जा अपनाओह्व ह्यसक्षमह्व कार्यक्रम के तहत मिनी यूथ पार्लियामेंट आयोजित की गई।कार्यक्रम प्राचार्य प्रो. पंकज सिंह के मार्गदर्शन में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण और हरित विकल्पों पर पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। स्पीकर की भूमिका में डॉ. गौरव अवस्थी ने सदन की कार्यवाही संचालित की। विपक्ष की ओर से अभिषेक चन्द्र वर्मा, उमम व ज्योति वर्मा ने सौर ऊर्जा बनाम पेट्रोलियम, पेड़ लगाओ बनाम पेड़ काटो और पैदल चलना बनाम मोटर वाहन जैसे मुद्दे उठाए।पक्ष की ओर से वैष्णवी कटियार, काजल और आशीष ने तर्क प्रस्तुत कर ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में अभिषेक चन्द्र वर्मा (एम.ए. द्वितीय सेमेस्टर) प्रथम, वैष्णवी कटियार (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय तथा उमम (बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर) तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. आदर्श पटेल, डॉ. अमित कुमार यादव और डॉ. अशोक कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम के समन्वयक सुरेन्द्र प्रताप सिंह व रीमा यादव रहे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## शपथ ग्रहण के साथ शुरू हुआ बार एसोसिएशन का नया कार्यकाल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।सेंट्रल बार एसोसिएशन के निर्वाचित पदाधिकारियों को ग्राम न्यायालय के न्यायाधिकारी अरुण कुमार सिंह ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला रिंकू ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में सब रजिस्ट्रार रॉबिन वर्मा मौजूद रहे। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामकुमार गौतम, उपाध्यक्ष पद पर राजीव मिश्रा, मंत्री पद पर संदीप अवस्थी, संयुक्त मंत्री पद पर जगबीर सिंह भदौरिया तथा कोषाध्यक्ष पद पर वीरेंद्र कुमार निर्वाचित हुए थे। सभी पदाधिकारियों ने शपथ लेकर अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया। समारोह में नरेश सिंह तोमर, विमल कुमार श्रीवास्तव, सुरेश चंद गुप्ता, राकेश कुमार वर्मा, लाल बहादुर यादव, रजनी सिन्हा, सविता बाजपेई, कुसमा, संत कुमार भारती, जितेंद्र पांडे, रामू, राजेश गिरी, नीलकमल गुप्ता, पंकज वर्मा, ओम प्रकाश, महेंद्र शुक्ला, संजय मिश्रा सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित रहे। निर्वाचन समिति में मुख्य निर्वाचन अधिकारी लाल बिहारी वर्मा तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी आदर्श वर्मा, सत्यपाल मित्रा और विजेंद्र यादव की भूमिका रही।

## टावर पर चढ़े युवक को 14 दिन के लिए भेजा जेल

मोहम्मदी खीरी।चौकी क्षेत्र मुंडा निजाम के गांव पड़सर निवासी एक सिरफिरे युवक ने दूसरी बार मोबाइल टावर पर अनूठी मांग कर दी जिसे प्रशासन ने पूरा कर सूझबूझ से नीचे उतारकर कस्टडी में लेकर एसडीएम कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार पड़सर निवासी सूचित श्रीवास्तव 16 फरवरी को अचानक गांव में लगे टावर पर चढ़ गया था जिसे परिजन और पुलिस के कर्मचारियों ने समझा बुझाकर नीचे उतरकर परिजनों को सौंप दिया था जिसके बाद शुक्रवार को अचानक 12 बजे करीब दोबारा मोबाइल टावर पर चढ़ गया जिसे देख हड़कंप मच गया सूचना पर पहुंचे पुलिस के अधिकारियों ने नीचे उतरने की बात कहीं जिस पर उसने मोबाइल से काले रंग की सुपर स्प्लेंडर बाइक की मांग कर दी प्रशासन ने एजेंसी से गाड़ी मंगा कर टावर के नीचे खड़ी कर दी फिर उतरने की बात कही जिस पर उसने हाई वोल्टेज ड्रामा करते हुए क्यूआर कोड में पैसे भेजने की बात कहने लगा जिसका आश्वासन देकर नीचे उतार लिया बाइक को एजेंसी पर वापस भेज आरोपी को एसडीएम कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



## डिवाइडर से टकराई कार, कई लोग घायल

आजमगढ़। आजमगढ़-वाराणसी मार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे के बाद जहां एक ओर अफरा-तफरी का माहौल रहा, वहीं दूसरी ओर त्वरित और कुशल चिकित्सा व्यवस्था ने मानवता की मिसाल पेश की। रानी की सराय थाना क्षेत्र के रायपुर के पास अचानक अनियंत्रित लावारिस पशु के सड़क पर आ जाने से एक कार डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उसमें सवार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में आफताब आलम, उनके पुत्र अजमत शेख, बॉम्बे अलमीरा के मालिक अहमद राजा शेख तथा चालक लुकमान अलाउद्दीन शामिल थे। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर भेजने की सलाह दी गई। गंभीर रूप से घायल आफताब आलम को शहर के बिलरिया की चुंगी स्थित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एच.एम. सर्जिकल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। यहां वरिष्ठ सर्जन डॉ. फरहान अहमद की देखरेख में उनका उपचार शुरू किया गया। बुधवार रात करीब चार घंटे तक चले जटिल ऑपरेशन को डॉ. फरहान अहमद ने अपनी विशेषज्ञता, धैर्य और अनुभव से सफलतापूर्वक संपन्न किया। चिकित्सकीय टीम की तत्परता और सर्जिकल दक्षता के चलते मरीज की हालत में सुधार दर्ज किया गया। अस्पताल प्रबंधन और चिकित्सा टीम की समन्वित कार्यशैली ने आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी नेतृत्व की मिसाल पेश की। स्थानीय लोगों ने डॉ. फरहान अहमद और एच.एम. सर्जिकल हॉस्पिटल की सराहना करते हुए कहा कि आधुनिक तकनीक और अनुभवी चिकित्सकों की उपलब्धता के कारण अब आजमगढ़ में ही उच्च स्तरीय इलाज संभव हो पा रहा है। यह घटना एक ओर सड़क सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने का संदेश देती है, वहीं दूसरी ओर समर्पित चिकित्सकों की सेवा भावना और उत्कृष्ट चिकित्सा कौशल समाज के लिए प्रेरणास्रोत है।

## एडीजी जोन ने खीरी में की बैठक




लखीमपुर खीरी। प्रवीण कुमार एडीजी जोन लखनऊ ने शुक्रवार को खीरी के पुलिस लाइन सभागार में लगभग दोपहर 3 बजे पहुँचे, उनके पहुँचने पर उनका पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ख्याति गर्ग, अपर पुलिस अधीक्षक पवन गौतम, अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार राय ने संयुक्त रूप से स्वागत किया।एडीजी ने पुलिस लाइन के सभागार में सभी सर्कल के सीओ एवं पुलिस सेल के प्रभारी के साथ समीक्षा बैठक की।बैठक के बाद पत्रकारों से प्रेस वार्ता की। वार्ता के दौरान एडीजी ने बताया कि बॉर्डर एरिया पर कड़ी निगरानी की जाएगी। अपराध नियंत्रण करने के लिए संबंधित थाना प्रभारी को दिशा निर्देश दिए गए हैं।वह पहली बार खीरी आए हैं फीडबैक के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। कोई भी व्यक्ति उन्हें व्हाट्सएप मैसेज एवं कॉल करके जिले की समस्या बता सकता है।

## आपसी विवाद में चली गोली, ई-रिक्शा चालक गंभीर



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।काशीराम आवास कालोनी में शुक्रवार सुबह आपसी विवाद के दौरान चली गोली एक ई-रिक्शा चालक को जा लगी। गंभीर रूप से घायल 42 वर्षीय लईक पुत्र छिद्दू को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ युवक अन्य युवकों को दौड़ाते हुए नए बाईपास की ओर से कालोनी में घुस आए। कालोनीवासियों ने विरोध करते हुए युवकों को खदेड़ दिया।इसी दौरान नए बाईपास के पास भुसौरिया गांव के निकट एक युवक ने फायर कर दिया। गोली लईक के पेट में जा लगी और वह मौके पर गिर पड़े। सूचना पर क्षेत्राधिकारी रमेश कुमार तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि आरोपी युवक का अन्य युवकों से विवाद था।विरोध के दौरान उसने फायरिंग कर दी। आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।लईक काशीराम आवास कालोनी के ब्लॉक नंबर 4, मकान संख्या 443 में परिवार के साथ रहते हैं और ई-रिक्शा चलाकर जीविका चलाते हैं।परिवार में सात वर्ष की पुत्री और एक विवाहित पुत्र है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नि:शुल्क नेत्र शिविर में 214 मरीजों की जांच, 57 चिन्हित

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। अजान क्षेत्र के शहाबुद्दीनपुर स्थित रानी लक्ष्मी बाई कन्या इंटर कॉलेज के सामने निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चैकी इंचार्ज अजान अशोक सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर का आयोजन जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा और प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इसमें सीतापुर आँख अस्पताल के चिकित्सकों एवं टीम ने भाग लिया। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सोनिया भारद्वाज और डॉ. राहुल वर्मा के निर्देशन में 214 मरीजों की आंखों की जांच की गई। आवश्यकता अनुसार मरीजों को चश्मे और आई ड्रॉप्स वितरित किए गए। जांच के दौरान 57 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया, जिन्हें बस द्वारा सीतापुर आंख अस्पताल ले जाया गया। शिविर में बीपी, मधुमेह और थायराइड की निःशुल्क जांच भी की गई। कार्यक्रम में चैकी इंचार्ज अशोक सिंह, जिला पंचायत सदस्य संदीप वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, स्टेटिक मजिस्ट्रेट सर्वेश कुमार वर्मा, केंद्र व्यवस्थापक सुरेश चंद सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कॉलेज स्टाफ और स्वयंसेवकों ने शिविर में आए मरीजों और तीमारदारों का सहयोग किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय विशेष शिविर संपन्न



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल।चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के कैंपस कृषि महाविद्यालय, जमुनाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की ओर से एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने परिसर में श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया और पौधों के थाले बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर ह्लसामाजिक विकास और सामाजिक न्याय के प्रति नवीनीकृत प्रतिबद्धताह्व विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई। मुख्य अतिथि डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा ने कहा कि समाज में समानता और न्याय की भावना को सुदृढ़ करना समय की आवश्यकता है।उन्होंने आपसी सद्भाव और एकता बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल कुमार सिंह ने की।

सह-प्राध्यापक डॉ. अरुण कुमार ने इस वर्ष की थीम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह गरीबी उन्मूलन, लैंगिक समानता और समावेशी विकास पर बल देती है। उन्होंने महात्मा गांधी, ज्योतिबा फुले, भीमराव अंबेडकर, सर्वपल्ली राधाकृष्णन, मेधा पाटेकर, सुंदरलाल बहुगुणा तथा कैलाश सत्यार्थी के योगदान को स्मरण किया।डॉ. आनंद कुमार पांडे ने कहा कि समाज की प्रगति तभी संभव है जब सभी वर्ग साथ मिलकर आगे बढ़ें। शिविर के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान भी चलाया गया। यातायात नियमों का पालन न करने वालों को रोककर नियमों की जानकारी दी गई और प्रतीक स्वरूप गुलाब का फूल भेंट किया गया।अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि सामाजिक कुरीतियाँ धीरे-धीरे समाप्त हो रही हैं और समाज सकारात्मक बदलाव की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर डॉ. हिमांशु मिश्रा, डॉ. रणधीर कुमार यादव, डॉ. सुरेश दीपक चतुर्वेदी, डॉ. अनूप कुमार यादव, डॉ. संदीप कुमार, डॉ. सतेन्द्र कुमार सहित एनएसएस स्वयंसेवक और कर्मचारी सर्वेश कुमार पांडे व राजकिशोर मौजूद रहे।

## बाल पुष्टाहार वितरण में अनियमितता का मामला




लखीमपुर खीरी। विकासखंड कुंभी गोला क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्र लालाहपुरवा से बाल पुष्टाहार वितरण में अनियमितता और लाभार्थी परिवार के साथ दुर्व्यवहार का मामला सामने आया है। गांव में पीड़ित परिवार ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल समेत उच्च अधिकारियों से करते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। परिवार का आरोप है कि उनके बच्चे के हिस्से में आने वाला बाल पुष्टाहार कई महीनों से निर्धारित मात्रा में उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। कभी अतिरिक्त दस्तावेजों की मांग की जाती है तो कभी निर्धारित मात्रा से कम सामग्री देकर वापस लौटा दिया जाता है।

हाल ही में केंद्र पर पहुंचने पर पूर्ण मात्रा देने से इंकार किए जाने और असम्मानजनक व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उनसे हर बार जो भी औपचारिकताएं और दस्तावेज मांगे गए, वे सभी पूरे किए गए, इसके बावजूद उन्हें नियमित और निर्धारित मात्रा में बाल पुष्टाहार नहीं दिया गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि मामले की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज करा दी गई है तथा उपजिलाधिकारी गोला प्रतीक्षा त्रिपाठी को भी प्रकरण से अवगत करा दिया गया है।इस संबंध में संबंधित डीपीओ भारत प्रसाद ने कहा कि शिकायत की जानकारी मिली है कार्रवाई की जाएगी।

## नर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम 22 को

मीरजापुर।उप जिला निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिसकी अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के आधार पर सम्प्रति चल रहे विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत आयोग द्वारा 22 फरवरी रविवार को विशेष अभियान दिवस के रूप में निर्धारित किया गया है।उक्त विशेष अभियान दिवस 22 फरवरी को समस्त बीएलओ अपने आवंटित बूथ पर प्रातः 10:30 बजे से सायं 4:30 तक आलेख्य प्रकाशित मतदाता सूची तथा फार्म 6, 7 एवं 8 के साथ उपस्थित रहेंगे।जिन अर्ह मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित होने से छूट गया है उनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए फार्म-6 मय घोषणा पत्र, निर्वाचक नामावली की किसी प्रविष्टि में संशोधन करने, मतदाता फोटो पहचान पत्र के प्रतिस्थापन, दिव्यांग मतदाताओं के चिन्हांकन करने, निवास, मकान परिवर्तन हो जाने के संबंध में फार्म-8 मय आवश्यक दस्तावेज एवं घोषणा पत्र तथा मतदाता सूची से मृतक, शिपटेड, डुप्लीकेट एवं अनुपस्थित प्रविष्टिओं को हटाने हेतु फार्म-7 भरकर मतदान केन्द्र पर बीएलओ के पास जमा किया जा सकता है अथवा आयोग की वेवसाइट के माध्यम से आनलाइन किया जा सकता है।

## इंडियन बैंक से डेयरी ऋण प्राप्त करना आसान




लखीमपुर खीरी।इंडियन बैंक द्वारा जनपद खीरी के आर एस ई टी आई प्रांगण में ऋण शिविर आयोजित किया गया। सृजनी मिल्क प्रोडूसर कंपनी लिमिटेड के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम ओ यू ) संपन्न किया गया। यह समझौता जनपद के दुग्ध उत्पादक सदस्यों को डिजिटल केसीसी (डेरी केसीसी ) ऋण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया गया है, जिससे उन्हें सरल, त्वरित एवं पारदर्शी ऋण सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

इंडियन बैंक के अंचल प्रमुख अभय कुमार एवं सृजनी कंपनी के सीईओ लखविंदर सिंह के मध्य, मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता की उपस्थिति में संपन्न हुआ।इस अवसर पर इंडियन बैंक के उप अंचल प्रमुख अप्रतिम अवस्थी तथा लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर एल डी एम अशोक कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता ने कहा कि इस एम ओ यू के माध्यम से जनपद के दुग्ध उत्पादकों को इंडियन बैंक से डिजिटल डेयरी ऋण प्राप्त करना अत्यंत सरल होगा। इससे न केवल ऋण प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि अधिकाधिक दुग्ध उत्पादकों को आर्थिक सशक्तिकरण का लाभ मिलेगा और वे आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## आउटसोर्सिंग के नाम पर युवाओं का शोषण:विधायक

जौनपुर।उत्तर प्रदेश विधानसभा के सत्र में शुक्रवार को आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के मुद्दे पर जोरदार आवाज उठी।सपा विधायक डॉ. रागिनी सोनकर ने श्रम सेवा योजना मंत्री से प्रदेश के लाखों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के भविष्य को लेकर गंभीर प्रश्न किए।डॉ. सोनकर ने कहा कि प्रदेश में लाखों कर्मचारी आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत हैं, जिन्हें मात्र 10 से 12 हजार रुपये मानदेय पर काम करने को मजबूर होना पड़ रहा है।न तो उनके कार्य समय का निर्धारण है और न ही सुरक्षित कार्य वातावरण की गारंटी।विशेष रूप से महिला कर्मचारियों के शोषण की स्थिति पर उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त की। आरोप लगाया कि टेंडर कंपनियों के माध्यम से भ्रष्टाचार और शोषण का सिलसिला जारी है।आउटसोर्सिंग कर्मचारियों की अस्थायी नियुक्ति के कारण तीन वर्ष बाद उनके भविष्य की कोई गारंटी नहीं होती, जिससे असुरक्षा और भ्रष्टाचार की स्थिति और बढ़ती है। पूछा कि जिस पद पर स्थायी कर्मचारी कार्यरत हैं, उसी पद पर कार्य कर रहे आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को क्या सरकार समान कार्य के लिए समान वेतन देगी ?उन्होंने सरकार द्वारा ग्रुप सी और ग्रुप डी पदों पर लगी रोक का मुद्दा उठाया और कहा कि स्वीकृत पदों के सापेक्ष बड़ी संख्या में पद खाली हैं।उन्होंने बताया कि कार्यरत कर्मचारियों में लगभग 30ः दलित और 70ः ओबीसी वर्ग से आते हैं।स्थायी भर्तियों को रोककर आउटसोर्सिंग को बढ़ावा देना सामाजिक न्याय के विरुद्ध है।साथ ही सदन के पटल पर दिसंबर 2025 में जारी एक पत्र का उल्लेख किया, जिसमें पावर कॉर्पोरेशन द्वारा 78,000 आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को हटाने की बात कही गई है उन्होंने सरकार से सीधा सवाल किया कृ 78,000 लोग कहाँ जाएंगेविधायक ने मांग की कि जो कर्मचारी तीन वर्ष से अधिक समय से आउटसोर्सिंग पर कार्य कर रहे हैं, उन्हें स्थायी करने पर सरकार तत्काल विचार करे।उन्होंने स्पष्ट कहा कि युवाओं को अस्थायी व्यवस्था में रखकर शोषण करना उचित नहीं है।सरकार को पारदर्शी और न्यायसंगत रोजगार नीति बनानी चाहिए।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का मना 29वां वार्षिकोत्सव



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड की गोला इकाई परिसर स्थित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर का 29वां वार्षिकोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और मिल कर्मियों ने भाग लिया।

मंदिर के पुजारी सुधीर बिजल्वाण ने मुख्य यजमान के रूप में यूनिट हेड राकेश यादव एवं उनकी पत्नी शिखा यादव के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत हवन-पूजन कराया।वेद मंत्रों और भक्ति गीतों से पूरा परिसर गुंजायमान रहा।कार्यक्रम में ए.के. पांडेय, पी.एस. चतुर्वेदी, के.के. तिवारी, पी.सी. गुप्ता, अजीत तिवारी, संदीप कटियार, जी.एन. सिंह, अखिलेश सिंह, सतीश श्रीवास्तव, राहुल मिश्रा, दीपक सिंघल, धर्मेंद्र सचान, गोपाल जायसवाल, चेतराम सिंह सहित श्रमिक यूनियन के पदाधिकारी और नगर के लोग मौजूद रहे। हवन-पूजन और महाआरती के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।नगर के प्रमुख मंदिरों के पुजारियों और ब्राह्मणों को वस्त्र व दक्षिणा प्रदान कर भोजन कराया गया। आयोजन के दौरान मिल परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा।

## नेपाली बाबा की सप्तम पुण्यतिथि पर हवन-पूजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।वीओएल।श्रीमती चंद्रकला आश्रम एवं संस्कृत विद्यापीठ के संस्थापक ब्रह्मऋषि भवानी प्रसाद उपाध्याय (नेपाली बाबा) की सप्तम पुण्यतिथि श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाई गई। आश्रम परिसर में विशेष पूजन, हवन और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में महंत प्रमोद जी महाराज ने विधिवत षोडशोपचार पूजन-अर्चन और हवन संपन्न कराया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गुरुदेव की चरण पादुकाओं का पूजन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यापीठ में अध्ययनरत वेदपाठी बटुक ब्रह्मचारियों और श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद वितरित किया गया।महंत ने स्वयं व्यवस्थाओं की देखरेख करते हुए बटुकों को प्रसाद परोसा तथा दक्षिणा व आशीर्वाद दिया।आश्रम परिवार और शिष्य समुदाय ने गुरुदेव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

संक्षेप

## छात्र ने लगायी तमसा में छलांग, बचाया गया

आजमगढ़। थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक 20 वर्षीय छात्र द्वारा तमसा नदी में कूदकर आत्महत्या का प्रयास किया गया, जिसे थाना कोतवाली पुलिस, पीआरवी एवं स्थानीय जनता के संयुक्त प्रयास से तत्काल सुरक्षित बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विकिल प्रजापति निवासी जनपद आजमगढ़ हाईस्कूल परीक्षा देने हेतु आया था। घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे सकुशल बाहर निकालकर उपचार हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि छात्र मानसिक रूप से अस्वस्थ है।पुलिस की तत्परता एवं मानवीय संवेदनशीलता से एक अमूल्य जीवन की रक्षा संभव हो सकी।

## दवा व्यवसायी की सड़क हादसे में मौत

जौनपुर। जनपद के खुटहन क्षेत्र निवासी दवा व्यवसाई की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीती रात करीब 10 बजे की है। बताते है कि 55 वर्षीय डॉक्टर राम प्रताप प्रजापति थाना सरायख्वाजा क्षेत्र के छतौरा मल्हनी में एक बारात में शामिल होने गए थे। बारात सड़क किनारे खड़ी थी और राम प्रताप प्रजापति रोड की पटरी पर खड़े थे। इसी दौरान मल्हनी की ओर से तेज रफ्तार और अनियंत्रित मोटरसाइकिल ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ मौजूद थी, लेकिन काफी देर तक उन्हें उपचार के लिए अस्पताल नहीं ले जाया गया। समय पर इलाज न मिलने के कारण थोड़ी ही देर में उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक राम प्रताप प्रजापति ग्राम सधनपुर, थाना खुटहन के निवासी थे और खुटहन हॉस्पिटल रोड पर मेडिकल स्टोर का संचालन करते थे। उनके परिवार में पत्नी सुमित्रा देवी (50), दो पुत्र और दो पुत्रियां हैं। सभी बच्चों का विवाह हो चुका है। घटना की सूचना मिलते ही सरायख्वाजा पुलिस ने लास्ट को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## ट्रेन से कटकर महिला की मौत

जैनपुर। वाराणसी, फैजाबाद वाया लखनऊ रेल मार्ग पर सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के मिहरावां रेलवे क्रॉसिंग से उत्तर दिशा में स्थित सन्दहा गांव के समीप एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई आशंका है कि महिला की मौत रात में किसी ट्रेन की चपेट में आने से हुई होंगी। सुबह शौच के लिए रेलवे ट्रैक की ओर गए ग्रामीणों की नजर ट्रैक किनारे पड़े शव पर पड़ी। सूचना मिलते ही सरायख्वाजा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भिजवा दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतका की उम्र लगभग 40 से 45 वर्ष के बीच आंकी जा रही है। वह काली साड़ी और गुलाबी स्वेटर पहने हुए थी। पैरों में चांदी की पायल तथा हाथों में सोने के आभूषण मिले हैं, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि महिला आसपास के किसी क्षेत्र की हो सकती है।

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में कसे गये मातहतों के पेंच



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर माह जनवरी-2026 में विभिन्न विभागों को प्राप्त बी,सी एवं डी ग्रेड की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। पीएम सूर्य घर की समीक्षा में जनपद का ग्रेड बी तथा रैंक 51 है, डिस्कॉम द्वारा 43 निरीक्षण पेंडिंग है तथा बैंक द्वारा 689 लोन पेंडिंग है। जिस पर जिलाधिकारी ने इसे 3 दिन में पूर्ण करने का निर्देश दिए।

उन्होने आगामी बैठक में विद्युत विभाग के सभी अधिशासी अभियंता को भी बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर को निर्देश दिया कि समीक्षा कर 3 दिन में पेंडिंग डाटा निस्तारित करना सुनिश्चित करें। उन्होने सभी नगर तथा विकासखंड स्तर पर कैंप लगाकर तथा वेंडर नामित कर आवेदन बढ़ाने के निर्देश दिए। डे एनआरएलएम में जनपद का ग्रेड सी है। परियोजना निदेशक डीआरडीए द्वारा अवगत कराया गया कि एसएनए स्पर्श लागू होने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है, जिससे एमआईएस शेष है। जल जीवन मिशन योजना में जनपद का ग्रेड बी तथा रैंक 55 है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया गया कि 7 एजेन्सी द्वारा कुल 1463 पेयजल योजना पर कार्य कराए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि एजेंसी को समय से भुगतान सुनिश्चित करें तथा शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ओडीओपी टूलकिट में जनपद का ग्रेड डी तथा रैंक सी है। उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि नामित संस्था द्वारा प्रशिक्षण नहीं कराने के कारण बी ग्रेड प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना में बी ग्रेड आने के संबंध में अवगत कराया गया कि पटल सहायक की गलती से सब्सिडी क्लेम पोर्टल पर पोस्ट नहीं हुआ है। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पटल सहायक को चेतावनी देने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सॉफ्टवेयर में तकनीकी त्रुटि के कारण डैशबोर्ड पर 485 के सापेक्ष 56 आवेदन प्रदर्शित हो रहा है, जिससे जनपद का ग्रेड सी आया है। जिलाधिकारी ने सोशल सेक्टर के समस्त अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष आवेदन करने तथा पोर्टल पर समय से डाटा फीड करने के निर्देश दिए।

## जीएसटी अनियमितता की जांच में दर्ज हुई एफआईआर

आजमगढ़। जनपद आजमगढ़ में राज्य कर विभाग की जांच में करोड़ों रुपये की जीएसटी अनियमितता का मामला सामने आया है। राज्य कर विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के उपायुक्त (वि० अनु० शा०) कार्यालय, आजमगढ़ सम्भाग की ओर से थाना कोतवाली में तहरीर देकर फर्जी पंजीकृत फर्म के स्वामी आयुष कुमार राय के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वरिष्ठ सहायक देश दीपक श्रीवास्तव द्वारा दी गई तहरीर के अनुसार फर्म ने 04 नवंबर 2025 को तहत पंजीकरण प्राप्त किया था। पंजीकरण में दशार्या गया व्यापार स्थल बिल्डिंग नंबर 286-ए, गोरखपुर-वाराणसी मार्ग, सिविल लाइन्स, आजमगढ़ की 13 फरवरी 2026 को स्थलीय जांच की गई। जांच में उक्त पते पर कोई फर्म संचालित नहीं पाई गई। स्थानीय लोगों ने भी फर्म अथवा उसके स्वामी के संबंध में अनभिज्ञता जताई। जांच के दौरान पाया गया कि पंजीकरण के लिए अपलोड किया गया बिजली बिल भी कूटरचित था। विद्युत विभाग से सत्यापन में स्पष्ट हुआ कि प्रस्तुत बिजली कनेक्शन किसी अन्य व्यक्ति के नाम व पते का है। घोषित मोबाइल नंबर भी बंद पाया गया। विभागीय जांच में सामने आया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में फर्म द्वारा 1098.75 लाख रुपये की आउटवर्ड सप्लाई घोषित की गई तथा 197.77 लाख रुपये की कर देयता दर्शाई गई। पूरी कर देयता का समायोजन कथित रूप से बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के माध्यम से किया गया। जांच के अनुसार फर्म ने से 765.71 लाख रुपये की इनवर्ड सप्लाई दर्शाई, जिस पर 137.82 लाख रुपये की आईटीसी प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि संबंधित सप्लायर फर्म का पंजीकरण जीएसटी नियमावली के तहत निलंबित/रद्द किया जा चुका है। आगे यह भी पाया गया कि फर्म ने 1098.75 लाख रुपये की सप्लाई को दर्शाई और बोगस आईटीसी को आगे पास-ऑन किया। राज्य कर विभाग का आरोप है कि बिना वास्तविक वस्तु आपूर्ति के केवल कागजी लेनदेन के माध्यम से आईटीसी का दावा किया गया, जो जीएसटी अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों के विपरीत है। इस कथित कृत्य से सरकार को 197.77 लाख रुपये की राजस्व क्षति हुई है। मामले को गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पेपर खराब होने से छात्रा ट्रेन के आगे कूदी, मौत

जौनपुर। जिले के थाना क्षेत्र के चैकी कला गांव की छात्रा ने शुक्रवार की सुबह जंघई रेलवे ट्रैक पर चलती ट्रेन के सामने कूदकर अपनी जान दे दिया। इस घटना के बाद वहां भारी भीड़ लग ग गई। बताते है कि चौकी कला गांव निवासी सुरेश जैसवार की 15 वर्षीया पुत्री गरिमा जैसवार आरडी मेमोरियल मॉडर्न कॉन्वेंट इंटरमीडिएट कॉलेज जंघई प्रयागराज की हाईस्कूल छात्रा थी। उसका परीक्षा केंद्र श्रीदेवी प्रसाद इंटर कालेज पिलखिनी जंघई प्रयागराज में था। शुक्रवार सुबह लगभग सात बजे वह साइकिल से सोशल साइंस की परीक्षा देने के लिए घर से निकली थी। बताया गया कि जंघई फाटक से करीब 200 मीटर पूरब रेलवे ट्रैक के किनारे उसने साइकिल खड़ी की और जौनपुर से प्रयागराज जा रही एजे पैसेंजर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मीरगंज व सराय ममरेज पुलिस, आरपीएफ जंघई तथा जीआरपी जंघई मौके पर पहुंच गई। क्षेत्र जीआरपी के अंतर्गत होने के कारण जीआरपी जंघई ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। छात्रा की मौत की खबर मिलते ही परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए। परिवार में कोहराम मच गया। चचेरे चाचा राजेश जैसवार ने बताया कि हिन्दी का पेपर ठीक न होने और तीन प्रश्न छूट जाने से गरिमा काफी तनाव में थी। जीआरपी जंघई प्रभारी अरुण मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा पूरे मामले की जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में परीक्षा तनाव को आत्महत्या का कारण माना जा रहा है।

## स्वास्थ्य को लेकर किशोरियों को जागरूक किया

जौनपुर। मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान और वेल्सपन फाउंडेशन फॉर हेल्थ एंड नॉलेज के सयुंक्त तत्वाधान मे ग्राम पंचायत भवन पचवल रामपुर



में 10 ग्राम पंचायत से 70 महिलाओ और किशोरियो को स्वास्थ के मुद्दे प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। कृष्णा प्रसाद यादव ने बताया कि वेलस्पन कंपनी का कार्य सराहनी कार्य है जो गांव की महिलाओ के स्वास्थ के मुद्दे पर महिलों और किशोरियों को जागरू करते है । पियर लीडर ट्रेनिंग दिवस के अवसर पर रीता सिंह ने बताया कि महिलाओ से जुड़ी ये जो बीमारी है जैसे एनीमिया पोषण ,माहवारी स्वच्छता ,जेंडर , वास सर्वाइकल कैंसर के मुद्दों पर जागरूक किया गया । यह भी बताया कि स्वास्थ्य के मुद्दे पर मदद ले सकते है । परियोजना के प्रोजेक्ट क्वाडिनेटर उमाशंकर ने परियोजना के कार्य और उद्देश्यो के में बताया । कार्यक्रम का संचालन रीता सिंह ने किया। ट्रेनिंग में पूजा भारती जयदेवी उमा , आनंद आदि लोग शामिल हुए।

## एसपी ने किया कोतवाली का निरीक्षण

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह ने शहर कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, अभिलेखों, शस्त्रागार, हवालात, मालखाना एवं थाना परिसर की साफ-



सफाई व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव, लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा थाना परिसर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आमजन से विनम्र एवं शिष्ट व्यवहार बनाए रखने, शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित करने तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापेमारी से हड़कम्प



आजमगढ़। होली पर्व के मद्देनजर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।

सहायक आयुक्त (खाद्य) द्वितीय आजमगढ़ सुशील कुमार मिश्र के नेतृत्व में गठित खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर नमूने संग्रहित किए और संदिग्ध खाद्य पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई की। अभियान के दौरान सरदहा स्थित एक प्रतिष्ठान से सरसों के तेल का एक नमूना, जीयनपुर से एक खोया व एक पनीर का नमूना, बनकट से एक घी व एक खोया का नमूना तथा बेलईसा से एक पनीर का नमूना लिया गया। इसके अतिरिक्त 25 किलोग्राम संदूषित पनीर (मूल्य 7,500 रुपये) को मौके पर ही नष्ट कराया गया। खाद्य सचल दल ने इटौरा मोड़ से दो खोया और एक छेना रसगुल्ला का नमूना तथा चक्रपानपुर से दो रंगीन कचरी के नमूने संग्रहित किए। साथ ही 371 किलोग्राम रंगीन कचरी (मूल्य 22,260 रुपये) जब्त की गई। दो खाद्य कारोबारियों को सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। संग्रहित सभी नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। सहायक आयुक्त (खाद्य) सुशील कुमार मिश्र ने बताया कि होली को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि पैक्ड खाद्य सामग्री खरीदते समय उसकी बेस्ट बिफोर और एक्सपायरी डेट अवश्य जांचें तथा चमकीली और रंगीन मिठाइयों एवं खाद्य पदार्थों से परहेज करें।

छापेमारी दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रजनीश कुमार, गोविंद यादव, संजय कुमार तिवारी, सुचित प्रसाद, लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, अमरनाथ, बेबी सोनम एवं राजीव कुमार सिंह शामिल रहे।

## 56 दावे सुने, 33 मामलों का मौके पर निस्तारण

मीरजापुर। मंडलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, राजेश प्रकाश की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में राज्य सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक देयों से संबंधित प्रकरणों इसके अतिरिक्त यदि किसी विभाग के द्वारा सेवानिवृत्तिक देयों से संबंधित प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही बरती गई तो उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर





के निस्तारण हेतु मण्डलीय पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा कुल 56 दावे को सुनते हुए मौके पर 33 मामलों का सुनवाई स्थल पर ही निस्तारण कर किया गया, शेष प्रकरणों में संबंधित विभागों को एक सप्ताह में निस्तारित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अन्दर शेष प्रकरणो का निस्तारण करते हुए अपर निदेशक पेंशन के माध्यम अवगत कराएं तथा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, अपर आयुक्त (प्रा.) राज कुमार द्विवेदी, अपर निदेशक, संयोजक पेंशन अदालत गिरीश कुमार, मुख्य कोषाधिकारी मीरजापुर अर्चना त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी भदोही बृजेश सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी सोनभद्र इन्द्रभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सीएल वर्मा व अन्य विभागों के अधिकारीगण के साथ पेंशनर्स संघ के पदाधिकारीगण तथा पेंशनर्स उपस्थित रहे।

## स्कॉर्पियो की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

जौनपुर। रामपुर थाना क्षेत्र के भारत पेट्रोलियम रामपुर के सामने पेट्रोल लेकर टंकी से निकल रहे बाइक सवारों को विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो से टक्कर हो जाने से एक की मौत हो गई जबकि एक घायल हो गया। बताते है कि 25 वर्षीय अभिषेक भीवर पुत्र स्वर्गीय रामबली भीवर मोटरसाइकिल से भदोही के सुरियावां में किसी बारात में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान रामपुर स्थित भारत पेट्रोलियम पंप से पेट्रोल लेकर जैसे ही निकला तभी मड़ियाहूं की तरफ जा रही स्कार्पियो ने तेज टक्कर मार दिया ।जिससे अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई तथा पीछे बैठा सोनू दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका उपचार वाराणसी में चल रहा है। पुलिस ने स्कॉर्पियो को अपने कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है।

## राजेश कुमार मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त

सोनभद्र। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सत्र 2025 -2026 के चुनाव हेतु एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजेश कुमार यादव एडवोकेट को डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र का चुनाव कराने के लिए मुख्य चुनाव अधिकारी नियुक्त किया है। उनके सहयोग के लिए सुरेश सिंह कुशवाहा एडवोकेट व राजकुमार सिंह पटेल एडवोकेट को सहायक चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष श्रीनाथ सिंह एडवोकेट ने कहा कि चुनाव अधिकारी का स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी होती है। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाना, जिसमें मतदान, मतगणना और परिणामों की घोषणा शामिल है। मुख्य चुनाव अधिकारी राजेश कुमार यादव एडवोकेट ने कहा कि चुनाव का समय सारणी घोषित कर दिया गया है। नामांकन प्रपत्र वितरण व जमा 23 फरवरी 2026 से 24 फरवरी 2026 तक होगा। नामांकन सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र पर आपत्ति तथा नामांकन प्रपत्र की जांच व आपत्ति का निस्तारण 25 फरवरी 2026 को होगा। वैध नामांकन सूची का प्रकाशन व नामांकन प्रपत्र वापसी व अंतिम सूची का प्रकाशन 26 फरवरी 2026 को होगा। निःशुल्क मतदाता सूची का वितरण 27 फरवरी को व टेंडर मतदान 7 मार्च 2026 को होगा। मतदान की तिथि 9 मार्च 2026 को नियत की गई है। उसी दिन मतगणना होगी तथा उसी दिन परिणाम की घोषणा होगी तथा एल्डर कमेटी द्वारा शपथ ग्रहण भी कराया जाएगा। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह एडवोकेट, पूर्व अध्यक्ष श्यामबिहारी यादव एडवोकेट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह एडवोकेट, महामंत्री प्रदीप कुमार सिंह मौर्य एडवोकेट, चतुर्भुज शर्मा एडवोकेट मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक दल में महिलाओं को मिली नयी जिम्मेदारी

सोनभद्र। राष्ट्रीय लोक दल के पार्टी कार्यालय पर आज पार्टी को जनपद में मजबूत करने हेतु महिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। पार्टी का सदस्यता ग्रहण आज करीब दर्जनों की संख्या में महिलाओं ने किया। आपको बताते चलें कि राष्ट्रीय लोक दल के जिला महिला कार्यकारिणी में महिलाओं को बड़ी जिम्मेदारी भी दी गई। कार्यकारि अध्यक्ष के रूप में पूजा यादव व अनीता देवी, चिंता मौर्य, गीता मौर्य को महिला प्रकोष्ठ का जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली, वहीं पुनम शर्मा, चंद्रकला को महासचिव की जिम्मेदारी मिली। ऊषा देवी, सुनीता देवी, रिंकी देवी को सचिव की जिम्मेदारी मिली। साथ ही ब्लॉक अध्यक्ष कर्मा की जिम्मेदारी मनसा देवी को मिल अल्पना पटेल को घोरावल ब्लॉक अध्यक्ष की जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दिया गया। जिम्मेदारी मिलते ही महिलाओं



के चेहरे पर खुशी देखने को मिला।

जिला अध्यक्ष श्रीकांत त्रिपाठी ने कहा कि पार्टी में महिलाओं की भूमिका अत्यंत आवश्यक होती है। केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में हमारी पार्टी की महिलाओं द्वारा आदिवासी समाज पिछड़ा समाज आदि में जानकारी देने और लाभान्वित कराने का कार्य किया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत को लेकर त्रिपाठी ने कहा कि इस बार जनपद में त्रिस्तरीय चुनाव में सबसे ज्यादा महिलाओं को चुनावी मैदान में उतारा जाएगा और ज्यादा से ज्यादा सीटों पर राष्ट्रीय लोक दल का कब्जा रहेगा जिससे कि जनपद में पार्टी को मजबूती मिल सके। महिला प्रकोष्ठ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों द्वारा मिठाई खिलाकर बधाई दिया गया।

## कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का हुआ शुभारंभ

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव में शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक आचार्य पंडित नारायण प्रसाद चौबे सहित स्थानीय महिलाएं, पुरुषों एवं बच्चों ने शामिल होकर भगवान की महिमा का गुणगान किया। कलश यात्रा श्रीमद् भागवत स्थल से गाजे बाजे के साथ प्रारंभ होकर गंगहरा कलां गांव स्थित तालाब पर पहुंची। वहां से कलशों में पवित्र जल भरकर शिव मंदिर से कथा स्थल तक पहुंची। इसके बाद पंडितों और व्यास पीठ के सानिध्य में मंत्रोच्चार के साथ कथा की शुरूआत की गई। संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक आचार्य पंडित नारायण प्रसाद चौबे ने कहा की भागवत के चार अक्षरों का तात्पर्य यह है कि भा से भक्त, ग से ज्ञान व से वैराग्य और त से त्याग है। जो हमारे जीवन में प्रदान करें उसे हम भागवत कहते हैं। इस दौरान मुख्य जवान पंडित रामनरेश दुबे एवं श्रीमती चंद्रकांता देवी के अलावा अयोध्या कृष्ण मुरारी दुबे मौजूद रहे।

# टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत किया जागरूक

जिला संवाददाता

मीरजापुर। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन की पुलिस उपाधीक्षिका गायत्री यादव के उपस्थिति में मौजूद प्रशिक्षु पुलिस जवानों को शुक्रवार 20 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा टीबी, एचआईवी एवं कैंसर रोग के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस

लाइन में सीओ गायत्री यादव द्वारा मौजूद जवानों से स्वास्थ्य विभाग की टीम का परिचय कराते हुए कहा गया कि उपरोक्त रोग समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। इसमें भारत के हर नागरिक को जागरूक होने की आवश्यकता है, ताकि समाज में ऐसी बीमारियों से होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से बचाव किया जा सके। क्षय विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा जवानों को टीबी रोग के समस्त लक्षणों से परिचित कराते हुए सरकारी स्तर से वर्तमान में दी जा रही सभी जांच एवं इलाज की निःशुल्क सुविधाओं की जानकारी विस्तार से दी गई। कहा गया कि आप सभी आगामी समय में विभागीय





जिम्मेदारियां के तहत निभाए जाने वाले शांति और सुरक्षा आदि के दायित्व के दौरान संज्ञान में आए लक्षण प्रभावित मरीज को सरकारी स्वास्थ्य केंद्र तक भेजने का भी फर्ज निभाने का प्रयास करते हैं तो यह जनहित एवं देश हित में एक बड़ा सराहनीय सहयोग सिद्ध होगा। पीएमडीटी कोऑर्डिनेटर दुर्गेश कुमार रावत द्वारा एचआईवी पीड़ित व्यक्तियों को संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों के विषय में बताया गया। साथ ही साथ कैंसर रोग के लक्षण व बचाव एवं उपचार पर भी प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में एचआईवी काउंसलर अपर्णा त्रिपाठी द्वारा एचआईवी, एड्स के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए रोग से संक्रमित होने कारण एवं बचाव की जानकारी प्रदान की गई। कहा गया की हर गर्भवती महिला को गर्भ के प्रारम्भिक तीन माह के दौरान एचआईवी जांच अवश्य करा लेना चाहिए, ताकि यदि मां में संक्रमण की स्थिति हो तो बच्चे को पॉजिटिव होने से बचाया जा सके। इस दौरान अखिलेश कुमार पांडेय, पंकज सिंह, अवध बिहारी कुशवाहा, प्रतिक, नीरज, आकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर संपन्न

सोनभद्र। एनसीएल द्वारा सीएसआर के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से समय-समय पर अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता रहा है, इसी क्रम में गत गुरुवार को एनसीएल की निगाही परियोजना ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत वार्ड क्रमांक 24, नवानगर में निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

शिविर के दौरान निगाही परियोजना से चिकित्सकों की टीम ने उपस्थित लोगों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण सहित गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का परीक्षण किया तथा उन्हें निरूशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया। इस अवसर पर 150 लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया जिसमें 30 गर्भवती महिलाएं शामिल हैं। गौरतलब है कि एनसीएल, अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए ऐसे शिविरों का आयोजन करता रहता है ताकि समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाई जा सकें।

# माखन चोरी की लीला देख भक्त हुए भाव विभोर



सोनभद्र। नगर के रामलीला मैदान में चल रहे 11 दिवसीय श्री कृष्ण रासलीला के पांचवें दिन भगवान श्रीकृष्ण का गोपियों संग रासलीला, श्री श्याम राधा जी की सगाई की रस्म व इसके बाद माखनचोरी का भावपूर्ण मंचन वृन्दावन के कलाकारों द्वारा किया गया। श्री विशाखा रमन बिहारी रासलीला मंडल के संचालक स्वामी दाऊ दयाल उपाध्याय के निर्देशन में चल रही श्रीकृष्ण रासलीला में रविवार की रात भगवान श्री कृष्ण की बचपन की माखन चोरी की अलग-अलग लीलाओं में श्री कृष्ण कैसे गोपियों के घर जाकर माखन चुराया करते थे, दिखाया गया। इस दौरान कान्हा के माखन चुराने की शिकायत लेकन पहुंची गोपियों का मंचन सबसे आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान एक गोपी कान्हा जी को पकड़कर यशोदा मैया के पास लेकर पहुंचती है, लेकिन भगवान उस गोपी के बेटे का रूप धारण कर लेते हैं। पंडाल में मौजूद दर्शकों ने इस मंचन को देखकर खूब तालियां बजाई। इस दौरान नंद गांव में पहुंची राधा जी की सगाई का मंचन भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जितेंद्र सिंह, कृष्ण मुरारी गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, रामप्रसाद यादव, राजेश सोनी, धर्मेश सिंह खरवार, मनोज सिंह, मनोज यादव, सत्यनारायण यादव, उमेश यादव, सौरभ यादव, विजय कानोड़िया, सरजू प्रसाद, संदीप पांडेय, डॉ. चंद्रभूषण पांडेय, डॉ. अनिल पांडेय, हर्ष केसरी, प्रदीप केशरी, उमेश केशरी राहुल मोदनवाल, लल्लू मोदनवाल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## स्वस्थ व दीर्घायु जीवन का आधार है योग : योगी ज्वाला

मीरजापुर। युवा भारत की ओर से नगर के गणेशगंज स्थित केबी पीजी कॉलेज के बीएड विभाग में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर युवा भारत के सह राज्य प्रभारी राष्ट्रीय योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने बीएड अभ्यर्थियों योग आसन प्राणायाम के साथ ध्यान का विशेष अभ्यास कराते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि जी ने मनुष्य को जीवन में पूर्ण रूप से स्वस्थ निरोग सुखमय एवं दीर्घायु जीवन के लिए



अष्टांग योग के बारे में बताया है। जहां इसके आठ अंग, यम नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि के विभिन्न चरण को जीवन में आत्मसात कर और इसे अपने दिनचर्या का अहम हिस्सा बनाते हुए जीवन को पूर्ण रूप से स्वस्थ और निरोग बनाकर जीवन के उद्देश्यों को पूर्ण कर स्वास्थ के परम्लक्ष्यों की प्राप्ति कर सकता है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ भवभूति मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय योग गुरु योगी ज्वाला सिंह ने बीएड अभ्यर्थियों को पांच दिनों तक योग की विभिन्न शाखाओं से संबंधित, ज्ञानयोग भक्तियोग कर्मयोग राजयोग हठयोग लययोग योग नादयोग अष्टांग योग जैसे विशेष शाखाओं से जुड़े योग के विषयों का अनुपम संग्रह के अद्भुत ज्ञान से अभ्यासियों को परिचित कराते हुए, उन्हें जीवन में सदैव स्वस्थ एवं मस्त रहने का मूल मंत्र दिया। इस अवसर पर विभाग की ओर से बीएड डॉ भवभूति मिश्रा व कॉलेज के समस्त सहयोगियों केद्वारा योग गुरु योगी ज्वाला सिंह एवम्‌इनके सहयोगी प्रवीण मौर्या को इनके योग सेवा के सुंदर कार्य व सहयोग के लिए अंग वस्त्र भेंट कर पौधा प्रदान करते हुए इनको सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में योग गुरु ने विभागाध्यक्ष डॉक्टर भवभूति मिश्रा की ओर से योग शिविर में पांच दिनों तक योग अभ्यास में शामिल होकर योग करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

संक्षेप

## मानवाधिकार आयोग के स्पेशल मॉनिटर का आगमन

**बहराइच** । राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (बाल एवं बधुआ श्रम) के स्पेशल मॉनिटर धनन्जय टिंगल ने जनपद भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी कक्ष में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, सहायक श्रम आयुक्त सिद्धार्थ मोदियानी व अन्य अधिकारियों तथा विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करते हुए बाल एवं बंधुआ श्रम के विभिन्न प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू करने तथा जनपद को बाल श्रम एवं बंधुआ श्रम की कुप्रथा से मुक्त कराने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी सम्बन्धित विभागों को समन्वय के साथ बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रभावी कार्यवाही की जाय।

# भारत में आध्यात्मिक पुनर्जागरण का नया काल खंड शुरू : उपराज्यपाल





- बनकटा शिव में लक्ष्मीनारायण महायज्ञ में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल का हुआ आगमन
- भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पहुंचे उपराज्यपाल

**भटनी (देवरिया)**। स्थानीय क्षेत्र के बनकटा शिव में आयोजित श्रीलक्ष्मीनारायण महायज्ञ एवं विग्रह प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव में जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा मौजूद होकर इस पल के साक्षी बने। उनके आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। यज्ञस्थल पर प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। उप राज्यपाल के पहुंचते ही प्रोटोकॉल के तहत पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके उपरांत उन्होंने नवनिर्मित लक्ष्मीनारायण मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विग्रह की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहभागिता की। वेदाचार्यों और गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में संपन्न हुए इस आध्यात्मिक अनुष्ठान के दौरान पूरा वातावरण श्रद्धा और भक्ति से सराबोर रहा। जब उप राज्यपाल का काफिला यज्ञ स्थल के समीप बने विशाल पंडाल के मंच पर पहुंचा तो जयघोष और स्वागत नारों से पूरा परिसर गूंज उठा। मंच पर महायज्ञ के मुख्य आयोजक प्रभात कुमार राय, संरक्षक उमाशंकर राय एवं उनके परिवार सहित अन्य ने उनको अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर उनका भव्य स्वागत किया। उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्राचीन पौराणिक कथाओं के अनुसार त्रेता युग में देवरिया की उत्पत्ति मानी जाती है। ऐसी मान्यता है कि प्रभु श्रीराम 14 वर्ष के वनवास के दौरान यहां भी कदम रखे थे। आध्यात्मिक उन्नति के लिए धैर्य, साहस, आंतरिक शक्ति बड़ी आवश्यक होती है। हमारे पूर्वजों में इसी से आध्यात्मिक उन्नति लिखी थी। लक्ष्मीनारायण मंदिर की स्थापना पर आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि आज त्यागी जी महाराज का सपना साकार हुआ। उन्होंने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक आध्यात्मिक जागरण का नया काल खंड देश में शुरू हुआ है। अब भारत केवल आर्थिक उन्नति की कहानी नहीं लिख रहा, बल्कि वह सभ्यतापूर्ण जागरण का साक्षी बन रहा है। आज पूरा विश्व इस बात को स्वीकार कर रहा है कि समावेशी विकास, टेक्नालोजी आधारभूत संरचना के तहत भारत ने अपनी अलग पहचान बनाई है। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अन्तयार्मी सिंह, मुकुल राय, अंकुर राय, अजीत कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाटपाररानी के हिंदी प्रवक्ता पवन कुमार राय ने किया। अंत में आयोजक प्रभात कुमार राय ने सभी आगंतुकों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### उपराज्यपाल का जगह जगह हुआ स्वागत

**देवरिया**। भटनी विकासखंड के बनाकटाशिव में आयोजित सात दिवसीय भागवत ज्ञान यज्ञ और विग्रह प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का देवरिया सीमा में जगह-जगह जोरदार स्वागत किया गया।

जिला मुख्यालय के सुभाष चौक पर भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकताओं ने उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया वही खुखुंदू में ग्रामीणों ने उपराज्यपाल का स्वागत किया। मंदिर परिसर में पहुचने पर कतारबद्ध भीड़ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया ।

## धनन्जय यादव बने एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष

**देवरिया** । भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई के शीर्ष नेतृत्व ने देवरिया के मेहड़ा पुरवा निवासी धनंजय यादव को जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। इनकी नियुक्ति पर जिले के कांग्रेसियों में उत्साह है। जिला कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए एनएसयूआई के संगठनात्मक विस्तार और छात्र आंदोलनों को नई दिशा मिलने की उम्मीद जताई। धनंजय यादव को मिली जिम्मेदारी से जिले में छात्र संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष विजय शेखर मल्ल 'रोशन', युवा कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव चन्द यादव, उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस पूर्वी जोन के पूर्व अध्यक्ष सुयश मणि त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, रामजी गिरी, जयदीप त्रिपाठी, मुकुंद भास्कर मणि त्रिपाठी, आनंददेव गिरी ह्यचुन्नूह्न, भरत मणि, संजीव कुमार मिश्रा, जयप्रकाश धनगर, चंदन वर्मा, धर्मेंद्र कुमार पाण्डेय, शिव शंकर सिंह, मनोज मणि, रामप्रवेश सिंह, हरिहर त्रिपाठी, मार्कण्डेय मिश्रा, रत्नेश मल्ल ह्यपिंटूह्न, राजकुमार जायसवाल, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, डॉ.एस के पाठक, सत्य प्रकाश मणि, विनोद दुबे, कुलदीप यादव, शहनाज जफर, मधु शर्मा, सच्चिदानंद मिश्रा, विनोद त्रिपाठी, डॉ.सी.पी. चौहा सहित जनपद के समस्त कांग्रेसजनों ने शुभकामनाएं दीं।

## भूतपूर्व सैनिकों और शहीद आश्रितों को मिलेगा स्वरोजगार का अवसर

**देवरिया**। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, देवरिया ने बताया है कि जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास परिसर में भूतपूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं के स्वझरोजगार हेतु निर्मित 18 व्यवसायिक केंद्रों में से 02 व्यवसायिक केंद्रों का आवंटन किया जाना है। इन दुकानों के आवंटन के लिए आवेदन पत्र कार्यालय में 23 फरवरी, से उपलब्ध रहेंगे। इच्छुक अभ्यर्थी कार्यालय के कार्यदिवसों में निर्धारित तिथि से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन हेतु पात्रता भूतपूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की पत्नियों तथा उनके आश्रितों के लिए निर्धारित की गई है आवेदन पत्र पूर्ण रूप से निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, देवरिया से संपर्क कर सकते हैं।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक 27 को

**देवरिया**। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अप्रा.) ने बताया है कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान के लिए ह्यजिला सैनिक बंधुह्न की बैठक का आयोजन 27 फरवरी को अपराह्न 1:00 बजे नवीन सभागार, कलेक्ट्रेट, देवरिया में किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी करेंगे। उन्होंने पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों से अपील की है कि वे अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु निर्धारित तिथि को बैठक में उपस्थित होकर लिखित प्रार्थना पत्र तीन प्रतियों में साथ लाएं।

## रोजगार महोत्सव 24 को

**देवरिया** । उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन एवं आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी को जनपद में एक भव्य रोजगार महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में सीधे रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है जिला समन्वयक, जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, उ०प्र० कौशल विकास मिशन, देवरिया ने बताया कि महोत्सव में देश-प्रदेश की 15 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। विभिन्न क्षेत्रों जैसे आईटी, मैन्युफैक्चरिंग एवं सेवा क्षेत्र में हजारों रिक्त पदों पर युवाओं का चयन किया जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा।

# भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ की कार्यकारिणी गठित



- अजय मिश्र राष्ट्रीय अध्यक्ष और ओम प्रकाश मणि बने उपाध्यक्ष

**देवरिया** । भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ (रजि.) के राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक रामनाथ देवरिया स्थित एक निजी विद्यालय पर हुई। जिसमें भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से अजय कुमार मिश्रा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया व ओमप्रकाश मणि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने। संगठन का विस्तार करते हुए आम सहमति से राजीव कुमार मिश्रझ राष्ट्रीय महामंत्री, अभय कुमार निगमझ राष्ट्रीय संयोजक, विपिन कुमार शर्माझ राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता, बागेश्वरी मिश्राझ राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवं धनंजय नाथ त्रिपाठी को राष्ट्रीय संगठन मंत्री चुना गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी के गठन से प्रदेश कार्यकारिणी व जिले कार्यकारिणी को बल मिलेगा, जिससे संगठन मजबूत होगा और विस्तार भी होगा। उन्होंने कहा कि संगठन की एकता और मजबूती को सर्वोपरि रखेंगे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मणि ने कहा कि हर विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व समाज में शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य संगठन करेगा। राष्ट्रीय महामंत्री राजीव कुमार मिश्रा ने कहा कि आपसी सहयोग और समर्पण से संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा। बैठक को अन्य पदाधिकारी ने भी संबोधित किया। उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन कुमार शर्मा ने दी।

# पूर्वांचल में 140 उद्यमों को बढ़ावा देगी जागृति




**देवरिया**। जागृति उद्यम केंद्रझपूर्वांचल के बरगद सभागार में शुक्रवार को पूर्वांचल के सात जिलों में कार्यरत उद्यम कोर और उद्यम मित्रों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जल्द शुरू होने जा रहे नए कोहोर्ट की तैयारियों और उद्यमियों के चयन प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई।

इन्क्यूबेशन निदेशक विश्वास पांडेय ने कहा कि वर्ष 2026झ27 के लिए कुल 140 उद्यमों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया बहु-स्तरीय होगी जिसके लिए सातों जिलों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि उद्यमियों को व्यवस्थित मार्गदर्शन, बाजार से जुड़ाव और वित्तीय समझ से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि सातों जिलों में मोबिलाइजेशन की गति और गुणवत्ता ही कार्यक्रम की सफलता तय करेगी। हमारा प्रयास है कि चयन प्रक्रिया पारदर्शी हो और वास्तव में उन उद्यमियों तक पहुंचे जिन्हें संरचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

डिजिटल सीओई मैनेजर अभिषेक भारद्वाज व उद्यम कोर दुर्गेश सिंह ने बताया कि जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र, एनआरएलएम, खादी ग्रामोद्योग, डूडा, आरसेटी सहित विभिन्न सरकारी एवं सामाजिक संस्थाओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है, जिससे कार्यक्रम की पहुंच और प्रभाव दोनों बढ़ रहे हैं। मैनेजर इंपैक्ट डॉ. खुशबू शर्मा ने कहा कि जागृति उद्यम केंद्रझपूर्वांचल अब तक 280 से अधिक उद्यमों को इन्क्यूबेशन सहयोग दे चुका है। इन उद्यमों के माध्यम से करीब 98.5 करोड़ रुपये का सामूहिक राजस्व सृजित हुआ है। साथ ही 5.07 करोड़ रुपये की फंडिंग सहायता उपलब्ध कराई गई है, जिससे 2,601 से अधिक रोजगार के अवसर बने हैं और 8,310 किसान लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि इन उपलब्धियों के आधार पर नए कोहोर्ट को और व्यापक बनाया जाना है। बैठक में देवरिया, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, संत कबीर नगर, बलिया व मऊ जिले के उद्यम कोर व उद्यम मित्र ने अपने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किए। उन्होंने मोबिलाइजेशन के दौरान सामने आ रही चुनौतियों पर भी चर्चा की। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता की कमी, दस्तावेजी प्रक्रिया को लेकर भ्रम और डिजिटल प्लेटफॉर्म की सीमित समझ को प्रमुख बाधाओं के रूप में चिन्हित किया गया। हालांकि, स्थानीय स्तर पर संवाद, परामर्श बैठकों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से इन चुनौतियों को दूर करने के प्रयास जारी हैं। *इन सेक्टर के उद्यमी कर सकते हैं आवेदन *इन्क्यूबेशन निदेशक विश्वास पांडेय ने बताया कि कृषि एवं कृषि-प्रसंस्करण, हस्तकला एवं स्थानीय शिल्प, कपड़ा एवं फैशन, सेवा क्षेत्र, डिजिटल स्टार्टअप, एफएमसीजी तथा अन्य नवाचार आधारित उद्यम आवेदन कर सकते हैं। चयन के दौरान प्रतिबद्धता, विस्तार की संभावना और रोजगार सृजन की क्षमता को प्रमुख आधार बनाया जाएगा।

## थाई मॉनेस्ट्री में बुद्ध पर आधारित नृत्य संगीत प्रतियोगिता आयोजित



**कसया, कुशीनगर**। बुद्ध स्थली स्थित थाई मॉनेस्ट्री द्वारा आयोजित पांच दिवसीय बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह के पहले दिन गीत, संगीत प्रतियोगिता आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत थाई बौद्ध मंदिर के प्रभारी आचान सोंगपोंग द्वारा अतिथियों को माल्यार्पण कर किया गया। प्रतिभागी बच्चों के द्वारा धम्म पर आधारित गीत नृत्य व भगवान बुद्ध के जीवन दर्शन पर आधारित मनमोहक गीत नृत्य प्रस्तुत किया। भंते ने बताया कि समारोह के दूसरे दिन 21 फरवरी कल बुद्ध पर आधारित पेंटिंग प्रतियोगिता होगी। जिसका परिणाम 24 तारीख को घोषित किया जाएगा। सांस्कृतिक प्रतियोगिता मे लिंह सन इंटर कालेज, लोहिया पब्लिक स्कूल, छत्रपति शिवाजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व केशवर इंटर कॉलेज बनवारी टोला, आर जी पब्लिक स्कूल आदि स्कूलों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। संचालन टीके राय और अमिताभ त्रिपाठी ने किया। कंटेस्ट में ले. जनरल कसाना जोंगसंग, मिसेज कनाउट, राजू खन्ना, टीके राय, अंबिकेश त्रिपाठी, ओम प्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सुरज यादव, गौतम शर्मा, प्रबंधक ध्रुव सिंह पटेल, प्रभुनाथ सिंह, आमोद सिंह, स्वामीनाथ सिंह, अभिनव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# हमारी संस्कृति उदारता की संस्कृतिः डॉ.: विश्वंभर नाथ




**कुशीनगर**। बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक श्री पवन केडिया ने बौद्धिक सत्र में भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता विषय पर बोलते हुए कहा कि हमारी संस्कृति उदारता की संस्कृति है। हम सहअस्तित्व की भावना में विश्वास करते हैं। भारत की पहचान अनेकता में एकता की रही है। सामाजिक समरसता हमारे लिए लोकतांत्रिक विचार से ज्याद जीवन पद्धति है अतः समरसता चर्चा का नहीं अपितु जीवन में उतारने का विषय है। समरसता का भाव शिक्षा के माध्यम से ही समाज में फैलेगी। आपने कहकि जब तक देश के निवासी जाति, धर्म और भाषा से ऊपर उठकर समाज को एकजुट करते हुए समाज में समरसता कायम कर सकते हैं।

मुख्य वक्ता डॉ विश्वंभर नाथ प्रजापति ने बताया कि भारत प्राचीन काल से ही विविधता को पोषित और पल्लवित करने वाला देश है। हमारा देश सामाजिक समरसता के मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ा है। सामाजिक समरसता हमारी संस्कृति का हिस्सा है। यहां शुरू से ही ज्ञान की समानांतर धाराएं एक साथ आगे बढ़ती रही है। यहां विभिन्न धर्म और दार्शनिक मत एक साथ आगे बढ़े हैं। यहां आस्तिक और नास्तिक दर्शन सहअस्तित्व के साथ साझा संस्कृति विकसित करते हैं। यही विचार हमारी विरासत है। हमारे एकता को विखंडित करने का कार्य पश्चिम ने किया। यह पश्चिम की विशेषता है जो अलग अलग दार्शनिक मत या मतांतर को भेदभाव के रूप में देखते हैं।

जबकि भारतीय संस्कृति में समरसता उसका अंतर्निहित तत्व है। जिसे पश्चिम नहीं समझ पाया। बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता कर रहे डॉ सौरभ द्विवेदी ने बताया कि भारत की संस्कृति ही समरसता की संस्कृति है। अंग्रेज विश्वभर में जहां भी गए वहां वे मूलनिवासियों असभ्य होने का टैग देते गए। जबकि असभ्यता को खुद वे ढोते रहे। उनके यहां 500 वर्षों तक दास प्रथा प्रचलित रही। उन्होंने महिलाओं को मताधिकार का अधिकार बहुत बाद में दिया जबकि भारत ने राजनैतिक गुलामी के त्याग के साथ ही सभी तरह के। सामाजिक कुरीतियों को त्याग कर आगे बढ़ना सुनिश्चित किया। हमारे वेद, हमारे पुराण, हमारे उपनिषद किसी के प्रति भेदभाव, घृणा और अन्तर नहीं सीखते। हमारी महान परंपरा हमे सहअस्तित्व और अनुराग के साथ आगे बढ़ने की सीख देती है। आभार ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ जितेंद्र मिश्र ने किया। बौद्धिक सत्र के विषय की स्थापना डॉ पारस नाथ ने किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेविका निवेदिता पाण्डेय ने किया जबकि अतिथियों का परिचय एवं स्वागत कार्यक्रम अधिकारी डॉ निगम मौर्य ने किया।

## जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच** । उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में उद्योग बन्धु समिति एवं सीएम युवा उद्यमी की बैठक सम्पन्न हुई। एम.ओ.यू. क्रियान्वयन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त उद्योग ने बताया कि ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 से अब तक जनपद बहराइच हेतु निवेशकों द्वारा कुल 194 एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित हुए हैं। जिनका निवेश मूल्य रू. 2877.99 करोड़ है। जिसके सापेक्ष इन्वेस्ट यू.पी. द्वारा निवेश सारथी पोर्टल पर रू. 2225.10 करोड़ लागत के 154 एम.ओ.यू. अपलोड किये गये थे, जिसका सत्यापन उद्यमी मित्र तथा जिलाधिकारी के स्तर से पूर्ण हो गया है। अब तक 108 इकाईयां क्रियाशील हो गयी है। अवशेष इकाईयों की स्थापना सम्बन्धी कार्यवाही प्रगति पर है। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदन पत्रों पर चर्चा के दौरान बताया गया कि 44 विभागों से सम्बन्धित अनापत्ति एवं सहमति प्राप्त करने हेतु 01 अप्रैल 2025 से 19 फरवरी 2026 तक 3642 आवेदन प्राप्त हुए है जिसके सापेक्ष 3265 आवेदन स्वीकृत, 65 आवेदन पत्र अण्डर क्वेरी तथा 107 आवेदन पत्र समय अन्तर्गत तथा 02 आवेदन पत्र समय उपरान्त लम्बित हैं। डीएम श्री त्रिपाठी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित कराएं साथ ही निवेश मित्र पोर्टल के माध्यम से अधिक से अधिक आवेदन कराएं। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया गया कि एम.ओ.यू. के माध्यम से निवेश को बढ़ायें तथा सम्बन्धित विभागों के साथ समन्वय कर अवशेष को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार करें और जो एमओयू रेडी हैं उनका क्रियान्वयन शीघ्र कराया जाय। बैठक के दौरान कृष्ण मोहन साल्वेक्स प्रा.लि. के पार्टनर विजय केडिया द्वारा अवगत कराया गया कि इकाई ग्रा. वजीरपुर परगना व तहसील बहराइच में निमार्णाधीन है उक्त बाउण्ड्री के अन्दर कोई निर्माण नही है।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत 22 फरवरी को विशेष अभियान दिवस

**कुशीनगर**। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियां 06 मार्च 2026 तक प्राप्त की जा रही हैं। इसी क्रम में 22 फरवरी 2026 (रविवार) को जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर विशेष अभियान दिवस आयोजित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि को सभी पदाभिहित स्थलों पर प्रातः 10:30 बजे से अपराह्न 04:30 बजे तक संबंधित अधिकारी एवं आवश्यक स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा हेतु फार्म-6 (घोषणा-पत्र सहित), 6ए, 7 एवं 8 (घोषणा-पत्र सहित) की पर्याप्त उपलब्धता रहेगी। प्रत्येक मतदान केन्द्र पर हेल्प डेस्क की स्थापना की जाएगी, जहां मतदाताओं को फार्म भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों के प्रपत्रों का सुव्यवस्थित अभिलेखीकरण किया जाएगा ताकि आवश्यकता पड़ने पर उन्हें तुरंत उपलब्ध कराया जा सके। मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ लेवल एजेंटों को भी अभियान की जानकारी देकर सहयोग प्राप्त किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों को भी अभियान के संबंध में अवगत कराया गया है।

विशेष अभियान दिवस का व्यापक प्रचार-प्रसार प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के माध्यम से किया जाएगा। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रिक्शा/लाउडस्पीकर अथवा डुगडुगी के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। अभियान से संबंधित फोटो एवं वीडियो जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट तथा आधिकारिक ह्यएक्सह्न हैंडल पर अपलोड किए जाएंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विशेष अभियान दिवस के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा बूथों का भ्रमण किया जाएगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं 05 बूथों तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी 10 बूथों का पर्यवेक्षण करेंगे, जबकि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संबंधित विधानसभा क्षेत्र के 10 प्रतिशत मतदान केन्द्रों का निरीक्षण करेंगे। उन्होंने समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे 22 फरवरी को अपने निकटतम मतदान केन्द्र पर पहुंचकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने, संशोधन अथवा विलोपन से संबंधित दावे एवं आपत्तियां अवश्य प्रस्तुत करें, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

# निलंबन, मुकदमा और खामोशी, 700 छात्रों के भविष्य पर बड़ा सवाल

जिला संवाददाता

- आदेश दोनों पर, कार्रवाई एक पर, डीआईओएस ने खेला सुनियोजित खेल

**कुशीनगर**। पडरौना में गोस्वामी तुलसी दास इंटर कॉलेज के 700 पत्राचार परीक्षार्थियों को परीक्षा से वंचित करने के गंभीर मामले में एक तरफा कार्रवाई ने नया बखेडा खडा कर चचाओं का बाजार गर्म कर दिया है। प्रधान लिपिक पर मुकदमा दर्ज कर निलंबन की कार्रवाई कर दी गई है, वही दुसरी ओर नोडल अधिकारी पर ठोस कदम अब तक लंबित हैं जबकि निदेशालय द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को दिये आदेश में नोडल अधिकारी व प्रधान लिपिक दोनो के खिलाफ उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 की धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराने का उल्लेख किया गया है। डीआईओएस के इस कार्रवाई के पीछे खुद को और दोषियों को बचाने की बात कही जा रही है। वजह यह है कि इस पूरे प्रकरण में डीआईओएस दफ्तर की जबाबदेही नोडल अधिकारी व प्रधान लिपिक से अधिक है। यही वजह है कि पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ा सवाल डीआईओएस कार्यालय की भूमिका को लेकर उठ रहा है।

### आदेश दोनों पर, फिर कार्रवाई एक पर क्यों

पत्राचार शिक्षा संस्थान, प्रयागराज उत्तर प्रदेश के अपर शिक्षा निदेशक सीएल चौरसिया द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को जारी आदेश पत्र मे गोस्वामी तुलसीदास इंटर कालेज के नोडल अधिकारी विकास मणि त्रिपाठी और प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक के विरुद्ध उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराए जाने का निर्देश स्पष्ट शब्दों मे दिया गया है।

इसके बावजूद जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने प्रबंधक व प्रधानाचार्य के माध्यम से केवल प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर बिना नोटिस जारी किये निलंबन के कार्रवाई की संस्तुति कर दी जबकि नोडल अधिकारी पर अब तक कोई कार्रवाई नही हुई ?

### प्रक्रिया की परतें, डीआईओएस दफ्तर की भूमिका

विभाग से जुडे जानकारों की माने तो परीक्षा आवेदन पत्र अंतिम रूप से डीआईओएस कार्यालय के माध्यम से ही बोर्ड को भेजे जाते हैं। ऐसे मे 700 परीक्षार्थियों के फॉर्म अपूर्ण व त्रुटिपूर्ण थे, तो तीन संभावनाएँ बनती हैं। पहला जांच हुई, लेकिन खामियां पकड़ी नहीं गईं।

दुसरा जांच औपचारिक रही, गहन नहीं और तीसरा जांच हुई ही नहीं। बताया जाता है कि डीआईओएस कार्यालय के माध्यम से ही परीक्षा आवेदन पत्र बोर्ड तक जाते हैं। ऐसे में यदि 700 फॉर्म त्रुटिपूर्ण थे, तो क्या डीआईओएस दफ्तर में उनकी जांच नहीं हुई? अगर जांच हुई, तो गड़बड़ी पकड़ी क्यों नहीं गई? और यदि नहीं हुई, तो यह चूक किसकी मानी जाए? तीनों ही स्थितियाँ डीआईओएस दफ्तर की जवाबदेही पर प्रश्नचिह्न खडा करती हैं। आवेदन जब डीआईओएस दफ्तर से होकर बोर्ड तक गए, तो निगरानी और क्रॉस-चेक की जिम्मेदारी भी डीआईओएस दफ्तर की बनती है। प्रक्रिया के जानकार बताते हैं कि इतने बड़े पैमाने की त्रुटि आमतौर पर बहु-स्तरीय निगरानी की विफलता का संकेत होती है।

### निलंबन का खेल

विधि विशेषज्ञों ने बिना नोटिस निलंबन को लेकर कानूनी सवाल उठाते हुए कहा कि सेवा नियमावली के तहत सामान्यतः निलंबन से पूर्व कारण बताओ नोटिस व स्पष्टीकरण की प्रक्रिया अपनाई जाती है, खासकर जब मामला जांचाधीन हो। यदि प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ, तो न्यायालय से राहत मिलना संभव है। सूत्रो का कहना है कि इस गंभीर प्रकरण में डीआईओएस अपनी खुद की जबाबदेही से खुद को किनारा कसते हुए पहले नोडल अधिकारी विकास मणि त्रिपाठी को बचाया फिर आरोपी दोषी प्रधान लिपिक को बिना नोटिस जारी किये, बिना स्पष्टीकरण लिए निलंबन की संस्तुति करके न्यायालय से राहत प्राप्त करने सुनियोजित खेल, खेला है।

### क्या करना चाहिए था डीआईओएस को

विभाग से ताल्लुकात रखने वाले जानकारो की माने तो जिला विद्यालय निरीक्षक, पत्राचार शिक्षा संस्थान, उत्तर प्रदेश से जारी आदेश के अनुपालन मे अपर निदेशक के पत्र का हवाला देते हुए नोडल अधिकारी विकास मणि त्रिपाठी व विद्यालय के प्रधान लिपिक ज्ञान प्रकाश पाठक के खिलाफ अपने पद से तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराते फिर प्रधान लिपिक के खिलाफ प्रबंधक से निलंबन का प्रस्ताव लेकर नोटिस जारी करते, स्पष्टीकरण लेते उसके बाद संतुष्टपूर्ण जबाब न मिलने की दशा मे निलंबन की संस्तुति करते। किन्तु डीआईओएस ने ऐसा न करके पहले खुद को इस प्रकरण से अलग किया फिर नोडल अधिकारी को बचाया उसके बाद प्रधान लिपिक को बचने का पुरा अवसर दिया है जबकि सात सौ छात्रो चौपट हुए भविष्य के जिम्मेदार यह तीनो

## 21 फरवरी को राजकीय आईटीआई में आयोजित होगा रोजगार मेला

बहराइच 20 फरवरी। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच की प्रधानाचार्या श्रीमती स्मृति शर्मा ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बहराइच के परिसर में 21 फरवरी 2026 को आयोजित होने वाले रोजगार मेले में श्री राम पिस्टन गाजियाबाद की कम्पनी द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा।

श्रीमती शर्मा ने बताया कि रोजगार में समस्त तकनीकी व्यवसायों से रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त कर आई.टी.आई. उत्तीर्ण एवं हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ 21 फरवरी 2026 को पूर्वान्ह 10:00 आईटीआई परिसर में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

संक्षेप

## प्रोविजन स्टोर में लगी आग, लाखों का नुकसान

सीतापुर। जिले के इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के एलिया कस्बे में देर रात एक बड़ी प्रोविजन दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। आग की इस घटना में दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गई और पीड़ित दुकानदार को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी। जानकारी के अनुसार एलिया निवासी विनय नागर की कस्बे में परचून की बड़ी दुकान है। गुरुवार रात वह प्रतिदिन की तरह दुकान बंद कर घर चले गए थे। कुछ देर बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें सूचना दी कि दुकान से धुआं उठ रहा है। मौके पर पहुंचने तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। सूचना मिलते ही प्रभारी थानाध्यक्ष आशीष तिवारी पुलिस बल के साथ पहुंचे और दमकल विभाग को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा सामान नष्ट हो चुका था। आग के कारणों की जांच की जा रही है।

## हर्ष फायरिंग का वीडियो वायरल पुलिस जांच में जुटी

सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मुसब्बरपुर में तिलक समारोह के दौरान लाइसेंसी शस्त्रों से हर्ष फायरिंग किए जाने का मामला सामने आया है। राइफल और पिस्टल से ताबड़तोड़ कई राउंड फायरिंग किए जाने से समारोह स्थल पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सूत्रों के अनुसार बसवई गांव से दो दिन पूर्व तिलक कार्यक्रम मुसब्बरपुर पहुंचा था। कार्यक्रम के दौरान कुछ लोगों ने उत्साह में आकर लाइसेंसी हथियारों से फायरिंग शुरू कर दी। तेज आवाजों से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि इस घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रही। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए महोली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस फायरिंग करने वालों की पहचान, हथियारों के लाइसेंस और परिस्थितियों की पड़ताल कर रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक समारोहों में हर्ष फायरिंग कानूनन अपराध है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## बीघापुर में समाधान दिवस आज

उन्नाव। 21 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बीघापुर में होगा, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण आदि मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील सदर उन्नाव में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील सफीपुर में अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), तहसील बांगरमऊ में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसील हसनगंज एवं पुरवा में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

## मनचले युवक पर केस दर्ज

मौरावां, उन्नाव (वीओएल)। मौरावां थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की पर बातचीत का दबाव बनाने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह शिकायत द्वारिका नाथ खेड़ा मजरा लाउवासिंघन खेड़ा निवासिनी महिला ने 19 फरवरी 2026 को मौरावां थाने में दर्ज कराई थी। महिला ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी 15 वर्षीय बेटी जब भी घर से बाहर आती-जाती है, तो गांव का ही धर्मवीर पुत्र कैलाश यादव उसे रास्ते में रोककर बातचीत करने का दबाव बनाता है। शिकायत के अनुसार, जब लड़की इसका विरोध करती है, तो आरोपी धर्मवीर उसे जान से मारने की धमकी देता है और उसके पिता व भाई को भी जान से मारने की बात कहता है। वह गाली-गलौज भी करता है। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने इस मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र के आधार पर धर्मवीर के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 352 और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले की जांच उपनिरीक्षक कृष्ण चंद्र मोहन सक्सेना को सौंपी गई है।

# योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं, युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। इंडियन बैंक अंचल कार्यालय सीतापुर प्रांगण में शुक्रवार को वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न सरकारी एवं बैंकिंग योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकास खण्डों से आए 300 से अधिक लाभार्थियों ने प्रतिभाग कर योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य युवाओं, महिलाओं एवं स्वरोजगार से जुड़े व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के क्रेडिट लिंकेज, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, पीएम स्वनिधि, मुद्रा तथा पीएमएफएमई जैसी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। मुख्य महाप्रबंधक ने बैंक द्वारा संचालित आरसेटी संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रमुख आर.पी. दुबे ने की। इस अवसर पर विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी योजनाओं के अंतर्गत कुल 110 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण पत्र लाभार्थियों को वितरित किए गए। कार्यक्रम में उप अंचल प्रमुख अश्वनी कुमार सिंह, अग्रणी जिला प्रबंधक मनोज कुमार, बैंक के अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाकर आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा।

## प्रधान संघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



सीतापुर। विकास खंड महोली में एक प्रधान के साथ सफाई कर्मी द्वारा कथित अभद्रता और प्रशासनिक लापरवाही के विरोध में प्रधान संघ ने प्रदर्शन कर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रधान संघ महोली के अध्यक्ष अतुल मिश्रा की अगुवाई में हुए प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष गोविंद मिश्रा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। प्रधानों का आरोप है कि 19 फरवरी को आयोजित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज प्रशिक्षण अभियान के दौरान हुई घटना में एडीओ पंचायत ब्रेम कुमार द्वारा अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई, जिससे प्रधानों और कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। संघ ने एडीओ पंचायत को तत्काल हटाने की मांग करते हुए कहा कि निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान महेवा, पिपरवा, कुसैला, बगचन, जमुनिया, परसेहरा, महुआकोला, मुड़ाहूसा, बरातपुर, उरदौली, रायपुर, चितहला, कुमरपुर गद्दी, शिल्हापुर, कुंवरपुर सहित करीब 50 से अधिक प्रधान उपस्थित रहे। बीडीओ प्रशान्त शुक्ला ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रधानों ने चेतावनी दी कि मांगें न मानी गईं तो आंदोलन तेज किया।

## नर्सिंग होम में युवक की मौत लापरवाही का आरोप

सीतापुर। जिले के खैराबाद कस्बे में एक कथित रूप से बिना पंजीकरण संचालित नर्सिंग होम में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया और कार्रवाई की मांग की। परिजनों के अनुसार युवक को गुरुवार दिन में हालत खराब होने पर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था। बताया गया कि मरीज की स्थिति गंभीर देख डॉक्टर ने पहले उसे रेफर करने की बात कही, लेकिन बाद में बेहतर इलाज का भरोसा देते हुए एक इंजेक्शन लगा दिया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद युवक की हालत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। परिजनों का यह भी कहना है कि मृत्यु के बाद भी अस्पताल प्रबंधन ने अवैध रूप से पैसे वसूले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। मामले की जांच जारी है।

## कलेक्ट्रेट परिषद में नये अधिवक्ता चैंबर का शुभारंभ

फतेहपुर। आज कलेक्ट्रेट परिसर में उपभोक्ता फोरम के सामने, समाज कल्याण विभाग के निकट अमित कुमार मौर्य एडवोकेट के चैंबर का उद्घाटन एक महत्वपूर्ण आयोजन था। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं और जूनियर अधिवक्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं उपस्थितजनकार्यक्रम में मुख्य रूप से सीनियर अधिवक्ता मेवालाल मौर्य, अजीत सिंह राठौर, आदित्य श्रीवास्तव एडवोकेट, एस के प्रजापति, विवेक दुबे, हेमंत कुमार तिलक, अजय कुमार एडवोकेट हाई कोर्ट सुयश मिश्रा, शिवम यादव, दिलीप यादव, वीर सिंह, शैलेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। यह



समागम अधिवक्ता बंधुओं के बीच एकजुटता का प्रतीक बना। सभी ने अमित कुमार मौर्य को उनके नए चैंबर के लिए बधाई दी। आयोजन का महत्वयह उद्घाटन वराणसी के कलेक्ट्रेट क्षेत्र में कानूनी पेशेवरों की सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक कदम है। उपस्थित अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे के प्रति सम्मान व्यक्त किया तथा भविष्य में न्याय व्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## विकास भवन में ऋण वितरण कार्यक्रम संपन्न



फतेहपुर। फतेहपुर में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर एक भव्य ऋण वितरण शिविर का आयोजन विकास भवन सभागार में अग्रणी जिला कार्यालय द्वारा किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में ऋण जमा अनुपात की प्रगति सुनिश्चित करने हेतु संपन्न हुआ।

शिविर का उद्देश्यअग्रणी जिला प्रबंधक गोपाल कृष्णा ने बताया कि जनपद फतेहपुर का वर्तमान ऋण जमा अनुपात लक्ष्य से कम है, इसलिए इस शिविर का आयोजन प्रगति हेतु किया गया। जिला उद्योग विभाग, सभी बैंकों के जिला समन्वयक एवं अन्य विभागों ने सक्रिय भागीदारी की। जिले भर के लाभार्थियों को आमंत्रित कर जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वीकृत ऋण चेक वितरित किए गए। ऋण वितरण का विवरणशिविर में कृषि, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग तथा खुदरा ऋण के लाभार्थियों को सभी बैंकों द्वारा कुल 90 करोड़ रुपये की ऋण स्वीकृति एवं वितरण प्रदान किया गया। इससे मुख्यमंत्री योजना के ऋण वितरण लक्ष्य की भी पूर्ण प्राप्ति हुई। यह प्रयास जिले के आर्थिक उत्थान में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्य अतिथि एवं उपस्थितजनकार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी, उपस्थित ।

## खैराबाद एआरटीओ कार्यालय में दो दिवसीय परिवहन मेला

### वन टाइम टैक्स व्यवस्था की दी जानकारी



सीतापुर। खैराबाद स्थित उप संभागीय परिवहन कार्यालय परिसर में दो दिवसीय परिवहन मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी ने किया। मेले का उद्देश्य उत्तर प्रदेश परिवहन विभाग की नवीन वन टाइम टैक्स (एकमुश्त कर अदायगी) प्रणाली की जानकारी वाहन स्वामियों तक पहुंचाना रहा।

एआरटीओ ने बताया कि 7500 किलोग्राम तक के सभी मालवाहक और यात्री वाहनों को एकमुश्त कर व्यवस्था में शामिल किया गया है। अब वाहन स्वामियों को प्रत्येक तीन माह या प्रतिवर्ष टैक्स जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। एक बार कर जमा करने पर दोबारा भुगतान नहीं करना पड़ेगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। मेले में टैक्स निर्धारण की प्रक्रिया, वाहन की श्रेणी, भार व सीट क्षमता के आधार पर कर दरों की जानकारी दी गई। ऑनलाइन पोर्टल व कार्यालय काउंटर से भुगतान की प्रक्रिया समझाई गई तथा विलंब शुल्क के प्रावधान बताए गए। मेले में 146 लोगों ने भाग लेकर अपनी कर संबंधी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया।

## नवविवाहिता ने की आत्महत्या, जांच जारी

सीतापुर। कोतवाली नगर क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक नवविवाहिता का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार कजियारा निवासी शादाब की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व शाहजहांपुर निवासी जमील खां की पुत्री नाजमीन से हुई थी। नाजमीन शादी के बाद से ससुराल में रह रही थी और करीब एक सप्ताह पहले ही मायके से लौटकर आई थी। शुक्रवार सुबह परिजनों ने उसे कमरे में फंदे से लटका देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा खुलवाकर शव को नीचे उतरवाया। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और परिजनों के बयानों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

## घटिया निर्माण पर कार्रवाई ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

सीतापुर। सीतापुर जिले के परसेंडी विकासखंड की ग्राम पंचायत देना में मिड डे मील (एमडीएम) शेड के गुणवत्ताहीन निर्माण के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी हिमांशु दीक्षित को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई निमार्णाधीन शेड को ध्वस्त किए जाने के बाद की गई। खंड विकास अधिकारी रजनीश शुक्ल के निर्देशन में, उच्चाधिकारियों के आदेश पर जेसीबी से एमडीएम शेड को गिराया गया। लघु सिंचाई अभियंता दीपक चैहान की जांच रिपोर्ट में निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएं और घटिया सामग्री के उपयोग की पुष्टि हुई थी। जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई अभिलेखीय जांच में पाया गया कि 5,46,800 रुपये की लागत से बन रहे शेड में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई और पर्यवेक्षण में भी शिथिलता बरती गई। निलंबन आदेश में हिमांशु दीक्षित पर घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता और स्वेच्छाचारिता के आरोप लगाए गए हैं। साथ ही, गो आश्रय स्थल योजना के क्रियान्वयन में उदासीनता भी उनके खिलाफ दर्ज की गई है।

## घुमंतू समाज को कपड़ा वितरण



सीतापुर। मे घुमंतू समाज के लोगों की सुविधा के लिए कस्बे की रायपुर गंज कॉलोनी में श्री पीतांबरा शिक्षा समिति द्वारा जरूरतमंद परिवारों को कपड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान 40 पुरुषों को पैंट-शर्ट तथा 13 बच्चों को पहनने के लिए वस्त्र प्रदान किए गए। वितरण के समय समाज के लोगों में उत्साह देखा गया। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने बताया कि जिलाधिकारी की मंशा के अनुरूप संस्था लगातार घुमंतू समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को बंजारा कॉलोनी में एक निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर केपी सिंह मेमोरियल हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित होगा। संस्था के चेयरमैन डॉ. एसपी सिंह शिविर और कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। शिविर में कॉलोनी के सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाएंगी।

## मनरेगा बचाओ यात्रा गांवों में पहुंची, मजदूरों से किया संवाद



सीतापुर। शुक्रवार को मनरेगा बचाओ यात्रा छठे दिन गौरा अर्जुनपुर, गड़रियनपुरवा, खजुरिया, गुरईपुर और नौव्वा महमूदपुर गांवों में पहुंची, जहां ग्रामीणों से मनरेगा एवं पंचायतीराज अधिकारों को लेकर संवाद किया गया।

नौव्वा महमूदपुर बाजार में आयोजित मनरेगा मजदूरों की सभाह्व में वक्ताओं ने ग्रामीण रोजगार और स्थानीय स्वशासन के अधिकारों पर जोर दिया। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष (दलित प्रकोष्ठ) विष्णु गौतम ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था ही गांव के भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने आरोप लगाया कि ब्लॉक स्तर पर अधिकारियों और बिचैलियों के कारण ग्रामीणों के अधिकार कमजोर हो रहे हैं। यात्रा का उद्देश्य पंचायतीराज की शक्ति पुनः गांवों को सौंपना है। मनरेगा मजदूर नेता सुनीला रावत ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण मजदूरों की बेहतरी की आधारशिला है, जिसे कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। वहीं यात्रा के संयोजक एवं कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष (संगठन) शिवप्रकाश सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों से ग्रामीण रोजगार प्रभावित हो रहा है। इस दौरान हरगांव विधानसभा क्षेत्र के नेता राधेश्याम कनौजिया और आनंद गौतम ने भी अपने विचार रखे। यात्रा में अनिल गुप्ता, दीपक कुमार, फूल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## नहर में बहता मिला अज्ञात महिला का शव, क्षेत्र में दहशत

सीतापुर। जिले के लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्राम महजिदिया के पास शारदा सहायक नहर में एक अज्ञात महिला का शव तेज धारा में बहता दिखाई दिया। करीब 35 वर्षीय महिला का शव पानी में बहता देख इलाके में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार नहर की बाईं पटरी पर मौजूद ग्रामीणों की नजर जैसे ही शव पर पड़ी, अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। शव तेज बहाव के साथ बिसवां दिशा की ओर बढ़ता रहा, जिससे दहशत और बढ़ गई। सूचना मिलते ही लहरपुर पुलिस हरकत में आई। कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि टीम को मौके पर भेजकर नहर किनारे-किनारे शव को रोकने का प्रयास किया जा रहा है। आसपास के थानों को भी अलर्ट कर दिया गया है। शव की पहचान और मौत के कारणों की जांच की जा रही है। बरामदगी के बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

## बेटियों के विवाह में पुष्प फाउण्डेशन ने पहुंचायी मदद



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के समाजसेवी राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बहनों के वैवाहिक कार्यक्रमो में सामाजिक सरोकारों को लेकर किए जा रहे कार्य लगातार जन-जन तक उम्मीद और संबल पहुँचा रहे है। पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में बेटियों के विवाह संस्कार में कन्यादान कर सैकड़ों जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जा चुकी है। फरवरी माह के 10 फरवरी के बाद से 20 फरवरी तक विधानसभा क्षेत्र भगवन्तनगर के 5 ब्लॉको, बिछिया, पुरवा, सिकंदरपुर कर्ण, बीघापुर, सुमेरपुर ब्लॉक के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो व गांवो में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने रिकार्ड 131 बहनों की शादी में कन्यादान करके अपनी सेवा भावना का संकल्प व्यक्त किया। विधानसभा क्षेत्र में तेजसिंह खेड़ा, महरामऊ निबई, बरुवा, कोरारी कला, कोरारी खुर्द, टेढ़ा, गिरिजानगर, केतार खेड़ा, पकरा बुजुर्ग, कुकुरी, धमनी खेड़ा, बीघापुर, खरौली, दलन खेड़ा, रूप खेड़ा, बाजितपुर, बैदरा, बहुराजमऊ, धानी खेड़ा, भगवन्त खेड़ा, बक्सर, दूली खेड़ा, लाल खेड़ा, रानीपुर, गौरा, अचलगंज, हड़हा, सुपासी, बदरका, दुंदपुर, मवइया, धनकोली, रघुनाथ खेड़ा, चिलौली, भवानी खेड़ा, लालगंज, जगदीशपुर, पनई, कल्याणपुर, कुम्भी बाजितपुर, मोहकमपुर, डौड़िया खेड़ा सहित आदि अन्य गांवों में राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने वैवाहिक घरों में पहुँचकर कन्यादान किया और परिवारों को सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर टीम ने वर-वधू को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं भी दीं कन्यादान प्राप्त करने वाले परिवारों ने पुष्प फाउंडेशन के इस मानवीय प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना की और कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए यह सहयोग किसी संजीवनी से कम नहीं है, इस सामाजिक सेवा कार्यक्रम में मानवेन्द्र सिंह, आर के सिंह, पंकज सिंह बाबा, मैनेजर सिंह, कमलेश यादव, रामजी यादव, आशू सिंह, सेनू यादव, दीपक राजावत, अनीश यादव, मयंक पटेल सहित टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में समाज के जरूरतमंद वर्ग के लिए आगे भी निरंतर सेवा करते रहने का संकल्प दोहराया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह का यह प्रयास क्षेत्र में सामाजिक समरसता और बेटियों के सम्मान को नई दिशा देने का कार्य कर रहा है। जिसकी समाज के हर वर्ग ने सराहना की है।

## ऋण वितरण शिविर का सीडीओ ने किया शुभारंभ



उन्नाव। जनपद की सभी बैंको की सहभागिता से अग्रणी जिला प्रबन्धक राजकुमार गौतम द्वारा निराला प्रेक्षाग्रह में वृहद ऋण वितरण शिविर (मेला) एवं ग्राहक जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलन कर किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान समेत विभिन्न ऋण योजनाओ के कुल 153 लाभार्थियो को 101 करोड़ का ऋण बांटा गया। अपने संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी कृतिराज ने कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार लोगो को आत्मनिर्भर व वित्तीय रूप से साक्षर बनाने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी एवं ऋण योजनाएं चला रही हैं जिनके माध्यम से आप लोग व्याजमुक्त ऋण लेकर समय से अदा करके आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो सकते हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान इसी की एक कड़ी है जिसके माध्यम से 4 वर्ष तक ब्याज मुक्त ऋण दिया जाता है जिसके माध्यम से लघु उद्योग संचालित करके आप अपन जीवन स्तर ऊंचा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान सहित अन्य ऋण योजनाओ के पात्र लाभार्थियो से अनुरोध है कि इस ऋण का उपयोग उसी कार्य में करें जिसके लिए ऋण दिया गया है। उन्होंने लाभार्थियो को ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र भी वितरित किये। कार्यक्रम के आयोजक एलडीएम आरके गौतम ने बताया कि इस शिविर का उद्देश्य ऋण वितरण के साथ-साथ अधिक से अधिक लोगो को बैंक योजनाओ से जोड़ना है जिसके लिए वित्तीय साक्षरता अति आवश्यक है। हमारे वित्तीय साक्षरता केन्द्र इस अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, माटीकला, एक जनपद एक उत्पाद सहित विभिन्न योजनाओ के 150 से अधिक लाभार्थियो को कुल 101 करोड़ ऋण स्वीकृति प्रमाणपत्र वितरित किये गये। इस अवसर पर जिले की सभी बैंको के जिला समन्वयक, बैंक आफ इण्डिया (आरसेटी) एवं क्रिसिल फाउण्डेशन द्वारा स्टाल लगाकर लोगो को बैंक योजनाओ की जानकारी दी गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने स्टालो का अवलोकन कर लक्ष्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिये। जिला सहकारी बैंक द्वारा मोबाइल एटीएम के माध्यम से लोगो को एटीएम चलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया।

## स्वास्थ्य शिविर कैंप का आयोजन



जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। उत्तर प्रदेश एड्स नियंत्रण कंट्रोल सोसाइटी लखनऊ एवं जिला क्षय रोग अधिकारी के आदेशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरवा की टीम द्वारा आईसीटीसी सेंटर से महेश कुमार के द्वारा ग्राम में स्वास्थ्य शिविर जांच कैम्प लगाया गया।

अचलखेरा विलेज हेल्थ न्यूट्रिशियन डे में जाकर वी.एच.इन.डी सत्र पर आई सभी गर्भवती महिलाओं और जनरल लाभार्थियों को एच.आई.वी फैलने और बचाव के कारण बताए गए तथा सामाजिक लांछन और भेदभाव को दूर कर समानता व्यवहार लाने की बात की गई। सभी गर्भवती महिलाओं को ए.एन.सी के दौरान होने वाली जांचों के बारे में बताया गया और सभी को एच आई वी जांच कराने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान संबधित विभागीय कर्मचारी व गर्भवती महिलाएं उपस्थित रही।

संक्षेप

## बोर्ड परीक्षा में सोशल साइंस व कृषि विज्ञान का पेपर शांतिपूर्ण सम्पन्न

**ललितपुर।** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा-2026 के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित परीक्षाएं जिले में शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित माहौल में सम्पन्न हुईं। प्रशासन और शिक्षा विभाग की कड़ी निगरानी में परीक्षा केन्द्रों पर व्यवस्थाएं संतोषजनक रहीं।

हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान परीक्षा में कुल 19,700 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 18,770 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 930 अनुपस्थित रहे।

संस्थागत श्रेणी में 19,588 पंजीकृत में से 18,672 उपस्थित और 916 अनुपस्थित रहे। वहीं व्यक्तिगत श्रेणी में 112 पंजीकृत में से 98 उपस्थित तथा 14 अनुपस्थित दर्ज किए गए। इधर इंटरमीडिएट कृषि विज्ञान परीक्षा में कुल 374 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 371 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और मात्र 3 अनुपस्थित रहे। संस्थागत श्रेणी में 373 में से 370 उपस्थित और 3 अनुपस्थित रहे, जबकि व्यक्तिगत श्रेणी का एकमात्र परीक्षार्थी उपस्थित रहा। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की नकल या अव्यवस्था की सूचना नहीं मिली। केंद्रों पर स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं उड ?दस्तों द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने बताया कि आगामी परीक्षाएं भी इसी तरह कड़ी निगरानी में सम्पन्न कराई

## बोर्ड परीक्षा देने जा रहे छात्र की सड़क हादसे में मौत

**महोबा।** बोर्ड परीक्षा देने जा रहे दो छात्र सड़क हादसे का शिकार हो गए। कबरई थाना क्षेत्र के बरबई गांव के पास एक खड़े पिकअप वाहन से बाइक टकराने से दसवीं के एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। उसका साथी गंभीर रूप से घायल है। मृतक छात्र की पहचान मकरबई गांव निवासी शिवम उम्र लगभग 17 वर्ष के रूप में हुई है। घायल छात्र उमेश भी उसी गांव का रहने वाला है। दोनों कबरई के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दसवीं के छात्र थे और शुक्रवार सुबह सामाजिक विज्ञान का पेपर देने खन्ना के ब्रह्मचारी इंटर कॉलेज जा रहे थे। हादसा बरबई गांव के पास हुआ, जहां एक पिकअप वाहन पंक्चर होने के कारण सड़क किनारे खड़ा था। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खडे पिकअप से जा टकराई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों छात्र सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों छात्रों को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के उपरांत शिवम को मृत घोषित कर दिया। दूसरे छात्र उमेश का उपचार जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कार की टक्कर से 12वीं के छात्र की मौत

**देवरिया।** जिले में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार एक स्कॉर्पियो कार ने मोटरसाइकिल सवार 12वीं कक्षा के एक छात्र को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई।

मृतक की पहचान गौरीबाजार थाना क्षेत्र के पलिया टोले गांव निवासी आर्यन कुमार निषाद (17) के रूप में हुई है।आर्यन, चोरखरी स्थित नेशनल इंटर कालेज में 12वीं कक्षा की पढ़ाई करता था और शुक्रवार सुबह बाइक में तेल भराने के लिए वकील गंज गया था।पुलिस के मुताबिक, घर वापस लौटते समय गौरी बाजार की तरफ से जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो कार ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मारी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।आर्यन को शाम को बोर्ड की परीक्षा देने रामपुर स्थित गौनरिया इंटर कॉलेज जाना था।गौरी बाजार थानाध्यक्ष महेन्द्र कुमार ने बताया कि छात्र का शाम को अंग्रेजी का पेपर था और सुबह यह हादसा हो गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और मामले की जांच की जा रही है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बहराइच 20 फरवरी। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह फरवरी के तृतीय शनिवार 21 फरवरी 2026 को तहसील कैसरगंज में जिलाधिकारी तथा तहसील मिहींपुरवा में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

# पॉक्सो मामले में दंपति को फांसी की सजा





जिला संवाददाता

**बांदा।** नाबालिग बच्चों के यौन शोषण के दोषी पति-पत्नी को शुक्रवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा ने फांसी की सजा सुनाई। साथ ही अन्य धाराओं में उम्र कैद और कठोर कारावास की सजा दी। लोक

- पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख देने का आदेश
- 33 बच्चों का किया था यौन शोषण

अभियोजक सौरभ सिंह ने बताया कि विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट के जज ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए मुख्य आरोपी रामभवन और उसकी पत्नी दुर्गावती को मृत्यु दंड की सजा दी है। इस मामले पर सीबीआई दिल्ली ने अक्टूबर 2020 को रिपोर्ट दर्ज की थी जिसमें आरोपी रामभवन और पत्नी दुर्गावती को अभियुक्त बनाया। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से सीबीआई के विशेष अभियोजक धारा सिंह ने मुकदमें की पैरवी की। उन्होने न्यायालय को बताया कि आरोपी नरैनी थानाक्षेत्र के निवासी हैं। आरोपी ने चित्रकूट में किराए के घर में रहकर लगभग 33 नाबालिग बच्चों का यौन शोषण कर वीडियो बनाकर विदेशों में भेजा। आरोपियों में कई वर्षों तक नाबालिग बच्चों को बहलाकर और धमकाकर उनका शारीरिक व मानसिक शोषण किया। बच्चों की उम्र 3 वर्ष से लेकर 18 वर्ष से कम की है। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपियों ने बच्चों के आपत्तिजनक वीडियो और तस्वीरें बनाईं और देश से बाहर करीब 47 देशों में भेजा। इनका इस्तेमाल ब्लैकमेलिंग व अन्य आपराधिक गतिविधियों के लिए किया गया। विशेष न्यायालय ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 377, अप्राकृतिक अपराध, 506, आपराधिक धमकी, 120 बी, आपराधिक साजिश, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम व पॉक्सो अधिनियम की कई गंभीर धाराओं के तहत कोर्ट ने दोषी ठहराया।

कोर्ट ने फैसले में सभी पीड़ित बच्चों को 10-10 लाख रुपये देने का आदेश दिया है और सजा में किए गये जुर्माने को भी बच्चों को देने का आदेश पारित किया है। कोर्ट ने टिप्पणी करते हुए कहा कि ऐसे अपराध न केवल बच्चों के जीवन को बर्बाद करते हैं बल्कि समाज की नैतिक नीव को भी हिला देते हैं। न्यायालय ने कहा कि यदि ऐसे मामलों में सख्ती नहीं बरती गयी तो यह समाज के लिए खतरनाक संदेश होगा। अदालत ने पीड़ित बच्चों के पुनर्वास, मनोवैज्ञानिक उपचार, सुरक्षित भविष्य के लिए राज्य सरकार और संबंधित विभागों को ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। न्यायाधीश ने कहा है कि दोषियों को तब तक फांसी पर लटकाया जाए जब तक उनकी मृत्यु न हो जाए।

गौरतलब है कि न्यायाधीश प्रदीप कुमार मिश्रा का 6 माह में यह तीसरा फैसला है जिसमें दो आरोपियों को मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई है। इससे पूर्व दो मामलों में भी मृत्यु दण्ड की सजा सुनाई गयी है।

## मारपीट में तीन युवक घायल

**ललितपुर।** गुरुवार रात सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पिसनारी बाग में बारातियों और स्थानीय लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद घर के पास शराब पीने से मना करने पर शुरू हुआ, जो देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। घटना में तीन युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, बांसी कस्बे से एक बारात पिसनारी बाग स्थित विवाह घर में आई थी। रात करीब 11 बजे कुछ बाराती विवाह स्थल के पास मोहल्ले में शराब पी रहे थे। इस पर स्थानीय लोगों ने उन्हें मना किया, जिसके बाद दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई और मामला मारपीट तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। मारपीट में घायल दो युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। पुलिस बारात पक्ष के दो युवकों को पूछताछ के लिए कोतवाली ले आई। बताया गया कि युवकों को छुड़ाने के लिए बारात में शामिल बीस से अधिक महिलाएं कोतवाली पहुंच गईं और करीब दो घंटे तक वहां मौजूद रहीं। इसी दौरान बारात घर से कोतवाली आ रहे बांसी निवासी बाराती आकाश शर्मा को रास्ते में कुछ युवकों ने रोककर फिर मारपीट कर दी, जिससे वह भी घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित आकाश शर्मा की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## मासूम अदीब जिंदगी से हारा जंग, दम तोडते बोला अल्लाह से पूछूंगा क्यों दी कम जिंदगी



**बिजनौर।** रमजान के दूसरे रोजे को नौ वर्षीय मासूम अदीब ने सहरी के दौरान दम तोड़ते हुए अपने मां बाप से कहा अल्लाह से पूछूंगा के आखिर मुझे इतनी कम जिंदगी देकर इंसानी दुनिया में क्यों भेजा था। वरिष्ठ पत्रकार नौशाद अंसारी के साले का मासूम बेटा अदीब पिछले चार महिनो से कैंसर की बीमारी से जूझ रहा था। ह्रदय विदारक इस घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार नगीना के वरिष्ठ पत्रकार नौशाद अंसारी के साले थाना नगीना देहात क्षेत्र के रायपुर सादात निवासी नौशाद अहमद पुत्र इरशाद अहमद के नौ वर्षीय बेटे अदीब की दस माह पूर्व तबियत खराब हुई थी। पिता ने इलाज कराया तो हालत में सुधार नहीं हुआ तो धामपुर चिकित्सक ने बालक को टीबी होने की जानकारी दी। टीबी का मुसलसल पिता ने इलाज जारी रखा। इलाज के बावजूद बच्चे की हालत में सुधार होता नहीं दिखा तो पिता ने चार माह पूर्व ऋषिकेश के एम्स में दिखा कर उपचार के लिए भर्ती करा दिया। बालक अदीब की टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद पता चला की अदीब को कैंसर है, और वह दुनिया में थोडे ही दिन का मेहमान है। गरीब व मजदूर पिता ने हिम्मत नहीं हारी और अपने बच्चे को बचाने का हर संभव प्रयास किया। मां बाप को रोज रोता देख मासूम अदीब को भी पता चल चुका था की वो अब ज्यादा दिन जी नहीं पाएगा, इसलिए वो बार बार अपने मां बाप को हिम्मत देता की अल्लाह ने मुझे इतनी ही जिंदगी देकर भेजा था। बेटे की यह बात सुनकर मां बाप का हर वक्त रो -रो कर बुरा हाल होता रहता था। शुक्रवार की सुबह जब अदीब की मां और पिता रोजा रखने की तैयारी कर रहे थे, तभी लगभग 5:30 बजे अदीब ने मां-बाप की गोद में दम तोड़ते हुए कहा कि मैं अल्लाह के घर जा रहा हूं और अल्लाह से पूछूंगा कि उसने मुझे इतनी कम जिंदगी देकर दुनिया में आखिर क्यों भेजा था। अदीब के दम तोड़ते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। था। ह्रदय विदारक इस घटना से क्षेत्र के हर व्यक्ति की आंख नाम है।

## विद्युत विभाग का कारनामा, दूल्हे की जाने वाली थी बारात काट दी घर की बिजली

**बिजनौर।** बिजली विभाग का एक ऐसा कारनामा सामने आया है, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। युवक की उसके घर से बारात निकलने वाली थी। ठीक उसी वक्त बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिना किसी नोटिस के घर का बिजली कनेक्शन काट दिया।जानकारी के अनुसार नूरपुर की डायमंड सिटी कॉलोनी निवासी युवक शुभम चैहान की शुक्रवार को शादी थी और घर में जश्न का माहौल था। महिलाएं मंगल गीत गा रही थीं और दूर-दराज से आए मेहमानों से घर भरा हुआ था। दूल्हा शुभम शेरवानी पहनकर पूरी तरह तैयार था और बारात नजीबाबाद के लिए रवाना होने ही वाली थी। तभी अचानक बिजली चली गई। पहले लगा कि कोई तकनीकी खराबी है, लेकिन जब बाहर जाकर देखा तो नजारा हैरान करने वाला था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि नूरपुर बिजली विभाग का एक लाइनमैन अचानक आया और बिना किसी पूर्व सूचना या चेतावनी के खंभे पर चढ़कर घर की बिजली काट दी। मेहमानों के सामने परिवार को बेहद शर्मिंदगी झेलनी पड़ी। अंधेरा होने की वजह से शादी की रस्में और विदाई की तैयारियां पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गईं। दूल्हे शुभम का कहना है कि उन्होंने मात्र दो महीने पहले ही नया कनेक्शन लिया था और उनका सारा बिल जमा था। स्थानीय लोगों ने भी बिजली विभाग की इस हरकत को अमानवीय और गैर-जिम्मेदाराना करार दिया है।घटना के बाद पूरी कॉलोनी में बिजली विभाग के खिलाफ भारी गुस्सा है। शुभम और उसके परिवार ने प्रशासन से दोषी कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# एडीएम ने किया सदर तहसील का निरीक्षण



**बांदा।** तहसील सदर का अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मदनमोहन वर्मा ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होने तहसील के सभी न्यायालयों का निरीक्षण किया और तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों को दिन-प्रतिदिन सुनवाई कर निस्तारण करने के लिए पीठासीन अधिकारी को निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने राजस्व, अधिष्ठान, अभिलेखगार, संग्रह कार्यालय, नजारत, वीआरसी व दैवीय आपदा पटल का निरीक्षण किया। संग्रह की टॉप 10 पत्रावलियों में यथाशीघ्र राजस्व वसूली करने के लिए निर्देश दिए। उन्होने जनसुनवाई रजिस्टर का अवलोकन किया और प्रतिदिन 10 से 12 बजे तक कार्यालय में बैठकर लोगों की समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील कार्यालयों और परिसर में सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। अपर जिलाधिकारी ने संग्रह अभिलेखागार में पुरानी पत्रावलियों की बिल्डिंग के लिए निर्देश दिए। उन्होने खतौनी कक्ष का भी बारीकी से निरीक्षण किया। दैवीय आपदा पटल पर अभिलेखों को व्यवस्थित किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार विकास पाण्डेय, नायब तहसीलदार हेमंत कुमार, रजिस्टार कानूनगो कमल पाण्डेय, सुशील श्रीवास्तव, अम्बरीस बाजपेयी, शिवाकांत पाण्डेय मौजूद रहे।

# नयी दिल्ली के प्रतिष्ठित यकृत और पित्त विज्ञान संस्थान में किया प्रतिनिधित्व




जिला संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद के स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के

- नवीन उपचार पद्धतियों, हालिया शोध उपलब्धियों एवं बहु-विषयक दृष्टिकोणों पर किया गया गहन विचार-विमर्श

विभागाध्यक्ष डॉ. रवि पचौरी एवं डॉ. सूरवीर ने नई दिल्ली स्थित प्रतिष्ठित यकृत एवं पित्त विज्ञान संस्थान में सारांश 2.0 कार्यक्रम में प्रतिनिधित्व कर अपने विचार रखे। यह सम्मेलन शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध एवं सुव्यवस्थित रहा, जिसमें साक्ष्य-आधारित विमर्श, उन्नत क्लिनिकल अपडेट्स तथा सारांश 2.0 विषय पर व्यापक चर्चाएँ शामिल रहीं। वैज्ञानिक सत्रों में नवीन उपचार पद्धतियों, हालिया शोध उपलब्धियों एवं बहु-विषयक दृष्टिकोणों पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिससे रोगी-सेवा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ करने में सहायता मिलेगी। इस प्रकार की शैक्षणिक सहभागिता संस्थान की उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान-आधारित अधिगम तथा नैदानिक दक्षता को सशक्त करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

दोनों चिकित्सकों ने प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) मयंक कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन, प्रोत्साहन एवं अकादमिक विकास हेतु निरंतर सहयोग के लिए आभार जताया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ



**बांदा।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। 7 दिवसीय शिविर प्राचार्या प्रो. दीपाली गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यक्रम अधिकारी डा.सबीहा रहमानी, डा. जयंती सिंह, डा.नीतू सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला प्रोबेशन अधिकारी मीनू सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि लेखिका छाया सिंह, अंजू दमेले, डायरेक्टर श्रेया आकर्ष इंस्टीट्यूट उपस्थित रही। यशी, प्रियांशी एवं आकांक्षा तथा अन्य छात्राओं ने स्वागत गीत व सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। महिला सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया। डा. सबीहा रहमानी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी दी। प्रो. जितेंद्र कुमार ने कहा कि अनुशासन से रहते हुए कार्यक्रम सफल बनाए। डॉ. माया वर्मा ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ अतिरिक्त गतिविधियों और रचनात्मक क्रियाओं का समावेश हमारे व्यक्तित्व के विकास में अहम होता है। इस दौरान डॉ. जयप्रकाश सिंह, डॉ. अंकिता तिवारी, डॉ. ज्योति मिश्रा, डॉ. मोहम्मद अफजल, डॉ. रामनरेश पाल, डा. आलोक कुमार भारद्वाज, डा. विनय कुमार पटेल मौजूद रहे।

# ईवीएम स्ट्रांग रूम निरीक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी को सभी व्यवस्थाएं मिलीं दुरुस्त

जिला संवाददाता



**बिजनौर।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा भूतल स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवाकर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार को निरीक्षण के दौरान ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया, सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। तदुपरांत उनके द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। जिलाधिकारी द्वारा भूतल स्थित विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के वी वी पेट कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सिक्योरिटी, विद्युत व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जो मानक के अनुरूप संचालित पाई गईं। निरीक्षण के दौरान ईवीएम के रख रखाव व सुरक्षा के दृष्टिगत सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई और सुरक्षा के इंतजाम देख कर संतोष व्यक्त किया। इस अवसर पर अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अखलाक अहमद उर्फ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस पार्टी से अनिल त्यागी एवं काजी आतिफ मौजूद रहे।

# नगर पंचायत ओरन से ईओ इरफान उल्ला को हटाने की मांग

जिला संवाददाता

**बांदा।** नगर पंचायत ओरन में अधिशाषी अधिकारी के पद पर तैनात एसडीएम इरफान उल्ला को हटाने की मांग लोगों और भाजपा नेता मार्तण्ड प्रताप द्विवेदी ने नगर विकास मंत्री व प्रमुख सचिव को पत्र भेजकर की है। भाजपा नेता और नगरवासियों शिवम, अजय, अमित, श्यामजी, रवि, सूरजभान, कल्लू, बबलू ने भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि इरफान उल्ला जिले में बीते दो वर्षों से अधिक समय से अनेक लाभकारी विभागों के पदों का चार्ज लिए हैं साथ ही नगर पंचायत ओरन में ईओ के पद पर भी तैनात हैं।

आरोप है कि इनका रवैया भेदभावपूर्ण व भाजपा विरोधी मानसिकता की सोंच रखने वाला है। इन्हे ईओ के पद में रहते हुए नगर पंचायत से कोई सरोकार नही है। नगर में सफाई व विकास कार्यो से इनका कोई लेना-देना नही है। इससे पहले भी इन पर भेदभावपूर्ण कार्य करने के आरोप लगते रहे हैं। ईओ की कार्यशैली से नगर के लोगों में बेहद नाराजगी है। यही वजह है कि भाजपा नेताओं व नगर के लोगों ने इन्हे तत्काल यहां से हटाने की मांग की है। कहा कि यदि 15 दिन के अंदर इरफान उल्ला को नही हटाया जाता तो मुख्यमंत्री, नगर विकास मंत्री व प्रदेश अध्यक्ष से भेंट कर ईओ के विरूद्ध कार्रवाई की मांग करेंगे। बताते चलें कि इरफान उल्ला के पास अब भी डिप्टी कलेक्टर न्यायिक, आहरण वितरण अधिकारी कलेक्ट्रेट का चार्ज है।

## पुराना माल नये रेट पर बेचकर मालामाल हो रहे गुटखा व्यवसायी, कार्रवाई की मांग

**बांदा।** सिगरेट, गुटखा, पान मसाला उत्पादों की बिक्री में गंभीर अनियमितताओं का मामला अतर्रा कस्बे में सामने आया है। इस अनियमितता को लेकर लोगों ने पत्र के जरिए जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कर गुटका के थोक व्यापारी एवं एजेंसी धारकों के विरुद्ध तत्काल जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि बड़े थोक एवं एजेंसी धारक व्यापारी राजश्री, कमला पसंद, केसर गुटखा पान मसाला पुराने एमआरपी एवं पुराने प्रिंट वाले माल को छिपाकर संभावित नए बढ़े हुए दामों पर ब्लैक में बेंचकर थोक व्यवसायी मालामाल हो रहे है। फुटकर विक्रेताओं से अधिक कीमत बेधड़क वसूल रहे हैं, जबकि पैकेट पर अंकित मूल्य कम है। इसके अलावा बाजार में कृत्रिम माल की कमी की अफवाह फैलाकर जानबूझकर कालाबाजारी की जा रही है। अधिकांश मामलों में बिल न देकर अवैध व्यापार को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे छोटे दुकानदारों और आम उपभोक्ताओं का आर्थिक शोषण हो रहा है। शिकायतकताओं का कहना है कि यह कृत्य उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, खाद्य सुरक्षा अधिनियम एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इससे प्रशासन की छवि धूमिल हो रही है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे व्यापारियों के गोदामों और दुकानों पर तत्काल छापेमारी कराई जाए, पुराने प्रिंट वाले माल को जब्त किया जाए साथ ही दोषी व्यापारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करते हुए जुमार्ना लगाया जाए।

# एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के दो दिवसीय किसान मेला का शुभारंभ

**ललितपुर।** उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कल्याण सिंह सभागार रामनगर ललितपुर में दो दिवसीय किसान मेला का शुभारम्भ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाष नारायण

- जिलाधिकारी ने किसानों को किया सम्बोधित, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपनी आय में करें वृद्धि
- जब अन्नदाता समृद्ध होगा, तभी देश समृद्ध होगा: डीएम

निरंजन एवं श्रम सेवा योजन राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर द्वारा सरस्वती मॉ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया गया। मेला में जनपद के कृषि सहयोगी विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, पी0एम0एफ0एम0ई0 योजना के लाभार्थियों द्वारा स्टॉल लगाये गये। स्टॉलों का निरीक्षण जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, राज्यमंत्री प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधयों द्वारा किया गया। स्टॉलों के माध्यम से किसानों को विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा उद्यान विभाग में संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया एवं आवेदन प्रक्रिया एवं पात्रता पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होने बताया कि उद्यान विभाग की फ्लैगशिप योजना माइक्रोइरीगेषन योजनान्तर्गत जनपद में 4 हजार से अधिक कृषकों को लाभान्वित किया गया है। जनपद में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से 388 खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना की गयी है एवं बागवानी योजना से 70 हे0 में नये बागों का रोपण किया गया है। जिलाधिकारी ने कृषकों को परम्परागत खेती के साथ-साथ औद्यानिक फसलें जैसे-बाग लगाना, सब्जी, मिर्च, हल्दी, धनिया आदि की खेती एक छोटे से खेत से शुरू करने का सुझाव दिया।




उन्होने बताया कि सरकार सभी औद्यानिक फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहन के रूप में बीज, पौधें, खाद, दवाई एवं पोशक तत्व निःशुल्क उपलब्ध कराती हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह सरकार द्वारा संचालित अनेकों किसान हितार्थ का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ0 दिनेश कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की खूबियों को गिनाया उन्होने कहा कि यदि कृशक सूक्ष्म सिंचाई पद्धति अपनाता है तो उसे सामान्य की अपेक्षा 50 से 60 प्रतिषत तक पानी की बचत होती है एवं उत्पादन में वृद्धि होती है। नेहरू महाविद्यालय के उद्यान विज्ञान के प्रवक्ता लक्ष्मीकांत मिश्रा द्वारा कृशकों को बागवानी करने हेतु प्रेरित किया गया। कृषि मृदा संकाय के प्रवक्ताएच0सी0 दीक्षित द्वारा कृषकों को फसल कटाई के बाद फसल अवशेषों को खेत में जलाने से होने वाले नुकसानों को बताया और फसल अवषेश प्रबंधन करने हेतु कृशकों को जागरूक किया। नेमवि के सस्य विज्ञान प्रवक्ता अवनीस कुमार त्रिपाठी ने भी अपने विचार रखे जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाष नारायण निरंजन द्वारा उद्यान विभाग की योजनाओं की सराहना करते हुये कहा कि सरकार द्वारा उद्यान विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य विभाग, दुग्ध विभाग, पशुपालन विभाग आदि के माध्यम से बहुत सारी किसानोन्मुखी योजनायें संचालित है। जो जनपद के किसानों को समृद्धषाली बनाने में अहम भूमिका निभा रही है तथा किसानों की आय बढ़ाने में मददगार साबित हो रही है। अंत में जिला उद्यान अधिकारी द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीगणों, जनप्रतिनिधि एवं कृषकों का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिक दिनेष कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती, उद्यान निरीक्षक रंजीत कुमार एवं जनपद के किसान मौजूद रहे।

## परिवहन मेला में दी गयीं जानकारियां



**ललितपुर।** परिवहन विभाग द्वारा लघु अवधि की श्रेणी के अन्तर्गत एक मुस्त कर ढाँचे के लागू होने के उपरान्त एआरटीओ स्तर पर दो दिवसीय परिवहन मेला का आयोजन शुक्रवार को कार्यालय में किया गया। वाहन स्वामियों एवं आम जनमानस को प्रदेश सरकार की इस जनहितकारी योजनाओ से अवगत कराये जाने के लिये परिवहन कार्यालय ललितपुर में परिवहन मेले का आयोजन किया गया। जिसमें एआरटीओ (प्रशासन) विपिन कुमार चैधरी द्वारा परिवहन मेले में वाहन स्वामियों को एक वारीय कर भुगतान व समायोजन की समस्याओं का मौके पर समाधान हेतु जागरूक किया गया। मेले का उददेश्य एक मुस्त कर व्यवस्था से सम्बन्धित नियमों, कर निर्धारण की प्रक्रिया, कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों एवं ट्रांसपोर्ट संगठनों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करायी गयी, साथ ही वाहन स्वामियों की समस्यओं का मौके पर समाधान नियमानुसार कर वाहन स्वामियों को कर भुगतान व समायोजन की सुविधा प्रदान किये जाने की जानकारी दी गयी।

# सेहत की चिंता

हम क्या खाते हैं, क्या पीते हैं और उसका हमारे स्वास्थ्य पर प्रभाव क्या होता है? यह जानना बहुत जरूरी है ताकि व्यक्ति स्वाद के लिए या फिर भूख मिटाने के लिए जो कुछ खाये, उसके बारे में सही फैसला कर सके। सुप्रीम कोर्ट ने जो पहल की है, वह बहुत वाजिब है। बीते सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) से उन पैकेटबंद खाद्य पदार्थों पर फ्रंट ऑफ पैक यानी पैकेट पर सामने की ओर चेतावनी लेबल लगाने पर गंभीरता से विचार करने को कहा, जो चीनी, संतृप्त वसा, ट्रांस वसा और सोडियम की अधिक मात्रा वाले हों। न्यायालय ने यह भी कहा कि ऐसे लेबल सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने में मददगार हो सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने इस पर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। यह बात नियामक के लिए खास है क्योंकि उसने वर्षों तक इस मुद्दे पर बहस तो की लेकिन मानदंडों को अंतिम रूप नहीं प्रदान किया। देश में मोटापे की समस्या चिंताजनक रूप से बढ़ रही है और अब वह एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बन चुकी है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण की 2019-21 की रिपोर्ट बताती है कि 24 फीसदी महिलाएं और 23 फीसदी पुरुष अधिक वजन या मोटापे की समस्या से जूझ रहे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में अतिरिक्त वजन साल 2015-16 के 2.1 फीसदी से बढ़कर 2019-21 में 3.4 फीसदी हो गया। वर्ल्ड ओबेसिटी एटलस 2024 का अनुमान है कि साल 2020 में 3.3 करोड़ से अधिक भारतीय बच्चे मोटापे से ग्रस्त थे और यह संख्या 2035 तक बढ़कर 8.3 करोड़ तक हो सकती है। यह 15 साल में दोगुने से अधिक इजाफा है। इसके साथ-साथ ही भारत अति प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों के लिए सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन चुका है। वर्ष 2025-26 की आर्थिक समीक्षा में इस बात को रेखांकित किया गया है कि 2009 से 2023 के बीच ऐसे अत्यधिक प्रसंस्करण वाले खाद्य पदार्थों की बिक्री में 150 फीसदी से




अधिक इजाफा हुआ। यह मोटापे, डायबिटीज और अन्य कई बीमारियों की प्रमुख वजह है। लगभग इसी अवधि में मोटापा कम से कम दोगुना हो गया है और इनके आपसी संबंधों की अनदेखी करना मुश्किल है। वैश्विक साक्ष्यों का एक समूह, जिसमें लैंसेट की ऐसे खाद्य पदार्थों पर एक श्रृंखला भी शामिल है, ऐसे खाद्य पदार्थों की अधिक खपत को मोटापा, डायबिटीज, दिल की बीमारियों, श्वसन संबंधी बीमारियों और यहां तक कि मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से भी जोड़ता है। इसके निहितार्थ चिंताजनक हैं। बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत, उत्पादकता की हानि और लोक वित्त पर दीर्घकालिक दबाव। गैर संचारी रोगों पर नियंत्रण के लिए भारत की राष्ट्रीय बहुक्षेत्रीय कार्य योजना (2017) ने उच्च वसा, शक्कर और नमक की खपत को कम करने के लिए फ्रंट ऑफ पैक लेबलिंग (एफओपीएल) की सिफारिश की थी। वर्षों की परामर्श प्रक्रिया के बावजूद इससे संबंधित मानदंड अब तक तय नहीं हो पाए हैं। एफएसएसएआई ने उद्योग के विरोध और लेबलिंग मॉडलों पर बहस के बीच फ्रंट ऑफ पैक नियमों को अंतिम रूप देने में देरी की है। समस्या की एक वजह नियामकीय अस्पष्टता में भी निहित है। भ्रामक प्रचारों के विरुद्ध केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के दिशा-निर्देश और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम दोनों बढ़ा चढ़ाकर किए गये स्वास्थ्य संबंधी दावों का निषेध करते हैं लेकिन इनमें पोषण की सीमा से संबंधित स्पष्टता की कमी है जिसके आधार पर यह तय किया जा सके कि खाद्य मार्केटिंग में कौन-सी बातें भ्रामक हैं कौन-सी नहीं। लेबल ब्लाइंड सॉल्युशंस द्वारा किए गए एक स्वतंत्र अध्ययन ने पाया कि करीब एक तिहाई लेबलिंग दावे या तो अनुपालन से परे थे या फिर उनमें पर्याप्त नियामकीय प्रमाणन का अभाव था। चेतावनी देने वाले लेबल अधिक प्रत्यक्ष सुधारात्मक उपाय प्रदान करते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि सरल, व्याख्यात्मक चेतावनियां जैसे 'अधिक शक्कर' या 'अधिक नमक' अस्वास्थ्यकर विकल्पों को हतोत्साहित करने में रेटिंग जैसी प्रणाली और हेल्थ स्टार रेटिंग की तुलना में अधिक प्रभावी साबित होती हैं। इसलिए यह जरूरी है कि खाद्य नियामक फसाई उपयुक्त चेतावनी की व्यवस्था लागू करे। इससे लोगों में खाद्य पदार्थों और स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता विकसित होगी।

विचार

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

–फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

–भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

–चैनिंग.

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

–रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग–द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

–विनोबा भावे.

# प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में और मजबूत होगा भारत

**नरेंद्र शर्मा**

> भारत इस अवसर को सही दिशा में आगे बढ़ाता है, तो यह समिट भविष्य में उस ऐतिहासिक क्षण के रूप में याद की जाएगी, जब भारत ने वैश्विक एआई नेतृत्व की ओर निर्णायक कदम बढ़ाया था। लेकिन यदि यह केवल एक सफल आयोजन बनकर रह जाता है, तो यह एक खोया हुआ अवसर भी साबित हो सकता है।

नयी दिल्ली में आयोजित एआई समिट को केवल एक तकनीकी सम्मेलन कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह आयोजन उस वैश्विक श्रृंखला का हिस्सा है, जिसकी शुरूआत इंग्लैंड और फ्रांस जैसे तकनीकी रूप से परिपक्व देशों से हुई और जिसे दक्षिण कोरिया जैसे नवाचार-केंद्रित राष्ट्रों ने आगे बढ़ाया। अब इस श्रृंखला में दिल्ली का जुड़ना इस बात का संकेत है कि भारत केवल एआई का उपभोक्ता नहीं, बल्कि वैश्विक एआई पारिस्थितिकी तंत्र का सक्रिय सहभागी और संभावित नेतृत्वकर्ता बन चुका है। जब दुनिया के प्रमुख एआई वैज्ञानिक, निवेशक, नीति निमार्ता और राजनीतिक नेता एक मंच पर इकट्ठा होते हैं, तो यह केवल विचारों का आदान-प्रदान नहीं होता, बल्कि भविष्य की तकनीकी दिशा तय करने की प्रक्रिया भी होती है।

भारत के लिए यह आयोजन इसलिए अद्भुत है क्योंकि यह उसकी तकनीकी और कूटनीतिक दोनों क्षमताओं की स्वीकृति का प्रतीक है। अब तक एआई के वैश्विक विमर्श पर अमेरिका, यूरोप और चीन का वर्चस्व रहा है। ऐसे में नई दिल्ली में इस स्तर की समिट का आयोजन यह दिखाता है कि भारत को एक 'विश्वसनीय तकनीकी शक्ति' के रूप में स्वीकार किया जा रहा है। यह वही भारत है, जिसने पिछले दशक में डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना–आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर–के माध्यम से दुनिया के सामने एक नया मॉडल प्रस्तुत किया है। इन प्रणालियों ने न केवल भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को मजबूत किया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि बड़े पैमाने पर तकनीकी समाधान लोकतांत्रिक और समावेशी हो सकते हैं। इस समिट में एआई के वैश्विक धुरंधरों की उपस्थिति अपने-आप में एक संकेत है कि भारत अब केवल एक आईटी सेवा प्रदाता नहीं, बल्कि एआई अनुसंधान और नवाचार का भी एक महत्वपूर्ण केंद्र बन सकता है। भारत में पहले से ही दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम मौजूद है और




**एआई इंपैक्ट समिट**

एआई-आधारित स्टार्टअप्स की संख्या तेजी से बढ़ रही है। नैसकॉम के अनुसार, भारत में एआई से संबंधित स्टार्टअप्स की संख्या 2020 से 2025 के बीच लगभग दोगुनी हो चुकी है। यह वृद्धि इस बात का प्रमाण है कि भारत में प्रतिभा, बाजार और नवाचार की संभावनाएं प्रचुर मात्रा में हैं। लेकिन किसी भी समिट की सफलता का वास्तविक मूल्यांकन इस बात से होता है कि उससे देश को ठोस लाभ कितना मिलता है। इस दृष्टि से देखें तो भारत को इस आयोजन से तीन प्रमुख क्षेत्रों में लाभ मिलने की संभावना है–निवेश, नीति निर्माण और वैश्विक प्रभाव।

पहला और सबसे महत्वपूर्ण लाभ है निवेश। जब वैश्विक निवेशक और तकनीकी कंपनियां किसी देश में इस स्तर की उपस्थिति दर्ज कराती हैं, तो इसका सीधा अर्थ होता है कि वे वहां निवेश की संभावनाएं देख रही हैं। एआई के क्षेत्र में निवेश केवल पूंजी का प्रवाह नहीं लाता, बल्कि इसके साथ तकनीक, विशेषज्ञता और वैश्विक नेटवर्क भी आता है। यदि इस समिट के बाद भारत में एआई अनुसंधान केंद्र, डेटा सेंटर और नवाचार प्रयोगशालाएं स्थापित होती हैं, तो यह भारत की तकनीकी क्षमता को कई गुना बढ़ा सकता है। दूसरा महत्वपूर्ण लाभ है नीति निर्माण में भारत की भूमिका का बढ़ना। एआई केवल तकनीकी मुद्दा नहीं है, बल्कि यह नैतिकता, गोपनीयता और रोजगार से भी जुड़ा हुआ है। दुनिया भर में एआई के नियमन को लेकर बहस चल रही है और इस संदर्भ में भारत की आवाज का महत्व बढ़ना स्वाभाविक है। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश का दृष्टिकोण यह सुनिश्चित कर सकता है कि एआई का विकास केवल कॉर्पोरेट हितों तक सीमित न रहे, बल्कि समाज के व्यापक हितों को भी ध्यान में रखे। तीसरा लाभ है वैश्विक प्रभाव और प्रतिष्ठा। आज की दुनिया में तकनीकी शक्ति ही वास्तविक शक्ति का आधार बनती जा रही है। जिस देश के पास एआई और अन्य उन्नत तकनीकों में नेतृत्व होगा, वही भविष्य की वैश्विक व्यवस्था को प्रभावित करेगा। नई दिल्ली में इस समिट का आयोजन यह संकेत देता है कि भारत अब इस वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा में एक गंभीर दावेदार बन चुका है।

हालांकि, इस उपलब्धि के साथ कुछ चुनौतियां भी जुड़ी हुई हैं। किसी समिट का आयोजन करना एक बात है, लेकिन उससे प्राप्त अवसरों का वास्तविक लाभ उठाना दूसरी बात। भारत को यह सुनिश्चित करना होगा कि इस आयोजन के बाद एआई के क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जाएं। इसमें अनुसंधान और विकास में निवेश बढ़ाना, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराना, और उद्योग-अकादमिक सहयोग को मजबूत करना शामिल है। भारत के पास प्रतिभा की कमी नहीं है। हर साल लाखों इंजीनियर और तकनीकी विशेषज्ञ देश से निकलते हैं। लेकिन चुनौती यह है कि इन प्रतिभाओं को एआई जैसे उन्नत क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें देश में ही अवसर प्रदान किए जाएं। यदि भारत इस दिशा में सफल होता है, तो वह न केवल एआई का एक प्रमुख केंद्र बन सकता है, बल्कि वैश्विक तकनीकी नेतृत्व में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि एआई का विकास केवल आर्थिक अवसर ही नहीं, बल्कि सामाजिक और नैतिक चुनौतियां भी लेकर आता है। रोजगार पर इसका प्रभाव, डेटा गोपनीयता के मुद्दे और एआई के दुरुपयोग की संभावनाएं–ये सभी ऐसे प्रश्न हैं जिनका समाधान संतुलित और दूरदर्शी नीति से ही संभव है। भारत के पास यह अवसर है कि वह एआई के विकास का एक ऐसा मॉडल प्रस्तुत करे, जो तकनीकी प्रगति के साथ-साथ सामाजिक न्याय और नैतिक मूल्यों को भी प्राथमिकता दे।

अंततः, नई दिल्ली में आयोजित यह एआई समिट भारत के लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि एक अवसर है–एक ऐसा अवसर, जो भारत को वैश्विक तकनीकी नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ा सकता है। इस आयोजन की सफलता का वास्तविक मापदंड आने वाले वर्षों में दिखाई देगा, जब यह स्पष्ट होगा कि भारत ने इस मंच का उपयोग अपने तकनीकी और आर्थिक विकास के लिए किस हद तक किया। यदि भारत इस अवसर को सही दिशा में आगे बढ़ाता है, तो यह समिट भविष्य में उस ऐतिहासिक क्षण के रूप में याद की जाएगी, जब भारत ने वैश्विक एआई नेतृत्व की ओर निर्णायक कदम बढ़ाया था। लेकिन यदि यह केवल एक सफल आयोजन बनकर रह जाता है, तो यह एक खोया हुआ अवसर भी साबित हो सकता है। इसलिए, अब सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह नहीं है कि यह समिट कितनी अद्भुत थी, बल्कि यह है कि भारत इसे अपने भविष्य को अद्भुत बनाने के लिए किस तरह उपयोग करता है।

सोशल मीडिया

छत्रपति शिवाजी महाराज ने जन–जन के कल्याण को सदैव सर्वोपरि रखा और उनकी सुरक्षा के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया, उनका जीवन आज भी भारत वर्ष के लिए पथ प्रदर्शक है। पीएम मोदी.



# उपासना की विधि

कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए सही दिशा महत्वपूर्ण होती है। हमारे प्रयास तभी सफल होते हैं जब हम सही दिशा में, कर्तव्य परायणता के साथ शतत् प्रयास करते रहे। हमारे प्रयासों में हमेशा नियमितता होनी चाहिए। व्यायाम शाला में नित नये उत्साह के साथ जूझते रहने वाले पहलवान की मनःस्थिति और गतिविधि का यदि गंभीरता पूर्वक अध्ययन किया जाये तो आत्मासाधना के विद्यार्थी को विदित हो सकता है कि उसे आखिर करना क्या पड़ेगा? पहलवान मात्र कसरत करके ही निश्चिंत नहीं हो जाता वरन पौष्टिक भोजन की, संयम की, ब्रह्मचर्य ही, मालिश की, उपयुक्त दिनचर्याकी, प्रसन्नता-निश्चिंतता की भी व्यवस्था करता है। यदि उन सब बातों की उपेक्षा की जाये और मात्र दण्ड बैठकों को ही जादू की छड़ी मान लिया जाये तो सफलता दूर की खीज ही बनी रहेगी। एकाकी कसरत से कुछ भला न हो सकेगा। उपासनात्मक विधि विधान की अपनी ही महत्ता है पर उतने भर से काम नहीं चलता। चिंतन और कर्तव्य की रीति नीति भी लक्ष्य के अनुरूप ही ढालनी पड़ेगी। गायक और वादक एक दिन में अपने विषय में पारंगत नहीं हो जाते, उन्हें स्वर की, नाद की साधना नित्य निरंतर करनी पड़ती है। रियास न किया जाये, तो गायक का स्वर छितराने लगता है और वादक ही अंगुलियां जकड़ मकड़ दिखाने लगती हैं। संगीत सम्मेलन तो यदा कदा ही होते हैं पर वहां तक पहुंचाने वाली स्वर साधना को नित्य ही अपनाये रहना पड़ता है। गीत सुनने वालों ने कितनी प्रशंसा की और कितनी धन राशि दी यह बात गौण रहती है। संगीत साधक आत्मतुष्टि की नित्य मिलने वाली प्रसन्न्ता को ही पर्याप्त मानता है और बाहर से कुछ भी न मिले तो भी वह एकान्त जंगल की किसी कुटिया में रहकर भी आजीवन बिना ऊबे संगीत साधना करता रह सकता है। आत्मसाधक की मनःस्थिति इतनी तो होनी ही चाहिए। नतर्क, अभिनेता, अपना अभ्यास जारी रखते हैं। शिल्पी और कलाकार जानते हैं कि उन्हें अपने प्रयोजन के लिए नित्य नियमित अभ्यास करना चाहिए। फौजी सैनिकों को अनिवार्य रूप से परेड़ करनी पड़ती है। अभ्यास टूट जाने पर न तो गोली का निशना ठीक बैठता है औरन मोर्चे पर लड़ने के लिए जिस कौशल की आवश्यकता पड़ती है वह हाथ रहता है। किसी विशेष प्रयोजन के लिए नियम संख तथा नियत अवधि की साधना से किसी पूजा प्रयोजन का संकल्प लेने वाला समाधान हो सकता है पर आत्म साधक को इतने भर से संतोष नहीं मिलता। वह जानता है कि प्यास बुझाने के लिए रोज कुएं से पानी खींचना पड़ता है और सफाई रखने के लिए रोज ही कमरे को बुहारना पड़ता है। मानवी सत्ता की स्थिति भी ऐसी ही है। उसकी हीरो भरी खदान को हर दिन खोदना कुरेदना चाहिए। तभी नित्य नये उपहार मिलने की संभावना प्रबल होती है।

अंतर्दृष्टि

# समुद्र में बढ़ता प्लास्टिक कचरा

**समुद्र में प्लास्टिक कचरे का 80 प्रतिशत हिस्सा नदियों, नालों के जरिये आता है। इसके अलावा जहाजों से फेंका गया कचरा और मछली पकड़ने की गतिविधियां भी समुद्र में प्लास्टिक कचरे को बढ़ा रही हैं। समुद्र तटों पर घूमने वाले पर्यटक अपने पर्यावरण की चिंता किए बगैर वहां कचरे का ढेर लगा देते हैं। इस तरह अगर हमने सिंगल यूज प्लास्टिक को अपने जीवन से दूर नहीं किया तो वो दिन दूर नहीं जब हमारे समुद्र भी जीवनहीन हो जाएंगे।**



जीवों के लिए घातक है समुद्री कचरा

अब समुद्र भी कूड़ा-कूचरे से सुरक्षित नहीं है। देश में कहीं भी समुद्र के तटों पर चले जाइये, आपको वहां पर्यटकों द्वारा छोड़े गये कचरे के ढेर नजर आ जायेंगे। इसी तरह जो हम हर दिन भर उपयोग करते हैं, वह भी नालों, नदियों के माध्यम से समुद्र में पहुंचता है और समुद्र को कचरे का ढेर बना देता है। कुछ महीने पहले ओड़िशा में ओलिव रिंडले कछुओं की एक खास प्रजाति द्वारा समुद्र से बाहर आकर रेतीले मैदानों में बड़ी संख्या में अंडे देने की घटनाओं को पर्यावरणविदों ने एक अच्छी खबर बताया था। हमारे देश में बाघों की बढ़ती संख्या भी एक अच्छी खबर है। लेकिन इस सबसे बहुत खुश होने की भी जरूरत नहीं है। क्योंकि कुछ समय पहले चेन्नई में लोगों ने समुद्रतट के आसपास 1000 से भी ज्यादा मृत कछुओं के पाये जाने की पुष्टि की तो उनकी मौत को रहस्यमयी माना गया। एक अनुमान के अनुसार शायद उन सबकी मौत दम घुटने से हुई थी।

हमारे देश के किसी भी समुद्रतट का जायजा लिया जाए तो आपको कहीं भी साफ-सुथरे समुद्रतट देखने को नहीं मिलेंगे। मुंबई जैसे महानगर में तो समुद्रतट ही नहीं बल्कि समुद्र भी प्लास्टिक कचरे से अटे पड़े हैं। हमारे समुद्र में प्लास्टिक कचरे के अलावा और भी बहुत सारे ऐसी चीजें हैं जो समुद्री जल जीवों के लिए मौत का सामान साबित हो रही हैं। मछुआरों द्वारा फेंकी गई बेकार नायलॉन की रस्सियां जिन्हें लापरवाहीवश समुद्र के बीच में ही छोड़ दिया जाता है, यह कछुओं के लिए ही नहीं बल्कि दूसरे जलीय जीवों को भी नुकसान पहुंचा रही हैं। इनमें फंसकर वे अपने को मुक्त नहीं कर पाते और मर जाते हैं। इसके अलावा पर्यटकों द्वारा फेकी गई प्लास्टिक की बोतलें और दूसरा कचरा भी समुद्री जल जीवों द्वारा पानी के माध्यम से उनके पेट में जा रहा है और उनकी असमय मौत हो रही है। दरअसल प्लास्टिक के बैग जब पानी पर तैरते हैं तो कछुए उन्हें जैली फिश समझकर इन्हें अपना शिकार बनाने के लिए मुंह खोलते हैं तो ये प्लास्टिक के बैग इनके शरीर में जाकर इन्हें धीरे-धीरे मौत की ओर ले जाते हैं। बहुत सारे समुद्री जीवों द्वारा पानी के ऊपर तैरता हुआ प्लास्टिक कचरा भी उनके लिए खतरनाक साबित हो रहा है, जो नालों, नदियों से होता हुआ सीधे समुद्र में जा रहा है। उनमें मानव द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले छोटे-छोटे शैम्पू पाउच से लेकर टूथ ब्रश और बोतलों के ढक्कन तक देखे जाते हैं। हमारे समुद्र प्लास्टिक के कचरे से भरे पड़े हैं। एक अनुमान के अनुसार प्रतिदिन समुद्र में 9 हजार ट्रक प्लास्टिक कचरा डाला जा रहा है। पर्यावरण विदों के लिए यह एक बड़ी चिंता का कारण है। उन्होंने समुद्र में पांच ऐसे बड़े कचरों के भंडार चिन्हित किये हैं, जहां पर सबसे ज्यादा कचरा इकट्ठा होता है। इनमें सबसे बड़ा ग्रेट पैसेफिक गार्बेज स्थल है, जो हवाई के उत्तर में है, जिसका क्षेत्रफल लगभग भारत के आकार से आधा ही होगा। इस प्लास्टिक कचरे में सबसे ज्यादा प्लास्टिक के बैग, बोतल के ढक्कन, पानी की बोतलें और फूड पैकेजिंग होती हैं। आजकल प्लास्टिक का इस्तेमाल जीवन के हर क्षेत्र में हो रहा है। लेकिन पिछले दो दशकों में दुनियावी स्तर पर प्लास्टिक के इस्तेमाल में बेतहाशा वृद्धि हुई है। आज 460 एमएन टन प्लास्टिक का उत्पादन हर साल होता है, जिनमें से दो तिहाई हिस्सा सिंगल यूज प्लास्टिक का होता है।

एक मोटे अनुमान के अनुसार 2060 तक प्लास्टिक के उत्पादन में लगभग तिगनी वृद्धि हो जायेगी। 98 प्रतिशत प्लास्टिक पैट्रो कैमिकल से बनाया जाता है, जिसमें ऑयल, गैस और कोयला शामिल होता है। चूंकि यह सस्ता होता है और सिंगल यूज प्लास्टिक भी धरती की सेहत के लिए और भी खतरनाक साबित हो रहा है। प्लास्टिक हमारी प्रकृति के लिए बेहद खतरनाक है, इसके बावजूद इसके उपयोग में कहीं कोई कमी नहीं आ रही। प्लास्टिक को रिसाइकिल करना भी मुश्किल होता है और रिसाइकिल के बाद इसकी गुणवत्ता भी खराब हो जाती है। उस खराब क्वालिटी का प्लास्टिक आसानी से टिकता नहीं है। केवल रिसाइकिल किया हुआ प्लास्टिक का केवल 9 प्रतिशत हिस्सा ही इस्तेमाल में आता है और प्लास्टिक जैसा कि हम सभी जानते हैं कि डी-कपोस्ट नहीं होता। माइक्रो प्लास्टिक भी समुद्रीय जीवों के लिए मौत का सामान साबित हो रहा है। प्लैंकटन से लेकर व्हेल मछली तक के शरीर में प्लास्टिक अपनी घुसपैठ कर चुका है। यह जलीय जीवों के लिए ही नहीं बल्कि हमारे लिए भी बेहद खतरनाक है। दुनिया में सबसे ज्यादा चीन द्वारा प्लास्टिक उत्पादित किया जाता है, उसके बाद अमेरिका और यूरोप दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। लेकिन भारत प्लास्टिक वेस्ट उत्पादित करने में सबसे आगे है।



भारत द्वारा प्रतिवर्ष 9.3 एमएन टन प्लास्टिक कचरा पैदा किया जा रहा है। भारत ने नाइजीरिया और चीन को भी बहुत पीछे छोड़ दिया है। नाइजीरिया द्वारा 3.5 एमएन टन और चीन द्वारा 2.8 एमएन टन कचरा प्रतिवर्ष उत्पादित होता है। अब भले ही पश्चिमी देश या भारत द्वारा इस बात के दावे किए जाते हों कि प्लास्टिक कचरे को कम करने के लिए प्लांट बेस्ड उत्पादों को प्लास्टिक का विकल्प बनाया जाए। इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार निकट भविष्य में होगा, ऐसा लगता नहीं है। प्लास्टिक प्रदूषण के कारण हमारे समुद्र जो धीरे-धीरे मर रहे हैं, यह एक गंभीर पर्यावरणीय संकट है। हर साल 8 मिलियन टन प्लास्टिक कचरा अगर इसी गति से समुद्र में जाता रहा तो 2050 तक समुद्र में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक कचरा ही होगा। समुद्र में समूचा प्लास्टिक कचरा ही नहीं बल्कि माइक्रो प्लास्टिक का जो अदृश्य जहर है, यह भी समुद्री जीवों को खत्म कर रहा है। यह उन्हें तो नुकसान पहुंचा ही रहा है, उन मछलियों के माध्यम से इंसान तक भी पहुंच रहा है।

प्लास्टिक कोरल रीफ के लिए भी उतना ही घातक साबित हो रहा है। यह समुद्र के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र को पूरी तरह से बिगाड़ रहा है। यह माइक्रो प्लास्टिक महासागरों की कार्बनडाइऑक्साइड सोखने की ताकत को खत्म कर रहा है और ग्लोबल वार्मिंग बढ़ने के खतरे और गहरे हो रहे हैं। अटलांटिक महासागर में प्लास्टिक की कितनी ज्यादा मात्रा जमा हो गई है कि वह जहाजों के लिए खतरा बन गया है, जिसे 'द ग्रेट पैसिफिक गार्बेज' कहा जाता है। समुद्र में प्लास्टिक कचरे का 80 प्रतिशत हिस्सा नदियों, नालों के जरिये आता है। इसके अलावा जहाजों से फेंका गया कचरा और मछली पकड़ने की गतिविधियां भी समुद्र में प्लास्टिक कचरे को बढ़ा रही हैं। समुद्र तटों पर घूमने वाले पर्यटक अपने पर्यावरण की चिंता किए बगैर वहां कचरे का ढेर लगा देते हैं। इस तरह अगर हमने सिंगल यूज प्लास्टिक को अपने जीवन से दूर नहीं किया तो वो दिन दूर नहीं जब हमारे समुद्र भी जीवनहीन हो जाएंगे।

– वीना गौतम.

## आप की बात

### सड़क सुरक्षा

हर दिन बढ़ती दुर्घटनाएं, प्रति वर्ष डेढ़ लाख के करीब लोंगों की सड़क दुर्घटनाओं मौत, इस बात को अजागर करती है कि हम सड़कों पर चलते हुए हद दरजे की लापरवाही करते हैं, कानूनों का पालन नहीं करते, आवश्यक सुरक्षा को नहीं अपनाते हैं और बेतरतीब ड्राइविंग से दुर्घटनाओं को बढ़ावा देते हैं। इससे अपनी और दूसरों की सुरक्षा को संकट में डालते हैं। देश सड़क दुर्घटनाएं गंभीर चिंता का विषय हैं। देश में तेजी के साथ बढ़ते हाइवे नेटवर्क के बीच यह दुखद है कि सड़क दुर्घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं और इनको रोकने की अब तक की तमाम कोशिशें सफल नहीं हुई हैं। लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में मारे जाते हैं। यह दुनिया में सबसे अधिक है। अप्रैल, मई 2020 में लॉकडाउन के समय दुर्घटनाएं बहुत कम हो गयी थीं लेकिन जैसे-जैसे सब कुछ खुला और वाहनों की संख्या सड़कों पर बढ़ी तो फिर से दुर्घटनाएं बेतहाशा होने लगीं। देश में दुर्घटनाएं इस कदर बढ़ती जा रही हैं कि हर साल इसमें डेढ़ लाख से अधिक लोग जान गंवा बैठते हैं। प्रदेश में भी दुर्घटनाओं का आलम यह है कि यहां सड़कें जानलेवा बन गयी हैं। हाइवे पर तो प्रायः दुर्घटनाएं होती रहती हैं। प्रदेश के हाइवे दुर्घटनाओं के केन्द्र बनते जा रहे हैं। जो हाइवे निर्बाध यात्रा, विकास एवं त्वरित परिवहन के लिए बने हैं वे काल बन गये हैं। सरकार को इसका अध्ययन कराकर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। प्रदेश में भी तेजी के साथ हाइवे परियोजनाओं पर काम हो रहा है। हाइवे बनने के साथ लोगों की रफ्तार बढ़ रही है और बढ़े पैमाने पर दुर्घटनाएं सामने आ रही हैं।

**विनोद कुमार सिंह, लखनऊ.**

### भर्ती परीक्षाएं निष्पक्ष हों

हाल के रकारी नौकरियों, इंजीनियरिंग, मेडिकल की प्रवेश परीक्षाओं में पर्चा लीक होने की इतनी घटनायें हुई हैं कि प्रतियोगी परीक्षाओं पर कई बार भरोसा करना कठिन होता है। इतना अधिक पेपर लीक बिना मिली भगत के संभव ही नहीं है। ऐसे में भारत सरकार ने युवाओं के हित में भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी करने पर कठोर सजा और जुर्माने का प्रावधान करने की सराहनीय पहल की है। दरअसल सरकारी नौकरियों में निष्पक्षता के लिए यह जरूरी है कि सभी भर्तियां सांविधानिक संस्था द्वारा कराने और किसी भी तरह की गड़बड़ी पर कठोर सजा का प्रावधान करने की जरूरत है ताकि भर्तियों में निष्पक्षता और सियासी दखलंदाजी को खत्म किया जा सके। सियास हस्तक्षेप यहां ठीक नहीं है।

**आदर्श कुमार वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## छात्र-छात्राओं ने बाल सुधार गृह का किया भ्रमण

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं को बाल सुधार गृह में भ्रमण कराया गया। बाल अपराधी अर्थात संघर्षरत बालकों से हमारे विद्यार्थियों ने अनेक प्रकार के प्रश्न किये । उनकी समस्याओं को भी समझा।

संघर्षरत बालकों से किन परिस्थितियों में ऐसा हुआ वो जानने का प्रयास किया इसी दौरान उनकी काउंसलिंग भी की गई तथा उनके रुचियों के विषय में जानने का प्रयास भी किया गया ।

यह भ्रमण व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार के मार्गदर्शन तथा व्यावहारिक मनोविज्ञान की शिक्षिका डॉ. प्रतिभा त्रिपाठी व डॉ. सरिता पाठक तथा प्रतीक रंजन तिवारी के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ । इस अवसर पर वीरेन्द्र प्रताप वर्मा क्क० अयोध्या, नमनगुप्ता ( अधीक्षक )अभिषेक ,शिक्षक संपूर्णानंद सिंह, विजय प्रताप सिंह आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रतिनिधि ग्रंथ हमारे वेदः गिरीशपति त्रिपाठी

जिला संवाददाता

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के श्रीराम शोध पीठ सेमिनार हॉल में कुलपति कर्नल बिजेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार ह्वरोल ऑफ इंडियन नॉलेज सिस्टम फॉर अचीविंग द गोल ऑफ इंडिया 2047ह्वका आयोजन

- विकसित भारत के राष्ट्रीय संकल्प राष्ट्रभाषा पूर्ण ही करेगी पूर्णः प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी

पर्यावरण विज्ञान विभाग पर्यावरण विज्ञान विभाग एवं आईसीएसएसआर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम अयोध्या के मेयर गिरीशपति त्रिपाठी एवं विशिष्ट अतिथि गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली के प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी रहे। मुख्य वक्ता के तौर पर लखनऊ विश्वविद्यालय जियोलॉजी के विभाग अध्यक्ष प्रो. ध्रुव सेन सिंह रहे। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ प्रभु श्री रामजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मुख्य उद्बोधन में गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी प्राचीन धरोहर है। सिर्फ सूचना का एकत्रीकरण कभी सुखद नहीं होता। ऋषियों की इस धरती पर हमें अनेक उपहार प्राप्त हुए हैं। गीता का अनुभूति परक ज्ञान प्राप्त होने से जीवन में नए मार्ग प्रशस्त होते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रतिनिधि ग्रंथ हमारे वेद है। हमारे ऋषि मनीषियों ने आंतरिक शोध के जरिए प्रकृति के साथ एक सुंदर समन्वय स्थापित किया और उन्हें वेदों में संग्रहित किया। ज्ञान का विस्तार वेद है वेदांग के तहत शिक्षा, कल्प, व्याकरण निरुक्त, छंद और ज्योतिष है। महापौर ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में चिंतन मनन और ध्यान से जो ज्ञान प्राप्त होता है वही अमृत तत्व ज्ञान है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो. दुर्गेश त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत का लक्ष्य पूर्ण करने के लिए हमें अपनी मातृभाषा को और सशक्त करना होगा। विकसित भारत 2047 का सपना राष्ट्रीय भाषा के विकास बिना संभव नहीं है। सभी विकसित देश अपनी मातृभाषा में विकास कर रहे हैं। यहां तक कई देशों की मुद्राएं भी उन्हीं के राष्ट्रीय भाषा संकल्प को पूर्ण करती हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा तभी विकसित होगी जब हम उन्हें अपनी सांस्कृतिक और सामाजिक आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेंगे। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि यूएनएसडीजी के 17 लक्ष्य को यदि देखा जाए तो सभी का लक्ष्य




भारतीय ज्ञान परंपरा के आसपास ही है। भारतीय संस्कृति में वसुधैव कुटुंबकम मंत्र के रूप में आदिकाल से हमारे सामाजिक परंपराओं में बसा हुआ है। मयार्दा पुरुषोत्तम राम की जीवन पद्धति सामाजिक समरसता पर आधारित रही है। भारतीय ज्ञान परंपरा का लक्ष्य सदैव से तकनीकी कौशल पर आधारित रहा उसे हम सभी ने बुलाया है। वर्तमान विकसित भारत का लक्ष्य तकनीकी कौशल के बिना संभव नहीं है डिजिटल शिक्षा प्रणाली के तहत हम समावेशी ज्ञान परंपरा के साथ आगे बढ़ सकते हैं। यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो सभी को जोड़ रहा है। प्रो. त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा सदियों पुरानी है जो कल और विज्ञान से जुड़ी रही है विश्व के सारे देश भारतीय ज्ञान परंपराओं से कहीं ना कहीं से उत्प्रेरित है। भारत के प्राचीन विश्वविद्यालय नालंदा और तक्षशिला इसके प्रत्यक्ष उदाहरण है। मुख्य वक्ता प्रो. ध्रुवसेन सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा ने विश्व को बहुत कुछ दिया है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन परंपरा हमारी विरासत है। स्वामी विवेकानंद जैसे प्रखर विद्वानों ने वैश्विक पटल पर इसे स्थापित भी किया है। चिकित्सा विज्ञान, कृषि, अंतरिक्ष, ज्योतिष जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उत्कृष्ट अध्ययन भारत में पहले से विद्यमान है। महर्षि चरक का आयुर्वेदिक चिकित्सा ज्ञान विश्व प्रसिद्ध रहा। महर्षि सुश्रुत जिन्होंने शल्य चिकित्सा का प्रतिमान स्थापित किया। जीवन जीने की सभी पद्धति भारतीय सांस्कृतिक परंपरा में विकसित हुई है। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को हमें कई दृष्टिकोण से अपनाना होगा जिसमें वैश्विक पटल पर भारत की क्या भूमिका हो एवं क्लीन एंड ग्रीन अर्थव्यवस्था में हमारे ज्ञान परंपरा की प्रभावशीलता को दर्शन होगा नवाचार की खोज कर हमें गरीबी मुक्त रोजगार संसाधन युक्त व्यवस्था अपनानी होगी और समाज में लिंगानुपात को भी ठीक करना होगा। जानकारी के अभाव में नगर की वाटर बॉडी को गंदा किया जा रहा है इसके लिए जन जागरूकता की आवश्यकता है।

आइक्यूएसी के निदेशक प्रो. हिमांशु शेखर ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली पूर्ण जीवन पद्धति का निर्माण करती है। देश आर्थिक विकास रूपी रथ पर सवार होकर हमें अपनी संस्कृति को बचाए रखना और ज्ञान परंपरा के अनुरूप स्वयं को विकसित करना है। यदि देखा जाए तो पहले आत्मनिर्भर गांव में वेस्ट जीरो था और पर्यावरण के प्रति लोगों की संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से दिखाई देती थी। संगोष्ठी में स्वागत उद्बोधन प्रो. सिद्धार्थ शुक्ल ने किया। कार्यक्रम का संचालन पर्यावरण विज्ञान की शोधार्थी अदिति बरनवाल एवं अर्पणा ने किया।

## राज्यमंत्री ने लिया संज्ञान, खमौली की बदहाल सड़क की मरम्मत शुरू



टिकैतनगर, बाराबंकी। विकासखण्ड पूरेडलई स्थित बदहाल स्थिति मे पड़े खमौली मार्ग का मरम्मत कार्य राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा के निर्देश पर लोकनिर्माण विभाग ने शुरू करवाया। बताते चले कि उक्त मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए थे। जिसमे जलभराव होने के कारण राहगीरों और क्षेत्रीय ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। पूर्व में जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों ने इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया था। वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र ने इस खबर को प्रमुखता से उठाया था। तथा गांव निवासी दिलीप कुमार ने सड़क मरम्मत कराये जाने को लेकर राज्यमंत्री श्री शर्मा को पत्र लिखा। जिस पर राज्यमंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुये लोकनिर्माण विभाग को जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत करवाने का निर्देश दिये। जिसके बाद विभाग द्वारा मरम्मत कार्य शुरू किया गया है।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों और लम्बित वादों की समीक्षा



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने उप संचालक चकबंदी ( डीडीसी ) व संबंधित अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित चकबंदी कार्यों एवं चकबंदी से संबंधित लंबित वादों की समीक्षा की ।समीक्षा बैठक मे जिलाधिकारी ने प्रत्येक पीठासीन अधिकारियो को 3 से 5 वर्ष तथा 1 से 3 वर्ष से लंबित मुकदमों पर विशेष फोकस करते हुए उनका गुण-दोष के आधार पर शीघ्र एवं प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित किये जाने को लेकर निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष से अधिक समय तक कोई भी वाद लंबित नहीं रहना चाहिए, साथ ही 3 से 5 वर्ष से लंबित मामलों में भी प्रभावी व त्वरित कार्रवाई गुणदोष आधार पर की जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाद निस्तारण की प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं जवाबदेही का विशेष ध्यान रखा जाए। बैठक में बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी एसओसी संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र बांटे गये



बहराइच। जनपद में तकनीक-सक्षम एवं सुदृढ़ पुलिसिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित 05 दिवसीय ह्यसाइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग एवं अक परिचयप्रशिक्षण कार्यक्रम के उपरांत आज प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।05 दिवसीय ह्यसाइबर सुरक्षा, नेटवर्किंग एवं अकपरिचयह्व प्रशिक्षण जिला समन्वयक श्री बलराम शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया, जिसमें जनपदीय कुल 17 कम्प्यूटर ऑपरेटर्स को चरणबद्ध एवं व्यवहारिक रूप से प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियों, फिशिंग, ओटीपी फ्रॉड, मालवेयर, रैनसमवेयर, सोशल इंजीनियरिंग से बचाव, डेटा सुरक्षा, नेटवर्किंग आधारभूत संरचना, डिजिटल साक्ष्य संधारण, आईपी लॉग विश्लेषण एवं साइबर ट्रैकिंग की प्रक्रियाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) श्री दुर्गा प्रसाद तिवारी द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए अर्जित ज्ञान का प्रभावी उपयोग कर साइबर अपराधों की रोकथाम एवं डिजिटल सुरक्षा तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर बल दिया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जनपद में स्मार्ट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत करने तथा साइबर सुरक्षा क्षमता को उन्नत स्तर पर स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने पर हो कार्रवाई

अयोध्या। कांग्रेस जनों ने राजस्थान के भाजपा नेता राज सिंह अमेरा नामक व्यक्ति के खिलाफ राहुल गांधी को गोली मारने की कथित धमकी दिए जाने के विरोध में नगर कोतवाल को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने हेतु कचेहरी के सामने प्रार्थना पत्र दिया। कांग्रेस पदाधिकारियों ने इस घटना को

- राष्ट्रीय नेता को जान से मारने की धमकी देना आपराधिक कृत्यः चेतनारायण सिंह



गंभीर, निंदनीय तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने कहा कि किसी भी राष्ट्रीय नेता को जान से मारने की धमकी देना आपराधिक कृत्य है और यह लोकतंत्र में असहमति की स्वस्थ परंपरा को चोट पहुंचाता है। उन्होंने प्रशासन से दोषी व्यक्ति के विरुद्ध सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की मांग की। महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्ण गौतम ने कहा कि इस प्रकार की धमकियां न केवल एक व्यक्ति बल्कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को भयभीत करने का प्रयास हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस तरह की मानसिकता का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करते रहेंगे। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने अपने बयान में कहा कि राजनीतिक विद्वेष के चलते हिंसात्मक भाषा का प्रयोग अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन को उदाहरणात्मक कार्रवाई करनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने का साहस न कर सके। गांधी परिवार को धमकी देने वाला शायद यह भूल गया है कि गांधी परिवार का बलिदान का इतिहास रहा है। विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं ने सामूहिक रूप से कोतवाल को प्रार्थना पत्र सौंपकर विधिसम्मत कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं है और दोषी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कराना आवश्यक है। प्रशासन अगर यथाशीघ्र जिस पर कार्यवाही नहीं करेगा तो कांग्रेस जन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। विधि प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष जय प्रताप पाल ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए प्रशासन से शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की मांग की है, ताकि लोकतांत्रिक माहौल में भय का वातावरण समाप्त हो और कानून का राज स्थापित रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पांडेय, विधि प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष एडवोकेट इंद्र प्रताप सिंह लल्ला, बृजेश रावत,एडवोकेट रामनाथ शर्मा, प्रवीण श्रीवास्तव,सेवादल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा, शैलेंद्र रावत, अनिल सोनकर, एडवोकेट मोहम्मदनदीम आदि उपस्थित रहे।

## मेगा विधिक सेवा शिविर , मध्यस्थता अभियान 2.0, फ्रेम फार जस्टिस को लेकर सिविल जज सीनियर डिवीजन शिवानी रावत ने की बैठक




बाराबंकी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आगामी 22 फरवरी, 2026 को आयोजित होने वाली मेगा वृहद विधिक जागरूकता एवं सेवा शिविर को लेकर अपर जिला जज/नोडल अधिकारी मेगा शिविर राष्ट्रीय लोक अदालत श्री कृष्ण चंद्र सिंह की अध्यक्षता में ए0डी0आर0 भवन स्थित सचिव कक्ष में आवश्यक बैठक हुई। बैठक मे राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मेगा शिविर की सफलता के लिए विचार विमर्श किया गया। तथा आगामी 14 मार्च 2026 राष्ट्रीय लोक अदालत मे अधिक से अधिक प्रीलिटिगेशन व राजस्व मामलों के चिन्हांकन व निस्तारण तथा सभी नोटिस व सम्मन का शत प्रतिशत तामिला कराये जाने पर भी चर्चा की गई। बैठक मे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव व सिविल जज सी0डि0 शिवानी रावत ने राष्ट्रीय महिला दिवस एंव सरोजनी नायडू जयंती पर युवाओं हेतु ह्यफ्रेम्स फार जस्टिसह्व की थीम पर शार्ट फिल्म एवं रील मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन कराये जाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक मे सीओ संगम कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## 120 लाभार्थियों को वितरित किये गये चार करोड़ के डेमो चेक




बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देश के कम में जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र बहराइच के परिसर में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में आयोजित बृहद ऋण वितरण कार्यक्रम में उपायुक्त उद्योग केशवराम वर्मा, इण्डियन बैंक के अंचल प्रमुख के.सी. साहू, अग्रणी जिला प्रबन्धक जीतेन्द्र कुमार मसन्द तथा पंजाब नेशनल बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, एचडीएफसी सहित अन्य बैंकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। वृहद ऋण वितरण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री युवा योजना अन्तर्गत 67 तथा अन्य योजना अन्तर्गत 53 सहित कुल 120 लाभार्थियों को रू. 04 करोड़ की धनराशि के डेमों चेक का वितरण विभिन्न बैंकों द्वारा किया गया।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन

अयोध्या। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथाः डी.बी.टी. के माध्यम से यूनिफार्म, स्कूल बैग, स्वेटर, जूता मोजा एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि का सीधे अभिभावकों के बैंक खातों में प्रेषित किया जाना, निपुण भारत मिशन, एस.एम.सी, बालिका शिक्षा, आउट ऑफ स्कूल बच्चों हेतु विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं कायाकल्प आदि विषयों पर स्थानीय प्राधिकारी/पार्षद/जन प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान कर उन्मुख करना, इसी माध्यम से विभागीय कार्यक्रमों एवं गतिविधियों में छात्र/छात्राओं, अभिभावकों एवं समुदाय की सक्रिय सहभागिता के दृष्टिगत बच्चों के नामांकन, उपस्थिति एवं ठहराव में सकारात्मक वृद्धि होने, वहीं समुदाय, अभिभावकों एवं पार्षदों का विद्यालय विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्रिय सहभागिता हेतु संगोष्ठी का आयोजन कंपोजिट स्कूल पुलिस लाइन, नगरक्षेत्र अयोध्या में किया गया।

इस संगोष्ठी में विधायक प्रतिनिधि राम भजन गौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# तीन निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने मारा छापा, बरामद की अवैध शराब

बाराबंकी। होली त्यौहारों पर राजस्व को चुना लगाकर अवैध शराब की खेप को बेचकर मुनाफा कमाने वाले शराब तस्करों पर कार्यवाही किये जाने को लेकर आबकारी विभाग ने मुहिम तेज कर दी है। शासन के निर्देश पर अवैध रूप से नशे का काला कारोबार करने वाले नशा तिजातियों के खिलाफ आबकारी विभाग द्वारा

- होली पर्व को लेकर आबकारी विभाग की छापेमारी हुई तेज, 4 को भेजा जेल



चलाये जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत विभाग द्वारा अभियान चलाकर कच्ची शराब माफियाओ में भय का माहौल पैदा कर दिया है। तो वही दूसरी तरफ आम जनमानस में जागरूकता अभियान चलाकर सरकारी दुकानो से ही शराब खरीदे जाने की अपील भी की है। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज शुक्रवार को आबकारी निरीक्षक सर्किल रामसनेहीघाट लक्ष्मीचन्द्र वर्मा, आबकारी निरीक्षक सर्किल हैदरगढ़ राजेश कुमार तिवारी, आबकारी निरीक्षक सर्किल रामनगर उमाशंकर चैधरी की सयुक्त टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ थाना असन्द्रा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पजावां, धनई का पुरवा, नैपुरा, बाजपुरा समेत 12 संदिग्ध ग्रामो में दंबिश दी। दबिश में टीम ने 35 लीटर कच्ची शराब को बरामद किया। इसके साथ ही 450 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया गया। तथा आबकारी अधिनियम के तहत 2 अभियोग पंजीकृत करते हुये 4 लोगो को जेल भेजा। इसके उपरान्त टीम में देशी व कम्पोजिट दुकानों की भी चेकिंग की। दंबिश देने वाली टीम मे प्रधान आबकारी सिपाही दीप नारायन वर्मा, राजकुमार मौर्या, महेशदत्त त्रिपाठी, अनिल मौर्या, आबकारी सिपाही दीपक मिश्रा, ओमप्रकाश सिंह, इमरान, महिला आबकारी सिपाही सीमा सिंह, अनिता यादव, संजय सिंह, जावेद अख्तर, मौजूद रहे।

## एसपी ने सुनी जनसमस्याएं



बहराइच । पुलिस अधीक्षक द्वारा *जनता दर्शन* में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना गया। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों/प्रार्थना पत्रों के सम्बध में सम्बन्धित अधिकारियों/थाना प्रभारियों को शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण जाँच कर निस्तारित करने हेतु आदेशित किया गया ।

## रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर दो छात्रों की मौत , एक घायल



बहराइच। बहराइच नानपारा मार्ग पर स्थित झिंगहा घाट के पास आज सुबह बाइक से हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे छात्रों को एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने टक्कर मार दी । घटना के बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया , सूचना पर रामगांव पुलिस ने मौके पर पहुंची लेकिन तब तक दो छात्रों की मौके पर मौत हो चुकी थी । पुलिस ने एक अन्य घायल छात्र को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा है ।रामगांव थाना क्षेत्र में स्थित राजापुर माफी ग्राम के रहने वाले आशाराम का पुत्र मस्तराम उम्र 17 अपने मामा के लड़के रोहित व जयहिंद के साथ शुक्रवार को घर से सुबह सात बजे बाइक से नगर में स्थित सिटी मांटेसरी स्कूल में हाईस्कूल की परीक्षा देने के लिए निकला था ।जब वो लोग झिंगहा घाट के पास स्थित हनुमान मंदिर के सामने पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी जिसके चलते तीनों गम्भीर रूप से घायल हो गए । हादसे के बाद चालक वाहन छोड़ फरार हो गया । घटना की सूचना पर रामगांव हाइवे पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन जब तक घायलों को इलाज के लिए भेजा जाता मस्तराम व रोहित की मौके पर ही मौत हो गई । पुलिस ने घायल जयहिंद को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ।मृतक मस्तराम के पिता आशाराम ने बताया कि बस के टक्कर से उनके बेटे व उनके साले के बेटे की मौत हो गई है। रामगांव थाना प्रभारी गुरुसेन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में परीक्षा देने जा रहे दो छात्रों की मौत हुई है । शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दुर्घटना करने वाले वाहन को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

## एआरटीओ कार्यालय सभागार में परिवहन मेले में दिखा वाहन स्वामियो का उत्साह

जिला संवाददाता

बाराबंकी। शासन द्वारा व्यवसायिक वाहन स्वामियों को बकाया कर भुगतान के लिए वन टाइम टैक्स सेटलमेंट योजना के तहत उप सम्भागीय परिवहन कार्यालय सभागार मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला की अध्यक्षता मे परिवहन मेला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय परिवहन मेला मे आज 20 फरवरी लगभग 40 वाहन स्वामियो ने प्रतिभाग कर योजना के सम्बन्ध मे जानकारी ली। मौके पर 5 वाहन स्वामियो द्वारा कर भुगतान का योजना का लाभ उठाया गया। मेले मे एआरटीओ प्रशासन श्रीमती शुक्ला ने वाहन स्वामियो को टैक्स की गणना, पंजीकरण, परमिट और लाइसेंस से जुड़ी जानकारियां दी। तथा आफलाइन के माध्यम से कार्यालय पर सम्पर्क कर टैक्स जमा करने की अपील की। एआरटीओ ने बताया कि मेले का मुख्य उद्देश्य व्यावसायिक वाहनों ( कमर्शियल वाहनों ) के लिए नई वन टाइम टैक्स ( एकमुश्त कर ) व्यवस्था के बारे में जानकारी देकर वाहन स्वामियो को बार-बार कर जमा करने की जटिल प्रक्रिया से राहत दिलाना और पारदर्शी डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देना है। उन्होने आगे बताया कि भाड़े या पारिश्रमिक पर चलने वाले दोपहिया वाहन, तिपहिया मोटर कैब, 10 लाख रुपये तक और 10 लाख रुपये से अधिक मूल्य के मोटर कैब ( तिपहिया को छोड़कर ), मैक्सी कैब, निर्माण उपकरण व विशेष प्रयोजन वाहन, 3000 किग्रा तक और 3000 से 7500 किग्रा तक के माल वाहन और राज्य परिवहन उपक्रम के सार्वजनिक सेवा वाहन छूट का लाभ प्राप्त सकेगे। इस प्रक्रिया से वाहन स्वामियो को राहत मिलेगी। तथा छोटे कमर्शियल वाहन संचालकों को बार-बार टैक्स जमा करने की झंझट से छुटकारा मिलेगा। इस अवसर पर यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी, सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक बलवन्त सिंह यादव मौजूद रहे।

## लूट का सामान बरामद, दो गिरफ्तार



अयोध्या। कोतवाली रूदौली पुलिस ने हाईवे और ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं को निशाना बनाकर लूट व टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूट का सामान बरामद किया है। क्षेत्र में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए घटनाओं का खुलासा किया। गिरफ्तार आरोपियों में अखिलेश उर्फ अभिलेश उर्फ धुनधुन ( 34 ) पुत्र कल्लू निवासी ग्राम बिरौली थाना सफदरगंज, जनपद बाराबंकी तथा नईम अहमद ( 40 ) पुत्र मो. अहमद निवासी ग्राम बिरौली थाना सफदरगंज, जनपद बाराबंकी शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने अलग-अलग तिथियों में तीन वारदातों को अंजाम दिया। 19 जनवरी 2026 को थाना बाबा बाजार क्षेत्र में 85 वर्षीय महिला से नाक का बूंदा छीन लिया गया। 31 जनवरी 2026 को थाना कोठी ( जनपद बाराबंकी ) क्षेत्र में 75 वर्षीय महिला से पर्स व गले की मटर माला धोखाधड़ी से ले ली गई। 14 फरवरी 2026 को कोतवाली रूदौली क्षेत्र के ग्राम भेलसर में 75 वर्षीय महिला से नाक का बूंदा छीना गया। तीनों मामलों में संबंधित थानों पर मुकदमे दर्ज थे। आरोपियों के पास से 2 नाक के बूंदे, एक मटर माला पीली धातु, मोटर साईकिल सहित अन्य सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक बलवंत चैधरी ने बताया कि आरोपी पुरानी मोटरसाइकिल में फर्जी नम्बर प्लेट लगा कर चलते थे। वृद्ध महिलाओं को सूनसान स्थानों पर निशाना बनाते थे। आरोपियों पर पूर्व में भी लूट, जुआ अधिनियम तथा अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी ने सुनी फरियाद

अयोध्या। जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनता दर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं। जिलाधिकारी ने प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि जनता की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान किया जाए तथा शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही न हो। जनता दर्शन में मुख्य रूप से भूमि विवाद, राजस्व संबंधित प्रकरण, पेंशन, स्वास्थ्य सुविधा तथा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे सामने आए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मामले की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा की जाए और शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

## एसपी ने परेड की ली सलामी और किया निरीक्षण



बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड में साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी/कर्मचारीगण को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया । परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई ।

परेड के उपरान्त शस्त्रों का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन परिसर स्थित परिवहन शाखा समेत विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त महोदय द्वारा पुलिस लाइन की बेहतर साफ-सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया ।

तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन के आदेश-कक्ष में सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के सम्बन्ध में सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन , प्रतिसार निरीक्षक श्री भुवनेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संक्षेप

## एमए प्राचीन इतिहास का वाइबा 23 को

**सुलतानपुर (वीओएल)**। राणा प्रताप पीजी कॉलेज एमए प्रथम सेमेस्टर प्राचीन इतिहास विभाग की मौखिकी परीक्षा 23 फरवरी को प्रातः 10 बजे महाविद्यालय में कमरा नं 18 एवं 19 में संपन्न होगी। विभागाध्यक्ष प्रो शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया सभी छात्र-छात्राएं अपने प्रोजेक्ट के साथ महाविद्यालय में समय से उपस्थित हो, अन्यथा संपूर्ण जिम्मेदारी छात्र छात्रों की स्वयं की होगी।

## युवक को हाथ पैर तोड़ देने की धमकी

**सलोन,रायबरेली**।पुरानी रंजिस को लेकर कस्बे में एक युवक को हाथ पैर तोड़ देने की धमकी दी गई है ।घटना एक प्राइवेट अस्पताल के पीछे की बताई जा रही हैं ।जहां आरोपी युवक द्वारा युवक को धमकाया गया है ।पुलिस ने तहरीर लेकर एक युवक के विरुद्ध अभियोग दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली अंतर्गत कस्बा सलोन मोहल्ला मिलकियाना पश्चिमी निवासी जुल्फकार हैदर ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि दस फरवरी की शाम एक प्राइवेट हॉस्पिटल से सलोन ब्लाक के पीछे अपनी जमीन देखने जा रहा था ।आरोप है कि इसी बीच कस्बे के ही तनवीर हैदर उर्फ हनी वहां पहुँच गया। आरोप है कि पुरानी रजिशं को लेकर विपक्षी उसे गालियां देने लगा ।आरोप है की विरोध करने पर आरोपी युवक ने उग्र होकर कहा कि दोबारा इस भूमि पर नही आना नहीं तो तुम्हारा हाथ पैर तोड़ देंगे ।कोतवाली प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि घटना की तहरीर लेकर अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है ।जांच कर कार्यवाही कि जाएगी।

## हॉकी प्रतियोगिता में स्वाती व राधा का चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)**। खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालिका हॉकी का राज्य स्तरीय आयोजन गोरखपुर में 23 से 28 फरवरी के मध्य आयोजित किया जाएगा। जिले से चयनित खिलाड़ी क्षेत्रीय खेल कार्यालय डाबा सेमर अयोध्या में मंडल ट्रायल हेतु शामिल हुए, जिसमें स्वाती सरोज और राधा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार ने बताया जिले में हॉकी में महिलाओं के प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। खिलाड़ियों के चयन पर हॉकी सुलतानपुर सचिव तारिक, वसीम इरशाद खान, मुनेंद्र मिश्र, खेल प्रवक्ता राजेश कन्नौजिया ने खुशी जताई।

## यूपी बोर्ड परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में संपन्न

**सुलतानपुर**। हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा 2026 के अंतर्गत प्रथम पाली में आयोजित परीक्षाएं जिले भर में शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित वअनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा को लेकर प्रशासन द्वारा जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार छात्र-छात्राओं की उपस्थिति संतोषजनक दर्ज की गई, जिससे परीक्षा व्यवस्था की सफलता स्पष्ट दिखाई दी। प्रथम पाली में हाईस्कूल स्तर पर कुल 39,787 छात्र पंजीकृत थे। इनमें से 37,617 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 1,170 छात्र अनुपस्थित रहे। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार अधिकांश छात्र निर्धारित समय से पूर्व ही परीक्षा केंद्रों पर पहुंच गए थे, जिससे परीक्षा संचालन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न नहीं हुई।

# अनियंत्रित होकर पलटी स्कूली वैन 12 से ज्यादा छात्र घायल



**रायबरेली**। हरचंदपुर थाना क्षेत्र में महराजगंज रोड पर एक अनियंत्रित स्कूली वैन पलटने की दर्दनाक घटना सामने आई है । यह हादसा हरचंदपुर थाना क्षेत्र के महराजगंज रोड पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास हुआ। एक स्कूली वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। वाहन में लगभग 20 छात्र सवार थे। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक छात्र घायल हुए हैं। घायलों में काव्यांश राजपूत उम्र 5 वर्ष निवासी पुरे बेसन, विशाल उम्र 7 वर्ष निवासी सुल्तानपुर, रिया उम्र 12 वर्ष निवासी गुनावर, अंश उम्र 10 वर्ष निवासी सुल्तानपुर, अंजलि उम्र 11 वर्ष निवासी सुल्तानपुर, शिवम उम्र 9 वर्ष निवासी गुनावर, साक्षी उम्र 9 वर्ष निवासी सुल्तानपुर, व बंदना उम्र 10 वर्ष निवासी गुनावर गंभीर रूप से घायल हो गए हैं वही काव्यांश राजपूत व शिवम को एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल रेफर किया गया है वही घायलों को तत्काल इलाज के लिए नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य चलाया गया। थानाध्यक्ष हरिकेश सिंह ने बताया की एक स्कूली वैन पलट गई थी सभी घायलों छात्रों को इलाज हेतु अस्पताल पहुंचाया गया है दो की हालात को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है बाकी छात्रों का इलाज कर उन्हें घर भेज दिया गया।

## सीडीओ ने परखी योजनाओं की हकीकत

**सुलतानपुर (वीओएल)**। जनपद के भदैया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम भरथीपुर में आज जनता चैपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों और प्रशासन के बीच योजनाओं की वास्तविक स्थिति को लेकर खुली और सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विनय कुमार सिंह, सीडीओ, सुलतानपुर रहे। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति का मौके पर ही आकलन किया। चौपाल के दौरान सीडीओ ने डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से प्राप्त धनराशि के उपयोग की जानकारी ग्रामीणों से ली। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों के हित में इस धनराशि का सही उपयोग करते हुए ड्रेस व शैक्षणिक सामग्री खरीदी जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके। विद्यालय संबंधी चर्चा में मिड-डे मील की गुणवत्ता और शिक्षकों की कार्यप्रणाली पर ग्रामीणों ने संतोष व्यक्त किया और शिक्षा व्यवस्था की सराहना की। स्वास्थ्य, पशुपालन और कृषि विभाग की योजनाओं की भी समीक्षा की गई। पंचायती राज व्यवस्था के तहत आवास, शौचालय, पेंशन, नाली निर्माण, खाद्यान्न वितरण तथा आंगनबाड़ी सेवाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर मातृत्व योजना के तहत एक गर्भवती महिला की गोदभराई और टीकाकरण कर मातृ-शिशु स्वास्थ्य का संदेश दिया गया। ग्रामीणों की समस्याएं सुन शिकायत पत्र भी प्राप्त किए गए, जिनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

# यूजीसी के ऑनलाइन व्याख्यान में आरेडिका के महाप्रबंधक ने दिया लेक्चर

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली**। यूजीसी- मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग सेंटर, जयनरायन ०?यास यूनिवर्सिटी द्वारा वी टी चोकसी लॉ कॉलेज के सहयोग से आयोजित यूजीसी ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स के अंतर्गत ह्लसतत विकास लक्ष्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुसंधान के लिए भावी टेक?नोलॉजीह्व विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आधुनिक रेल डिब?बा कारखाना, के महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने ह्लआधुनिक कोच फैक्ट्रीः सतत विनिर्माण, हरित पहलें एवं फोर्ज्ड व्हील प्लांट का कायाकल्पह्व विषय पर विस्तारपूर्वक विचार प्रस्तुत किए।

अपने व्याख्यान में श्री मिश्रा ने वर्ष 2010 में स्थापित मॉडर्न कोच फैक्ट्री की स्थापना, विजन एवं विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 541 हेक्टेयर में फैली यह इकाई आज देश की सबसे आधुनिक एवं उच्च तकनीक युक्त कोच निर्माण इकाइयों में से एक है। उन्होंने बताया कि ह्लस्मार्ट, सस्टेनेबल और आत्मनिर्भर रेल निर्माण ही भविष्य की दिशा हैह्व एवं आधुनिक डिब्बा कारखाना, रायबरेली गुणवत्ता, तकनीक एवं हरित विकास के समन्वय से भारतीय रेल को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए सशक्त बना रही है। एमसीएफ अब तक 15,500 से अधिक कोचों का निर्माण कर चुका है, जिनमें 92ः एलएचबी कोच सामान्य यात्रियों के लिए निर्मित किए गए हैं। इसी माह आरेडिका का पहला वंदे भारत एक?सप्रेस प्रीमियम ट्रेन उत्पादित कर राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा।

श्री मिश्रा ने फोर्ज्ड व्हील प्लांट के अधिग्रहण एवं पुनरुद्धार की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए बताया कि प्रभावी मानव संसाधन प्रबंधन, वित्तीय अनुशासन तथा स्थानीय विक्रेताओं के विकास से उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई। प्रथम वर्ष में 49ः तथा द्वितीय वर्ष (जनवरी 2026 तक) में 82ः वृद्धि हासिल की गई। इस उपलब्धि के साथ एमसीएफ ने ह्लव्हील से कोच तकह्व पूर्ण इन-हाउस उत्पादन क्षमता प्राप्त कर ली है।

पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में एमसीएफ द्वारा किए गए प्रयासों का उल्लेख करते हुए श्री मिश्रा ने बताया कि आरेडिका नेकृ 748 मिलियन लीटर जल संरक्षण क्षमता विकसित की जिसके तहत 15 कृत्रिम तालाब एवं 29 रेन वाटर हार्वेस्टिंग पिट एवं 35 बोरबेल बनाये गये। 3लाख सीड, 3 लाख पौधारोपण एवं 5 मियावाकी वन का निर्माण किया गया इसके साथ ही 5.13 मेगावाट की सौर ऊर्जा क्षमता विकसित की गयी।

# कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की झांकी देख भावविभोर हुए श्रद्धालु



**भादर, अमेठी**। विकासखंड भादर अंतर्गत नगरडीह अयोध्यानगर बाजार में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठवें दिन भगवान श्रीकृष्ण के कंस वध, रुक्मिणी विवाह एवं रासलीला प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा के दौरान प्रस्तुत कृष्ण-रुक्मिणी विवाह की मनोहारी झांकी ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।अयोध्या से पधारे कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण को योगीराज बताते हुए कहा कि उन्होंने अत्याचारी एवं अहंकारी कंस का संहार कर धर्म की स्थापना की। कंस वध प्रसंग के साथ ही रुक्मिणी हरण और विवाह की कथा का अत्यंत सुंदर एवं जीवंत चित्रण किया गया। विवाह प्रसंग के दौरान पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु स्वयं को उस पावन क्षण का साक्षी महसूस कर रहे थे। विशेष रूप से बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह उत्सव में सहभागिता निभाई। मंगलगीतों और जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कथावाचक पंडित अखिलेश तिवारी शास्त्री जी ने रासलीला प्रसंग का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला आत्मा और परमात्मा के दिव्य मिलन का प्रतीक है ।कथा महोत्सव के मुख्य यजमान कृष्ण मुरारी दुबे द्वारा इस धार्मिक आयोजन का सफल संचालन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में दीप नारायण दुबे, गिरजा शंकर दुबे, राम शंकर दुबे, विवेक दुबे, चंदन एडवोकेट, ज्ञान चंद्र पांडेय सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## तेरह करोड़ से होगा पंडरी और गरथोलिया की सड़कों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण

**अमेठी**। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड के अन्तर्गत दो सड़कों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए शासन की ओर प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। दोनों सड़कों के सुदृढ़ीकरण के लिए लगभग 13करोड रु की धनराशि स्वीकृत की गई है। माधोपुर, पंडरी, से रघुपुर होते हुए पूरे शुक्लन मार्ग, गौरीगंज बाईपास को जोड़ेगा। चंदौली, शाहगढ़ गरथोलिया ,जंगल टिकरी अन्य जिला मार्ग का किमी एक से चार तक चौड़ीकरण किया जाएगा। 4 किमी लम्बाई में सुदृढ़ीकरण के लिए 10.54करोड रु की धनराशि स्वीकृत की गई है ।1.03करोड रु की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। प्रायोजनान्तर्गत विभाग द्वारा सर्वप्रथम भूमि अधिग्रहण एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम पूरा किया जाएगा, तदोपरान्त ही मार्ग का निर्माण प्रारम्भ किया जाएगा। यदि वन भूमि से सम्बन्धित कार्य प्रस्तावित किया जाता है तो इस सम्बन्ध में वैधानिक अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं ।लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का भुगतान किया जाएगा। माधोपुर पंडरी से रघुपुर होते हुए पूरे शुक्लन ग्राम तक मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 2.4229करोड रु की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी की गई है। मार्ग की लम्बाई 1.710किमी है ।23.65लाख रु की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। इस मार्ग के निर्माण के लिए भी प्रायोजनान्तर्गत उपरोक्त की तरह कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इस मार्ग के निर्माण के लिए भी प्रायोजनान्तर्गत उपरोक्त की तरह कार्य किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। इंजीनियर शैलेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, लोक निर्माण विभाग का कहना है कि दो मार्गों के निर्माण के लिए वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति 17फरवरी को जारी हुई है। आगे की प्रक्रिया शीघ्र शुरू की जाएगी ।चालू वित्तीय वर्ष में दो दर्जन से अधिक मार्गों के निर्माण के लिए सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराए जायेंगे।

# ब्लॉक संसाधन केंद्र छतोह में एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**नसीराबाद,रायबरेली**। शुक्रवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र छतोह में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रकाश ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी कहा कि ब्लॉक स्तरीय विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं सचिवों का एक दिवसीय प्रशिक्षण में शामिल सभी साथियों को विद्यालय में अध्ययन कर रहे। बच्चों को उनके बाल अधिकारों के वाहक के रूप में देखते हैं.प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों का पंजीकरण, संदर्भ सामग्री का वितरण, प्रशिक्षण का परिचय, उद्देश्य और अपेक्षाएँ पर चर्चा की गई.बाल अधिकार और बाल अधिकारों का संरक्षण,निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 और उत्तर प्रदेश निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियम 2011 का संक्षिप्त परिचय और विद्यालय प्रबंधन समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल और कार्य के बारे विस्तार से चर्चा किया ।विद्यालय प्रबंधन समिति की जिम्मेदारियाँ, विद्यालय प्रबंधन समिति की वित्तीय, जिम्मेदारियाँ, विद्यालय विकास योजना, स्थानीय प्राधिकरण के कार्य और जिम्मेदारियां,एसएमसी बैठक रजिस्टर,शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय से बाहर के बच्चों की पहचान, नामांकन और विशेष प्रशिक्षण, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) व यू-डीआईएसई के बारे में जानकारी दी ।इसके अलावा स्थानीय प्राधिकरण के कार्य और जिम्मेदारियां,एसएमसी बैठक रजिस्टर, शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय से बाहर के बच्चों की पहचान, नामांकन व विशेष प्रशिक्षण, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और यू-डीआईएसई के बारे में जानकारी दी। समग्र शिक्षा का सामाजिक अंकेक्षण, स्कूली शिक्षा में लड़कियों की शिक्षा व पूर्व-विद्यालय, निपुण भारत मिशन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, ऑपरेशन कायाकल्प में एसएमसी के कार्य और जिम्मेदारियां, मध्याह्न भोजन योजना, विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल श्रम रोकथाम, विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन से संबंधित जानकारी भी दी गयी । विद्यालय प्रबंधन समिति क्षमता निर्माण फिल्म प्रशिक्षण, माता-पिता व समुदाय की भागीदारी, कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिवेंद्र श्रीवास्तव , रमेश कुमार शुक्ल, रोहित मिश्रा , गौरव मौर्य, गिरजेश सिंह, उमेश कुमार श्रीवास्तव, श्याम नारायण सिंह, राम पदारथ, लक्ष्मी, छोटे लाल, सुमित्रा, रुखसाना, शब्बीर अहमद, आत्मा देवी सहित कुल 176 विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष एवं सचिव शिक्षक उपस्थित रहे।



## छतोह में ग्राम चौपालों का आयोजन संपन्न

**नसीराबाद, रायबरेली**। शुक्रवार को विकास खण्ड छतोह की दो ग्राम पंचायतों में चैपाल का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत छतोह के पंचायत सभागार में प्रधान रामबली की अध्यक्षता में आयोजित चैपाल में ग्राम पंचायत सचिव अमरेंद्र यादव ने सरकार की जनहितकारी योजनाओं, डॉ इन्द्रपाल ने तकनीकी खेती और जायद की फसलों के विषय में,रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि राजेश कुमार ने बैंकों द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी ।समाज कल्याण विभाग के ग्राम विकास अधिकारी विश्वेंद्र सिंह ने अवरुद्ध पेंशन के लिए केवाईसी करवाने और दिव्यांग पेंशन के लिए प्रमाण पत्र बनवाकर आवेदन करने की सलाह दी। समाज कल्याण विभाग, फाइलेरिया उन्मूलन, वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त और किसी विभाग का कोई प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हुआ जिससे बड़ी संख्या में लोगों ने नाराजगी जताई। वहीं ग्राम पंचायत हाजीपुर में प्रधान शिव शंकर बरनवाल की अध्यक्षता में पंचायत सचिव राजेश यादव ने लोगों की समस्याएं लिपिबद्ध कर उनके निस्तारण का भरोसा दिलाया ।उन्होंने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के नियमों और मां बाप में से किसी एक या दोनों की मृत्यु की स्थिति में दो बच्चों को 23 साल की उम्र की पढ़ाई तक 4 हजार रुपये प्रति माह तक समाज कल्याण विभाग की ओर से दिए जाने की जानकारी दी। कई विभागों के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति पर लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन ग्राम चौपालों में सभी विभागों के सक्षम प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित नहीं कर सकता तो उसे इनका आयोजन बंद कर देना चाहिए।

## बहाई पुलिस चौकी के कार्यालय कक्ष का पुलिस अधीक्षक ने किया लोकार्पण




**लालगंज, रायबरेली**। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने बहाई पुलिस चैकी के कार्यालय कक्ष का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुलिस चैकी में कार्यालय कक्ष बनने से जहां विभाग को सहूलियत होगी वहीं क्षेत्रीय लोगों को भी सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस चैकी रहने से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होती है। । पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कर्मियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में गश्त बढ़ाएं और अपराधियों पर नकेल कसें। वास्तव में पुलिस चैकी बहाई में कमरों की कमी की वजह से चैकी के कामकाज में दिक्कत होती थी ।चैकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा ने कार्यालय कक्ष का निर्माण करा कर बड़ा ही सराहनीय कार्य किया है। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी अमित सिंह, प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, चैकी इंचार्ज अजय कुमार मिश्रा, उप निरीक्षक रामचंद्र सिंह, सिपाही अजय कुमार सिंह ,सत्यम यादव व अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे ।

# एसपी ने साप्ताहिक परेड का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली**। शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक रवि कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने पुलिस बल की शारीरिक एवं मानसिक फिटनेस पर विशेष जोर दिया और अनुशासन तथा एकरूपता बनाए रखने के लिए विभिन्न गतिविधियां करवाईं। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन में मौजूद पुलिस बल को दौड़ लगवाई, ताकि सभी पुलिसकर्मी शारीरिक रूप से फिट और चुस्त-दुरुस्त बने रहें। साथ ही, परेड में शामिल पुलिसकर्मियों से ड्रिल करवाई गई, जिसमें अनुशासन, एकरूपता और टीमवर्क पर फोकस किया गया। इस साप्ताहिक परेड में पुलिस लाइन का बल, विभिन्न कार्यालयों तथा थानों में तैनात पुलिसकर्मी और रिक्रूट आरक्षी शामिल हुए।

परेड निरीक्षण के बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत दौरा किया। उन्होंने बैरक, क्वार्टर गार्ड, पीआरवी (पुलिस रेडियो वाहन) वाहनों, गार्ड रजिस्टर आदि की जांच की और संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।पुलिस अधीक्षक ने विशेष रूप से सभी रजिस्टरों और अभिलेखों को व्यवस्थित एवं अद्यतन (अपडेटेड) रखने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी रिकॉर्ड्स समय-समय पर अपडेट किए जाएं और कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा, अर्दली रूम की व्यवस्था को भी बेहतर बनाने हेतु संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

# ग्रापं अधिकारी के खिलाफ ग्राम प्रधानों ने खोला मोर्चा और स्थानांतरण की मांग

जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली**। लालगंज विकासखंड के सोंडासी और उतरा गौरी मे तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी प्रखर तिवारी के खिलाफ ग्राम प्रधानों ने मोर्चा खोल रखा है और उनके ऊपर विकास कार्यों में लापरवाही के साथ-साथ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए ग्राम पंचायत से स्थानांतरण किए जाने की मांग जिला पंचायत राज अधिकारी और जिला विकास अधिकारी से कीहै। ग्राम प्रधान सोंडासी लक्ष्मी देवी और उतरा गौरी के प्रधान विजयपाल का कहना है कि प्रखर तिवारी मनमाने ढंग से कार्य करते हैं। इंडियामार्का खराब पड़े हैं ।मरम्मत नहीं करा रहे हैं। गर्मी का मौसम आ रहा है। लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। ग्राम पंचायत अधिकारी ने ग्राम सभा में अपने आदमी पाल रखे हैं जिनके इशारे पर काम करते हैं। सोडासी प्रधान का कहना है कि गत डेढ़ वर्ष का इंडियामार्का का निकला हुआ सामान ग्राम पंचायत अधिकारी बिना बताए उठा ले गए हैं जो सरासर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। वहीं सेक्रेटरी गांव में आते भी नहीं है जिसके चलते लोगों के काम नहीं हो पा रहे हैं। इसके अलावा प्रधान लक्ष्मी देवी का यह भी आरोप है कि जनवरी में सेक्रेटरी ने उनका डोंगल लेकर के बिना उनकी जानकारी के करीब 19 लाख रुपए का ट्रांजैक्शन किया है। इस पैसे से चैराहों पर कैमरा, आर आरसी सेंटर ,इंटरलॉक और दो लाख रुपए नल के मरम्मत के नाम पर निकाल लिया है । विकास कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया गया है। कैमरा अभी से खराब हो गए हैं ।प्रधान के अलावा ग्राम पंचायत सदस्य अभिषेक शुक्ला, राजकुमार रागिनी भी सेक्रेटरी को हटाए जाने की मांग की है।

## त्रिस्तरीय पंचायत की निर्वाचक नामावली के वृहद पुनरीक्षण कार्यक्रम में बदलाव : डीएम

**रायबरेली** ।राज्य निर्वाचन आयोग, उप्र लखनऊ की अधिसूचना (संशोधन) के क्रम में जिला मजिस्ट्रेटध्जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) रायबरेली हर्षिता माथुर ने निर्देश दिये है कि जनपद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का संशोधित समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण किया जायेगा। उन्होंने बताया है कि संशोधित तिथि के अनुसार दावेध्आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियां तैयार करना, जमा करना एवं संभावित डुप्लीकेट मतदाताओं के सत्यापनध्निस्तारण की कार्यवाही करने की अवधि 16 मार्च 2026 तक निर्धारित की गई है। 21 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार किया जायेगा। 17 मार्च से 13 अप्रैल 2026 तक मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता क्रमांकन, एसवीएन आवंटन, मतदाता सूची की डाउनलोडिंग आदि किया जायेगा। 15 अप्रैल को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन किया जाये।

## सपा कार्यकर्ता हत्याकांड में 5 दोषियों को उम्र कैद

**सुलतानपुर (वीओएल)**। अमेठी जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र में चार साल पूर्व सपा कार्यकर्ता आलोक पाल हत्याकांड में एडीजे तृतीय निशा सिंह ने शुक्रवार को पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषियों पर 90 हजार रुपये जुमार्ना लगाया है। अभियोजन पक्ष से वादी मुकदमा के अधिवक्ता रवि शुक्ल के मुताबिक दो मार्च 2022 को संग्रामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे गड़ेरियन मौजा राजापुर कोहरा निवासी रामराज पाल का लड़का प्रशांत पाल व आलोक पाल सामान की खरीददारी करने बाजार जा रहे थे। रास्ते में ननकूदास की कुटी के पास घात लगाये बैठे आरोपियों ने लाठी, डंडा व लोहे के रॉड से दोनों पर हमला कर दिया था। हमले में घायल आलोक पाल की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। मृतक के पिता रामराज पाल की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही अजय मिश्र, माधवराज मिश्र, आशुतोष मिश्र, दुर्गा प्रसाद व अभिषेक मिश्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। वादी मुकदमा के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से पेश नौ गवाहों के बयान व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने पांचों दोषियों को सजा सुनाई है।

# बारात के दौरान दूल्हे के पिता से एक लाख की लूट, बदमाश रुपये से भरा बैग लेकर फरार

**अमेठी** । कस्बे में गुरुवार की रात एक शादी समारोह में उस समय सनसनीखेज वारदात में बदल गया, जब बाइक सवार बदमाशों ने दूल्हे के पिता के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीन लिया और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के कस्बा स्थित अमर मैरिज लॉन के पास की है। जानकारी के मुताबिक, संग्रामपुर थाना क्षेत्र के तिवारीपुर करनाईपुर गांव निवासी पूर्व शासकीय अधिवक्ता रंगनाथ मिश्रा के बेटे दीपक मिश्रा की बारात गुरुवार रात अमर मैरिज लॉन पहुंची थी। बारात ककवा रोड कटरा राजा हिम्मत सिंह से गाजे-बाजे के साथ निकली थी। दूल्हा दीपक मिश्रा वर्तमान में मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स में सांख्यिकी अधिकारी के पद पर तेलंगाना में तैनात हैं, जबकि दुल्हन निवेदिता ठेंगहा गांव निवासी अंबिका तिवारी की पुत्री हैं। बताया जा रहा है कि रात करीब 10 बजे जब बारात मैरिज लॉन की ओर बढ़ रही थी और लोग नाच-गा रहे थे, तभी एक युवक अचानक भीड़ में पहुंचा और दूल्हे के पिता रंगनाथ मिश्रा के हाथ से रुपयों से भरा बैग छीनकर भागने लगा। कुछ दूरी पर पहले से बाइक पर उसके दो साथी मौजूद थे। तीनों बदमाश बाइक से फरार हो गए। रंगनाथ मिश्रा के अनुसार बैग में करीब एक लाख रुपये नकद थे। उन्होंने कुछ दूर तक बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी सी ओ और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने देर रात तक आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली।

# भगवान शिव व मां जगदम्बा के मंदिर का हुआ जीर्णोद्धार

- तीन दिनों तक चले प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान के बाद मूर्तिस्थापित



**रायबरेली**। भूतभावन भगवान भोलेनाथ व आदि शक्ति माँ जगदम्बा की कृपा से शहर के अमोल विहार कालोनी में निमार्णाधीन राना बेनी माधव बक्स सिंह सभागार परिसर में शुक्रवार को दो मंदिरों का जीर्णोद्धार के बाद मूर्तियों की विधिवत पूजा अर्चन के बाद प्राण प्रतिष्ठा की गई और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। निर्माणधीन सभागार में पूर्व दिशा में भगवान शिव के परिवार एवं पश्चिम दिशा में आदि शक्ति माँ दुर्गा जी के मंदिर का जीणोद्धार करा कर भव्य रूप दिया गया है। दोनों मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम तीन दिवसीय 18 से 20 फरवरी तक किया गया। धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य आचार्य पंडित राम लखन मिश्र प्रतापगढ़ के सानिध्य में अन्य विद्वान आचार्यों के द्वारा 18 फरवरी को फाल्गुन मास के शुक्ल पक्ष प्रतिपदा प्रातः नौ बजे सुबह से प्राण प्रतिष्ठा के पूजन का कार्य प्रारंभ हुआ।

शुक्रवार को प्रातः नौ बजे से स्थापन पूजन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। यजमान की भूमिका में मदन बाजपेई सपत्नी ने मूर्ति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों ही मंदिरों में मूर्तियों की स्थापना के बाद 12 बजे से विशाल कन्या भोज का आयोजन किया जाएगा। कन्या भोज में कन्याओं ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद दिया। इसके बाद सभागार परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। शाम तक चले अनवरत भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि राना बेनी माधव बक्श सिंह स्मारक सभागार में दो मंदिरों में बाबा भोलेनाथ व आदि शक्ति मां भगवती की पुनः मूर्ति स्थापना का कार्यक्रम 3 दिवसीय 18 से 20 फरवरी तक गया। 18 फरवरी को फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा प्रातः नौ बजे सुबह से स्थापन पूजन प्रारंभ हुआ। द्वितीय दिवस 19 फरवरी को प्रातः आठ बजे से पूजन प्रारंभ हुआ और दोपहर 12 बजे से भगवान शिव परिवार व माता रानी की धूमधाम से बारात निकाली गई। जिसमें समिति के सदस्यों समेत साकेत नगर के निवासी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डायट जय प्रताप सिंह, राम बली सिंह, हरिहर सिंह, विजय रस्तोगी, रविंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, राजेश यादव, डॉ. मनीष चौहान, डॉ. बृजेश सिंह, विकास सिंह, गजेंद्र सिंह, राकेश भदौरिया, हरीशानंद मिश्र,, नरेंद्र सिंह फौजी, राजन कछवाह, महेंद्र कछवाह, महेंद्र अग्रवाल, डॉ रवि प्रताप सिंह, शिवम सिंह, विकाश सिंह, राम राज सिंह, अशोक सिंह, डॉ. आरएन सिंह, डॉ अभिषेक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## दो चोरों को बैटरी चोरी करते दबोचा

**फिरोजाबाद।** क्रेन से बैटरी चोरी करते हुए क्रेन स्वामी ने दो चोरों को दबोच पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने चोरों के पास से क्रेन की बैटरी बरामद हुई। आवश्यक कार्यवाही के बाद दोनों चोरों को जेल भेज दिया। अमर सिंह पुत्र बलवीर सिंहनिवासी नगला गुलाल ने शिकायती पत्र देते हुए कहा कि वह बीएस यादव क्रैन सर्विस के नाम से क्रैन सर्विस का कार्य करता है। एटा चौराहा पर कार्यालय पर क्रेन खड़ी रहती हैं। पीड़ित अपनी मोसी के बेटे अंकित पुत्र भारत सिंह निवासी ट्रांस यमुना कालोनी आगरा,मामा के बेटे समीर कुमार यादव पुत्र महेश चन्द्र निवासी रामनगर थाना बरनाहल जनपद मैनपुरी क्रैन का ड्राईवर बृजेश कुमार पुत्र शिवदयाल निवासी नगला कांदर थाना नगला खंगर नसीरपुर की साइड से काम करके वापस अपने सर्विस सेंटर आ रहे थे कि तभी एटा चौराहा के पास 18 फरवरी को दो चोरों ने क्रेन की बैटरी चोरी कर ले जाते हुए दबोच लिया। चोरों को पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए चोरों ने अपना नाम सलमान पुत्र इरशाद निवासी मौहल्ला गढैया, सोहिल पुत्र दिलशाद निवासी नाई की मस्जिद रुकनपुरा बताया। पुलिस ने चोरों को जेल भेज दिया।

## युवती को फुसला कर भगा ले गया युवक

**टूंडला।** एक युवती को एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सुरेश चन्द पुत्र गोपी चन्द निवासी गदलपुरा थाना नगला सिंघी ने लिखाई रिपोर्ट में बताया है कि मेरी पुत्री अंजली को रिंकू पुत्र सुल्तान निवासी साहमपुर थाना शामशबाद जनपद आगरा बहला फुसलाकर भगा ले गया है। जिसकी रिपोर्ट पीड़ित पिता ने युवक के खिलाफ दर्ज कराई है।

## पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**मथुरा।** राया थाना क्षेत्र के गांव हुलु में 22 वर्षीय युवक का शव खेत में पेड़ से फंदे पर लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सौरभ पुत्र जयवीर सिंह देर शाम घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लगा। आज सुबह ग्रामीणों ने खेत की ओर जाते समय पेड़ से लटका शव देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पहचान होने पर परिजनों को बुलाया गया। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक जांच में मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। परिजनों से भी पूछताछ की जा रही है। पत्नी के मायके जाने से तो परेशान नहीं था सौरभ बताया गया कि मृतक सौरभ व उसके भाई की शादी तीन वर्ष पूर्व शिकोहाबाद से हुई थी। मृतक पर 1 वर्ष की बेटी भी है। अभी कुछ दिन पूर्व पति पत्नी में झगड़ा हो गया पत्नी मायके चली गई तभी से मृतक डिप्रेशन में था। स्थानीय लोगों द्वारा कयास लगाए जा रहे है कहीं पत्नी के मायके जाने के चलते युवक ने अवसाद में आकर कहीं ये कदम तो नहीं उठाया।

# दो गैंगस्टर भाइयों की करीब साढ़े नौ करोड़ की संपत्ति जब्त



**मथुरा।** पुलिस और प्रशासनिक टीम ने गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को दो भाइयों की लगभग साढ़े नौ करोड़ रुपये की संपत्ति को जब्त किया। छटीकरा रोड पर अर्धनिर्मित इमारत और बेशकीमती प्लॉटों को कुर्क किया गया। इसके लिए मुनादी करवाई गई। थाना गोविन्दनगर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट के शातिर अपराधी की नौ करोड पचास लाख रुपए की अवैध सम्पत्ति कुर्क करायी गयी। पुलिस ने बताया कि योगेश (49) पुत्र विशम्बर नाथ निवासी सीपी 2, बीएसए कालेज कृष्णा विहार एवं यहीं के राजन (42) पुत्र विशम्बर नाथ विरुद्ध धारा 14(1) गिरोहबन्द अधिनियम एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत रिपोर्ट प्रेषित की गयी। योगेश व राजन के द्वारा एक संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ हेतु अपराध कारित कर अवैध सम्पत्ति अर्जित कर अवैध रूप से अर्जित धन से मौजा राल राधाकुण्ड छटीकरा मार्ग पर अर्द्ध निर्मित विल्डिंग व प्लाट खसरा न0 958/3 व खसरा न0 958/4 कुल रकवा 0.8760 है० जिसकी अनुमानित कीमत नौ करोड पचास लाख रुपये की सम्पत्ति के जब्तीकरण का आदेश दिया है। क्षेत्राधिकारी नगर, नायव तहसीलदार सदर के निर्देशन में मौजा राल राधाकुण्ड छटीकरा मार्ग में संपत्ति कुर्क की गई है। एएसपी आशना चैधरी ने बताया कि कृष्णा विहार, कोतवाली के रहने वाले योगेश और राजन के विरुद्ध गिरोहबंद अधिनियम की कार्यवाही की गई थी। दोनों ने संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक लाभ के लिए अपराध से संपत्ति इकट्ठी की है। संपत्ति जब्तीकरण के आदेश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। पुलिस ने तहसील सदर की टीम के साथ मिलकर मुनादी करवाने के बाद मौजा राल में राधाकुंड छटीकरा मार्ग पर अर्धनिर्मित इमारत और दो प्लाटों को कुर्क किया गया। इस संपत्ति की अनुमानित कीमत साढ़े नौ करोड़ रुपये आंकी गई है।

## पुलिसकर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शिकोहाबाद।** 4 फरवरी को कार से बाइक सवार युवक को टक्कर मारने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ घायल के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सुभाष चन्द्र दुबे पुत्र हरीश चंद्र दुबे निवासी खुशियारी थाना जसराना का आरोप है कि उसका बेटा अमन दुबे अपनी ड्यूटी से 4 फरवरी को बाइक से लौटकर अपने घर आ था। तभी सुभाष तिराहा पर कार सवार पुलिसकर्मी ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित का आरोप है कि टोयोटा इटियोस गाडी सं यूपी 32 ईबी 0038 को उत्तर प्रदेश पुलिस का कांस्टेबल सुमित कुमार शराब के नशे में गाडी चला रहा था। घायल के पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## चोरी, टप्पेबाजी करने वाले 6 से अधिक शातिर अपराधी दबोचे

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने टप्पेबाज गिरोह के आधा दर्जन से अधिक टप्पेबाजों को संत जनू बाबा स्मारक चौकी के पास से गिरफ्तार किया है।पुलिस को आरोपियों के पास से नगदी, आभूषण बरामद हुए। पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया।अजय कुमार पुत्र जयवीर सिंह निवासी रामनगर थाना रिजोर जनपद एटा अपनी पत्नी नीरज के साथ एटा चौराहा से सवारी के रूप में ऑटो में बैठाकर जा रहे थे कि तभी उसकी पत्नी के बैग से लाखों की ज्वैलरी चोरी कर ली। उक्त मामले में पीड़ित ने थाने में ऑटो चालक,उसके दो साथियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। एसएसपी ने घटना के खुलासे के लिए दो टीमों का गठन किया। गुरुवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि टप्पेबाजी चोरी करने वाले गिरोह के सदस्य एक बिना नम्बर प्लेट की इको गाडी में किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में मैनपुरी रोड पर घूम रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मैनपुरी रोड पर संत जनू चौकी के पास घेरावादी कर वाहनों की चैकिंग शुरू कराई। इसी दौरान बिना नबर की कार में सवार बदमाशों को दबोच लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह लोग गिरोह बनाकर घटनास्थल के आस-पास रेकी कर चोरी टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम देते थे। उन्होंने 10 जनवरी को हरीश पुत्र रामप्रकाश निवासी यदुवंशनगर के घर से रुपए, ज्वैलरी चोरी की। 3 फरवरी को मालती पत्नी शिवराज निवासी भारौल थाना अरांव को अपनी बातो में फसाकर टप्पेबाजी कर कुंडल ले लिए थे। त्रिवेश पत्नी दिनेश निवासी नई बस्ती बोझिया के कानो के कुंडल भी टप्पेबाजी कर लिए थे। पकड़े गए आरोपियों के नाम अजय पुत्र सत्यपाल निवासी पमास थाना कोतवाली देहात जिला एटा, धर्मेन्द्र पुत्र सिपाहीराम निवासी महादेव नगर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद विकाश पुत्र कृष्ण मुरारी हाल निवासी मानसरोवर पार्क आनन्द हास्पीटल के पीछे लालकुआँ जिला गाजियाबाद,संतोष पुत्र रामस्नेही निवासी हाल मकान वीरबल चौकी,मंगल बाजार, खोडा कालोनी जिला गाजियाबाद, वासुदेव पुत्र मातादीन निवासी संतपुर थाना मैनपुरी कोतवाली जिला मैनपुरी, कृष्णा उर्फ किशन पुत्र सुरेश निवासी नगला पान सहाय,थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद सिंटू पुत्र पप्पू निवासी मौहल्ला आनन्द नगर कोटला रोड, पुलिस चौकी के पीछे, थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद बताया। पुलिस को आरोपियों के पास से एक गले का हार, दो अंगूठी, एक जंजीर, दो जोडी कुंडल, 4 हजार रुपए बरामद हुए।

## डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक




**फिरोजाबाद।** विकास भवन सभागार सिविल लाइन दबरई में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी एवं मुख्य विकास अधिकारी फिरोजाबाद के निर्देशन में जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव नृपेन्द्र सिंह अधिशासी अभियन्ता एवं सह सचिव राजेश राजपूत ए०आर०टी०ओ० द्वारा संचालन किया गया जिसमें निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग एक्सप्रेस-वे एवं अन्य मार्गों पर दुर्घटनाओं को रोकने हेतु एवं सुगम यातायात हेतु क्रटिकल कोरिडोर एवं क्रटिकल क्रेश प्रोन लोकेशन पर कार्य कराया जाये जिससे दुर्घटनाओं में कमी लायी जा सके। फिरोजाबाद शहर में चौराहों पर अतिक्रमण हटाने,यातायात के नियमों का पालन कराने एवं अन्य बिन्दुओं पर सम्बन्धित विभागों की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई। बैठक में डॉ० रामबदन राम मुख्य चिकित्साधिकारी अतर सिंह अधिशासी अभियन्ता बी०पी० सिंह अधिशासी अभियन्ता लो०नि०वि० आशीष शुक्ला अधिशासी अभियन्ता नगर निगम तेजस त्रिपाठी क्षेत्राधिकारी यातायात गायत्री महता सहायक मैनेजर सेव लाइफ फॉउण्डेशन दीपांकल सिंह यूपीडा संजय गिरि एन०एच०ए०आई० आदि अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मायके में बात करने पर पति ने अपनी पत्नी को मारपीट कर किया घायल, मुकदमा दर्ज

**फिरोजाबाद।** थाना नगला खंगर के नगला गुलाल में पत्नी का अपनी मां से बात करने पर महिला के पति ने उसे बेरहमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता ने थाने में अपने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। अनीता पत्नी श्रीकान्त निवासी नगला गुलाल थाना नगला खंगर का आरोप है कि वह 18 फरवरी को अपनी मां से फोन पर आवश्यक बातचीत कर थी। इसी दौरान महिला के पति श्री कान्त पुत्र गम्भीर सिंह ने अपनी पत्नी पर डंडे, लात- घुसो से हमला कर दिया। आरोपी ने अपनी पत्नी को बेहरमी से पीटकर लहूलुहान कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति कहता है कि अगर उसने अपने भाईयो तथा माँ से बात की तो उसे जान से मार दूंगा। वह आये दिन बात बात पर झगडा कर मारपीट करता है। पति की मारपीट पर सास ससुर भी कोई बचाव नहीं करते हैं। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को कराया दंगा नियंत्रण ड्रिल प्रशिक्षण का अभ्यास

**फिरोजाबाद।** एसएसपी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार परेड की सलामी ली गई। साथ ही अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल की कार्यवाही करवाई गई, और परेड के पश्चात पुलिस लाइन की शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था सुदृढ़ रखने व आगामी ईद-उल-फितर व होली के त्योहारों को सकुशल एवं सुरक्षित कराने के दृष्टिगत पुलिस लाइन स्थित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस लाइन ग्राउंड पर दंगा नियंत्रण ड्रिल के प्रशिक्षण एवं अभ्यास का आयोजन किया गया। ड्रिल के दौरान एसएसपी द्वारा विभिन्न शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया।तदोपरान्त फोर्स को ब्रीफ करते हुए उन्होंने बताया कि सदैव मानसिक एवं शारीरिक रूप से तत्पर रहें एवं दंगा नियंत्रण के समस्त उपकरण सक्रिय दशा में सदैव अपने साथ रखे जिससे कि किसी भी आकस्मिक परिस्थिति से निपटा जा सके। अभ्यास के दौरान पुलिसकर्मियों को भीड़ को तितर बितर करने हेतु बलवा ड्रिल करायी गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन लाठी चार्ज आंसू गैस के गोले एंटी राइट गन टीयर गैस गन टीयर स्मोक सेल हैंड ग्रेनेड मल्टी सेल लॉंचर आदि शस्त्रों के सम्बन्ध मे जानकारी दी गयी व दंगा नियत्रंण हेतु अमल में लाये जाने वाले सभी विधिक प्रावधानों एवं टैक्टिस का क्रमवार अभ्यास किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर ग्रामीण समस्त क्षेत्राधिकारी प्रतिसार निरीक्षक, समस्त थाना प्रभारी मय पुलिस फोर्स मौजूद रहे। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार में समस्त राजपत्रित अधिकारी व समस्त थाना प्रभारियों के साथ क्राइम मीटिंग का आयोजन किया गया। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखने व आगामी ईद-उल-फितर व होली के त्योहारों को सकुशल एवं सुरक्षित कराने महिला अपराधों व अन्य लम्बित विवेचनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद में उत्कृष्ट पुलिसिंग के लिए समस्त राजपत्रित अधिकारी व थाना प्रभारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## श्रीबांके बिहारी मंदिर में हाई पावर कमेटी की बैठक में फैसला, मीडिया अंदर से नहीं करेगा कवरेज



**मथुरा।** वृन्दावन बांके बिहारी मंदिर में जारी विवाद के बीच हाई पावर कमेटी ने आपातकालीन बैठक बुलाई। जिसमें कई अहम फैसले लिए गए और सेवायत गोस्वामियों के लिए कड़ी चेतावनी जारी की गई है।

बीतीसायं गर्भगृह पर ताला लगाकर भगवान को जंजीरों से कैद करने के आरोपों के बाद मंदिर परिसर में हंगामा हुआ था। मंदिर में ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान करने को लेकर सेवायत गोस्वामियों और हाई पावर कमेटी के बीच विवाद लगातार गहराता जा रहा है। आपात बैठक में भगवान को जग मोहन में विराजमान करने के बोर्ड की 12 बी बैठक के आदेश की हुई पुष्टि, मंदिर के जगमोहन सेवा वाले गोस्वामी के अलावा अन्य के प्रवेश पर रोक, मीडिया के परिसर में बाइट लेने पर भी रोक लगाई गई है। जगमोहन में हंगामा और प्रदर्शन करने वाले सेवायत गोस्वामियों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में किसी भी प्रकार का प्रदर्शन न करें। मंदिर प्रांगण और जगमोहन में मीडिया बाइट पर रोक लगाई गई है। मीडिया कर्मियों को मंदिर परिसर के बाहर से ही कवरेज करने का प्रस्ताव पास हुआ है। कमेटी ने स्पष्ट किया है कि मंदिर परिसर की गरिमा बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है। राजभोग सेवा के दौरान सेवायत जगमोहन में ही श्रद्धालुओं को दर्शन करा रहे हैं। शयन भोग सेवायत लगातार जगमोहन में दर्शन कराने का विरोध कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, शयन भोग के समय शाम को गर्भगृह से ही दर्शन कराए जा रहे हैं। गुरुवार गर्भगृह पर ताला लगाने और खंडित सिंहासन पर भगवान को विराजमान करने को लेकर विवाद और बढ़ गया था। अब सबकी नजर इस बात पर टिकी है कि शयन भोग के समय सेवायत गोस्वामी ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान कर दर्शन कराएंगे या नहीं। हाई पावर कमेटी ने बैठक में पुनः निवेदन किया है कि सभी सेवायत शाम के समय भी जगमोहन से ही दर्शन कराएं। यह विवाद अब प्रशासनिक और धार्मिक स्तर पर संवेदनशील बन चुका है।

## विवाहिता को ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर घर से मारपीट कर निकाला

**टूंडला।** एक विवाहिता को ससुरालीजनों ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाला। जब पीड़िता के परिजन उसके ससुराल में समझाने गये तो उनके साथ भी मारपीट कर भगा दिया। आमना उर्फ सलमा पुत्री मवासी लाल निवासी गाटर वाली गली शिव नगर जगनेर रोड थाना शाहगंज जिला आगरा की शादी 21 मार्च 2021 को आकिल पुत्र नसरु ?द्दीन निवासी ग्राम दिनौली थाना टूंडला के साथ मुस्लिम रितिरिवाज के साथ सम्पन्न हुई थी। पीड़िता के परिवारजन ने शादी में 8 लाख रुपए खर्च किए थे और ग्रहस्थी का अब सामान दिया था। लेकिन ससुरालीजन शादी में दिए दान-दहेज से सन्तुष्ट नही थे। पीड़िता से दो बच्चे पैदा हुए बडा बेटा अरहम उम्र करीब 4 वर्ष, व छोटी बेटी जैनव उम्र करीब 11 माह है। ससुरालीजन सास मुन्नी पत्नी नसरुद्दीन, ससुर नसरुद्दीन पुत्र गोंदी खाँ, जेठ बडा हसमुद्दीन, छोटा जेठ राहुल व देवर गुलशेर पुत्रगण नसरु ?द्दीन और मौहम्मद अली पुत्र नसीम, नन्द रूबी पत्नी अनवर, नन्दोई अनवर, जेठानी आसमीन पत्नी राहुल, मुसिया सास विसमिल्लाह पत्नी असलम, गुलशेर का दोस्त इकरार, ने अतिरिक्त दहेज में एक सोने की चैन और दो लाख रुपए की माँग करने लए व मेरा लगातार उत्पीडन करने लगे व मेरे साथ गाली गलौज और मारपीट की। जिससे मेरे चोटे आई तथा कहा कि तूने इसकी शिकायत अपने परिवारजन की तो तुझे जान से मार देगे। मैने इसकी जानकारी पीड़िता ने अपने घर पर की तो मेरे तीनो भाई असलम खाँ, असगर, व अरसद फाजिल समझाने आये तो सभी ससुरालीजनों ने उनकी भी मारपीट की जिससे उनके भी चोटे आयी है। पीड़िता ने थाना टूंडला में ससुरालीजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# डीएम ने ली अभियोजन कार्यों व नार्को-कोऑर्डिनेशन की समीक्षा बैठक

- जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों, नशीली दवाओं, अफीम आदि के विरुद्ध अभियान चलाने के दियेनिर्देश

जिला संवाददाता (vol)




**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं नार्को-कोऑर्डिनेशन की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आपराधिक मामलों में संलिप्त दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने मादक पदार्थों, नशीली दवाओं, अफीम आदि के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।जनपद में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी ने अभियोजन के अधिकारियों को निर्देश दिए कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए। जिलाधिकारी ने कहा कि अपराध करने के पश्चात अपराधियों को सजा न मिलने पर उनका मनोबल बढ़ता है और आपराधिक घटनाओं में वृद्धि होती है। जो समाज के लिए ठीक नहीं है। अपराधी किसी भी दशा में सजा पाने से वंचित नही रहना चाहिए।जिलाधिकारी ने गुण्डा एक्ट तथा गैंगस्टर के मामलों मे प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए, ताकि अपराधियों को सजा दिलाई जा सके। उन्होंने अभियोजन मामलों में अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया तथा कहा कि जवाबदेही तय करने से अभियोजन कार्यों में प्रभावी और पारदर्शी निष्पादन से न्याय की प्रक्रिया को तेजी आयेगी। जिलाधिकारी ने महिलाओं एवं बच्चों से अपराधों के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश देते हुए अभियोजन विभाग के अधिकारियों से कहा कि शासन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। मुकदमों में प्रभावी तरीके से पैरवी की जाए, महिलाओं से संबंधित जो मुकदमे जैसे हत्या, अपहरण, बलात्कार आदि घटनाओं का चार्ट अलग बनाया जाए। उन्होंने आपराधिक मामलों में लिप्त अपराधियों को सजा दिलाने हेतु न्यायालयों में मुकदमों की प्रभावी ढंग से पैरवी करने के लिए अभियोजन अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में अवैध मदिरा एवं नकली/ जहरीली शराब की बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाते हुए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्व जो समाज को नुकसान पहुँचा रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि शिक्षण संस्थानों के आस-पास किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित होनी चाहिए। इसके लिए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ निगरानी रखने और आवश्यकतानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने त्यौहारों के दृष्टिगत अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर मार्गों की यथास्थिति का जायजा लेते हुए रूट चार्ट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि रंगोत्सव 2026 में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों एवं दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार से समस्या का सामना न करना पड़े। बैठक में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, एस0पी0 क्राइम अवनीश कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## हुरियारे राधावल्लभ लाल ने बांधा कमर पर फेंटा, उड़ाया गुलाल



**वृंदावन।** फाल्गुन मास की द्वितीया तिथि को श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के लाड़ले राधावल्लभ लाल अपने निज परिकर और श्रद्धालु भक्तों के साथ होली खेलने को तत्पर हुए। सेवायतों द्वारा आराध्य के कपोलों पर गुलाल लगाया गया। साथ ही हुरियारे ठाकुरजी की कमर में फेंटा बांधा गया। ब्रज के आराध्य राधावल्लभ लाल ने मंगलवार को फुलेरा दूज के अवसर पर कमर में गुलाल का फेंटा बांधा। श्रृंगार आरती के समय सफेद पोशाक धारण किए आराध्य के कपोलों पर लगे गुलाल की नयनाभिराम छवि देखकर भक्तजन निहाल होकर राधावल्लभ लाल के जयकारे लगा रहे थे। संपूर्ण मंदिर परिसर बहुरंगी गुलाल की आभा से सौंदर्यमय हो गया। आराध्य के दर्शनों के उपरांत उनके प्रसादी गुलाल को पाकर श्रद्धालुओं के समूह बरबस ही आनंदविभोर होकर नृत्य कर रहे थे। वहीं समाज गायन और होली के राशियों का गायन भी परंपरागत डफ पर किया गया। इस अवसर पर सेवायत नंदन गोस्वामी, चंचल गोस्वामी, सूरज गोस्वामी, संजीव गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## 119 केंद्रों पर परीक्षाएं तीसरे दिन भी सकुशल संपण्न, हजारों विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं के तीसरे दिन आज सुबह प्रथम पाली और द्वितीय पाली में जिलेभर में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शांतिपूर्ण और नकलविहीन ढंग से संपन्न हुई। प्रशासन की कड़ी निगरानी के बीच आयोजित इस परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया, हालांकि हजारों छात्र अनुपस्थित भी रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय के अनुसार आज प्रथम पाली में हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान की परीक्षा 119 केंद्रों पर तथा इंटरमीडिएट की कृषि शस्त्र की परीक्षा 5 केंद्रों पर सांपदित कराई गई। जिसमें हाईस्कूल के 35204 विद्यार्थी तथ इंटरमीडिएट के 14 विद्यार्थी पंजीकृत थे तथ उसके सापेक्ष हाईस्कूल में 32946 विद्यार्थियों उपस्थित तथा इंटरमीडिएट में 11 विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस प्रकार प्रथम पाली में हाईस्कूल के 2258 तथा इंटरमीडिएट के 3 विद्यार्थी अनुपस्थित थे। जबकि किसी भी केंद्र से अनुर्चित सामग्री के प्रयोग की सूचना नही है तथा परीक्षा नकलविहीन एवं सकुशल सम्पादित की गई है। द्वितीय पाली में इंटर अंग्रेजी की परीक्षा 119 केन्द्रों पर संपादित कराई, जिसमें 34,730 विद्यार्थी पंजीकृत थे तथा उसके सापेक्ष 32,213 विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं 2,517 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। किसी भी केंद्र से अनुचित सामग्री के प्रयोग की सूचना नहीं प्राप्त हुई तथा परीक्षा नकल विहीन एवं सकुशल संपादित हुई। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की मुस्तैदी के चलते परीक्षा पूरी तरह नकलविहीन और सकुशल संपन्न हुई। विभाग के अनुसार किसी भी केंद्र से अनुचित सामग्री के प्रयोग की कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है। सचल दल (फ्लाइंग स्क्वायड) और सेक्टर मजिस्ट्रेट लगातार विभिन्न केंद्रों का औचक निरीक्षण करते रहे।

# डीआईओएस ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

- गायब शिक्षकों पर की कार्रवाई




**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सरकार और प्रशासन जहां पूरी तरह सख्त है। वहीं जिले में बोर्ड परीक्षा ड्यूटी से नदारद रहने वाले शिक्षकों के खिलाफ जिला विद्यालय निरीक्षक ने कड़ा रुख अपनाया है। ड्यूटी पर उपस्थित न होने वाले करीब आधा दर्जन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनका वेतन रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इस सूची में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के शिक्षक शामिल हैं। फिलहाल प्राथमिक जांच के आधार पर बलदेव बलदेव के बरौली, अकोस, गोवर्धन और मथुरा के शहरी क्षेत्र के करीब आधा दर्जन शिक्षकों को नोटिस थमाया गया है। इस संबंध में डीआईओएस रवीन्द्र ने बताया कि इन सभी शिक्षकों का वेतन रोकने का नोटिस जारी कर दिया है।

विभाग ने इनसे जवाब मांगा है कि आखिर किन परिस्थितियों में वे अपनी अनिवार्य ड्यूटी से अनुपस्थित रहे। संतोषजनक जवाब न मिलने पर इन शिक्षकों के खिलाफ विभागीय नियमों के तहत और भी कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा सकती है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पूरे जिले के परीक्षा केंद्रों से ड्यूटी पर उपस्थित और अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों की विस्तृत रिपोर्ट मंगवाई जा रही है। अभी केवल आधा दर्जन शिक्षकों पर प्रारंभिक कार्यवाही की गई है, लेकिन जैसे ही अन्य केंद्रों की रिपोर्ट आएगी, लापरवाही बरतने वाले किसी भी शिक्षक को बख्शा नहीं जाएगा। शिक्षा विभाग ने स्पष्ट कर दिया है कि बोर्ड परीक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी। अनुपस्थित शिक्षकों की पूरी रिपोर्ट तैयार होने के बाद आगे की विस्तृत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। इस कार्यवाही से जिले के अन्य शिक्षकों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

## मोर के शिकार के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना छाता क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरौली जनूनी में एक राष्ट्रीय पक्षी मोर के शिकार का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में हरियाणा के फरीदाबाद निवासी एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक मृत मोर बरामद हुआ है, जिसे वह प्लास्टिक के कट्टे में भरकर ले जाने की फिराक में था। जानकारी के अनुसार, घटना 19 फरवरी 2026 की रात करीब 8:00 बजे की है। ग्राम तरौली जनुबी के ग्रामीणों ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में देखा। ग्रामीणों के अनुसार, आरोपी ने डंडे से प्रहार कर पेड़ पर बैठे मोर को मार गिराया था। जब वह मृत मोर को एक प्लास्टिक के कट्टे में भर रहा था, तभी ग्रामीणों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बीट प्रभारी और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विजेंद्र उर्फ बीरेंद्र (25 वर्ष), पुत्र ज्ञान सिंह बताया, जो डबुआ कॉलोनी, थाना डबुआ, जिला फरीदाबाद (हरियाणा) का रहने वाला है। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद प्लास्टिक के कट्टे से एक नर मोर का शव बरामद हुआ। डीएफओ वेंकटा श्रीकर पटेल ने बताया पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मृत मोर के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी के खिलाफ वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 9/39/51 के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी के चेहरे पर चोट के निशान भी पाए गए, जिसके बारे में उसने बताया कि भागते समय गिरने के कारण उसे ये चोटें आईं। गिरफ्तार करने वाली टीम में वन दरोगा ओमवीर राघव, प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## टेक सॉल्यूशंस एक स्केलेबल यूनिफाइड एआई प्लेटफॉर्म विकसित करेगा

नई दिल्ली। टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड ने आज एक व्यापक यूनिफाइड एआई प्लेटफॉर्म विकसित करने की अपनी स्टेटेजिक प्लान की घोषणा की। हेल्थकेयर इकोसिस्टम में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह प्लेटफॉर्म एक वन-स्टॉप डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर लेयर के रूप में कार्य करेगा, जो अस्पतालों, डायग्नोस्टिक लैबोरेटरीज, क्लिनिकल ट्रायल संगठनों और क्लिनिक्स को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस समाधानों को सहज रूप से अपनाने और उपयोग करने में सक्षम बनाएगा। यह पहल टेक सॉल्यूशंस के विकास में एक परिवर्तनकारी कदम है, जो देश के विकास के लिए एआई को एक महत्वपूर्ण विकास उपकरण के रूप में अपनाने के भारत सरकार के प्रयासों के अनुरूप है। भारत 370 बिलियन अमेरिकी डॉलर के हेल्थकेयर सेक्टर और 197 बिलियन अमेरिकी डॉलर के प्रिवेंटिव हेल्थकेयर अवसर को अनलॉक करने पर केंद्रित है।

## पंच.ईवी का नया अवतार लॉन्च

मुंबई। टाटा.ईवी ने आज अपने पॉपुलर पंच.ईवी का नया अवतार लॉन्च किया, जिससे भारत में बड़े पैमाने पर ईवी अपनाने की नई लहर शुरू हो गई है। एंट्री लेवल इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को डेमोक्रेटाइज करने के लिए डिजाइन की गई, नई पंच.ईवी उन सभी चीजों को एक साथ लाता है जो कस्टमर ने सिर्फ अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार में बल्कि अपनी पहली घरेलू कार में भी चाहते हैं। यह ईवी ओनरशिप को रोकने वाली मुख्य रुकावटों अफोर्डेबिलिटी, रेंज कॉन्फिडेंस, चार्जिंग सुविधा और बैटरी एश्योरेंस को पूरी तरह से दूर करता है जिससे बड़े पैमाने पर मेनस्ट्रीम ईवी अपनाने का पूरा समीकरण हल हो जाता है। सिर्फ रुपये 9.69 लाख (एक्स-शोरूम, मुंबई) की आकर्षक शुरूआती कीमत पर लॉन्च की गई।

## कोका-कोला इंडिया का नया कैंपेन लॉन्च

नई दिल्ली। कोका-कोला अपने कल्ट क्लासिक 'रिमझिम जीरा' की ऐसी वापसी करा रहा है, जो बिल्कुल भी खामोश नहीं है। जीरे में हीरा, रिमझिम जीरा के विचार के साथ शुरू किया गया यह नया कैंपेन रिमझिम की साहसी वापसी को दशार्ता है–इसे केवल एक पुरानी पसंद के रूप में नहीं, बल्कि हर पीढ़ी के लिए एक गौरवशाली 'ओजी' (ओरिजनल) एथनिक ड्रिंक के रूप में पेश किया गया है। पुरानी यादों को एक मजेदार ट्विस्ट के साथ पेश करते हुए, यह कैंपेन रिमझिम जीरा के रेट्रो आकर्षण को फिर से जीवंत करता है। इसमें आर.डी. बर्मन के सदाबहार गीत को एक नए रूप में पेश किया गया है, जहाँ प्रसिद्ध धुन बीरा.. तारा तारा तारा.. को यादगार जीरा..... में बदल दिया गया है। रोजमर्रा के पलों पर आधारित यह रिमझिम जीरा के विशिष्ट स्वाद और उसे पीते ही मिलने वाली स्वाभाविक प्रतिक्रियाओं का जश्न मनाती है, जहाँ एक घूँट मुस्कान, बातचीत और ऐसी चाहत में बदल जाता है जिसे नजरअंदाज करना मुश्किल है।

## भारत के ब्रुअर्स एसोसिएशन किया मद्य नीति 2026-27 का स्वागत

नई दिल्ली। ब्रूअर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने उत्तर प्रदेश सरकार के 2026-27 के लिए अपनी एक्साइज पॉलिसी में अपनाए गए प्रोग्रेसिव और बैलेंस्ड तरीके का स्वागत किया है। यह पॉलिसी लाइसेंसिंग और अप्रूवल प्रोसेस में अधिक पारदर्शिता लाती है, और लाइसेंसिंग, वितरण और टैक्सेशन में स्पष्टता जोड़ती है, साथ ही बीयर उद्योग के लिए एक स्थिर और ग्रोथ-ओरिएंटेड माहौल को मजबूत करती है। हाल ही में घोषित एक्साइज पॉलिसी की एक खास बात यह है कि इसमें बीयर पर टैक्स बनाए रखा गया है, जबकि स्पिरिट्स पर थोड़ा बढ़ाया गया है।

## केनेडी अब हिंदी जी5 पर

नयी दिल्ली। जी5 ने बहुप्रतीक्षित नोयर थ्रिलर फिल्म केनेडी का प्रीमियर कर दिया है। इस फिल्म को प्रसिद्ध फिल्मकार अनुराग कश्यप ने लिखा और निर्देशित किया है। अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सराहना और दर्शकों का प्यार बटोरने के बाद अब केनेडी हिंदी जी5 पर विशेष रूप से स्ट्रीम हो रही है, जिससे भारतीय दर्शक आखिरकार इसकी गहरी, रहस्यमयी और सघन दुनिया का अनुभव कर सकेंगे। केनेडी एक दमदार मुंबई नॉयर फिल्म है जो केनेडी उदय शेट्टी (राहुल भट्ट) की कहानी बताती है, वह एक पूर्व पुलिसवाला है, जो अब कॉन्ट्रैक्ट किलर बन चुका है। वह एक कैब ड्राइवर के तौर पर दोहरी ज़िंदगी जीता है, और भ्रष्ट पुलिस कमिश्नर रशीद खान के लिए हत्याएँ करता है। अपने बेटे को खोने और टूटे हुए परिवार के दर्द से जूझता केनेडी, एक ऐसे शहर में अपने गुनाहों से मुक्ति की तलाश करता है।

# सेंसेक्स में 316 अंकों की उछाल



मुंबई। शेयर बाजारों में शुक्रवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 316 अंक की बढ़त के साथ जबकि निफ्टी 25,550 के पार बंद हुआ। बैंकिंग और धातु शेयरों में खरीदारी, व्यापार समझौते में प्रगति को लेकर आशावाद के साथ पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी की खबरों से बाजार को समर्थन मिला।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत चढ़कर 82,814.71 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 633.94 अंक बढ़कर 83,132.08 अंक तक पहुंच गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,571.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 209.2 अंक उछलकर 25,663.55 अंक के उच्च स्तर तक पहुंच गया था। भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच निवेशकों द्वारा शेयर की अंधाधुंध बिकवाली से बृहस्पतिवार को सेंसेक्स 1,236.11 अंक और एनएसई निफ्टी 365 अंक टूट गया था। शुक्रवार को सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावरग्रिड, टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बजाज फाइनेंस, टाइटन, मारुति सुजुकी इंडिया, एक्सिस बैंक और इंडिगो के शेयर में सबसे अधिक तेजी रही। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, इटर्नल, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, भारती एयरटेल, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और अदाणी पोर्ट्स के शेयर नुकसान में रहे। भारतीय शेयर बाजारों ने एक दिन पहले की भारी गिरावट के बाद जोरदार वापसी की। बड़े शेयरों में मजबूत खरीदारी देखने को मिली। व्यापार समझौते को लेकर स्पष्ट संकेतों और पैक्स सिलिका में भारत के प्रवेश से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। बैंकिंग और धातु कंपनियों के शेयरों में तेजी ने भी बाजार को वापसी करने में मदद की। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.45 प्रतिशत चढ़ा जबकि बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.07 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कुल 2,265 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,917 शेयरों में बढ़त दर्ज की गई और 167 शेयर अपरिवर्तित बंद हुए। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,89,341.06 करोड़ रुपये बढ़कर 4,67,11,355.63 करोड़ रुपये हो गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स 187.95 अंक यानी 0.22 प्रतिशत चढ़ा।

# डॉलर के मुकाबले रुपया 31 पैसे टूटकर 90.99 पर बंद



मुंबई। अमेरिका-ईरान के परस्पर बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी की वजह से शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 31 पैसे टूटकर 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख भी रुपये को समर्थन देने में विफल रहा। इस पर अमेरिका और ईरान के बीच आने वाले दिनों में जंग छिड़ने की बनती स्थिति का विशेष प्रभाव रहा।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 90.94 पर खुला और सत्र के दौरान 91.04 के दिन के निचले स्तर तक चला गया। कारोबार के अंत में यह 90.99 (अस्थायी) पर बंद हुआ, जो पिछले बंद स्तर से 31 पैसे की भारी गिरावट दिखाता है। बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे बढ़कर 90.68 पर बंद हुआ था। बृहस्पतिवार को छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के कारण विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार बंद था। भू-राजनीतिक तनाव और मजबूत डॉलर के कारण रुपये में गिरावट आई। कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी घरेलू मुद्रा पर दबाव डाला। हालांकि, घरेलू बाजारों की तेजी ने गिरावट को कम किया। हमें उम्मीद है कि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और डॉलर के मजबूत होने के कारण रुपया थोड़े नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपया की हाजिर कीमत 90.70 रुपये से 91.30 रुपये के बीच रहने की उम्मीद है। इस बीच, विश्व की छह प्रमुख प्रतिस्पर्धी मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 प्रतिशत बढ़कर 97.86 पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.50 प्रतिशत गिरकर 71.50 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 316.57 अंक यानी 0.38 प्रतिशत बढ़कर 82,814.71 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 116.90 अंक यानी 0.46 प्रतिशत बढ़कर 25,571.25 पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे।

# आठ बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि दर घटकर चार प्रतिशत पर आई



नयी दिल्ली। देश के आठ प्रमुख बुनियादी क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि दर जनवरी में घटकर चार प्रतिशत रह गई। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

इन बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर एक साल पहले जनवरी, 2025 में 5.1 प्रतिशत थी जबकि दिसंबर, 2025 में यह 4.7 प्रतिशत रही थी। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी 2026 में कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में नकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई। चालू वित्त वर्ष 2025-26 की अप्रैल-जनवरी अवधि में इन आठ बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 2.8 प्रतिशत बढ़ा जबकि 2024-25 की समान अवधि में वृद्धि दर 4.5 प्रतिशत रही थी।

# विदेशी मुद्रा भंडार 8.66 अरब डॉलर बढ़ा



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 8.66 अरब डॉलर बढ़कर 725.72 अरब डॉलर के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व छह फरवरी को समाप्त सप्ताह में कुल विदेशी मुद्रा भंडार 6.71 अरब डॉलर घटकर 717.06 अरब डॉलर रह गया था। इससे पहले का सर्वोच्च स्तर जनवरी में 723.774 अरब डॉलर का रहा था।

आरबीआई की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, 13 फरवरी को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा माने जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 573.60 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के रूप में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में घट-बढ़ के प्रभाव शामिल होते हैं। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 4.99 अरब डॉलर बढ़कर 128.46 अरब डॉलर हो गया। केंद्रीय बैंक ने बताया कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.92 अरब डॉलर हो गया। आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार भी 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.734 अरब डॉलर हो गया।

# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने की एआई सक्षम कृषि परिवेश की वकालत

नयी दिल्ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने वैश्विक निवेशकों से खेती के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) समाधानों को बढ़ाने में साझेदार बनने का शुक्रवार को आह्वान किया। साथ ही कहा कि उनका राज्य दुनिया के सबसे आधुनिक कृषि-नवाचार परिवेश में से एक बन रहा है।

एआई इम्पैक्ट सम्मेलन में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा, महाराष्ट्र आज वैश्विक स्तर पर कृषि-नवाचार के सबसे सशक्त एवं आकर्षक परिवेश में से एक पेश करता है। फडणवीस ने कहा कि यहां 150 लाख हेक्टेयर खेती की जमीन, अलग-अलग तरह के कृषि जलवायु परिस्थिति, बड़े कृषि विश्वविद्यालय और एआई शोध केन्द्र, स्टार्टअप परिवेश, स्पष्ट नियामकीय ढांचा और निवेशकों के लिए एकल खिड़की सुविधा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य को चुनने से, साझेदार को दुनिया भर की अर्थव्यवस्था को जोड़ने, खद्य सुरक्षा एवं जलवायु सहिष्णुता के लिए मापन योग्य समाधान में निवेश करने का मौका मिलता है। कृषि केवल एक आर्थिक क्षेत्र नहीं है, यह रोजी-रोटी, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय सुरक्षा है। भारत इसे बहुत गहराई से समझता है और हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदृष्टी नेतृत्व में भारत ने डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा और जिम्मेदार एआई को राष्ट्रीय विकास के केंद्र में रखा है।

# सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सात उपायों की घोषणा की



नयी दिल्ली। सरकार ने देश के निर्यात को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को सात उपायों की घोषणा की जिनमें ई-कॉमर्स निर्यातकों के लिए ऋण सहायता एवं वैकल्पिक व्यापार साधनों को समर्थन शामिल है।

ये उपाय 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात प्रोत्साहन मिशन का हिस्सा हैं। इस मिशन के 10 में से तीन घटकों को जनवरी में पहले ही लागू किया जा चुका है। डिजिटल माध्यम से निर्यात करने वालों को समर्थन देने के लिए वाणिज्य मंत्रालय ने ब्याज अनुदान एवं आंशिक ऋण गारंटी के साथ ऋण सुविधाएं शुरू करने की घोषणा की है। डायरेक्ट ई-कॉमर्स क्रेडिट सुविधा के तहत 50 लाख रुपये तक सहायता 90 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ उपलब्ध होगी। ओवरसीज इन्वेंटरी क्रेडिट सुविधा के अंतर्गत पांच करोड़ रुपये तक सहायता 75 प्रतिशत गारंटी कवरेज के साथ दी जाएगी। इस पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलेगा जो प्रति आवेदक सालाना अधिकतम 15 लाख रुपये तक सीमित रहेगा। सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए कार्यशील पूंजी के किफायती साधन के रूप में निर्यात फैक्टरिंग को बढ़ावा देने हेतु पात्र लेन-देन पर 2.75 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा। यह सुविधा भारतीय रिजर्व बैंका आईएफएससीए से मान्यता-प्राप्त संस्थाओं के जरिये उपलब्ध होगी। एक एमएसएमई को सालाना अधिकतम 50 लाख रुपये तक सहायता दी जाएगी और पारदर्शिता एवं समयबद्ध वितरण

# पूर्ण एआई ढांचा बनाने की योजना : चौधरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार नवाचार की अगली लहर को गति देने के लिए अनामीकृत (एनॉनिमाइज्ड) डेटा सेट पर आधारित एक पूर्ण एआई ढांचा बनाने पर विचार कर रही है।

शोधकर्ताओं और स्टार्टअप को इस तक पहुंच दी जाएगी। मंत्री ने एआई प्रणालियों के लिए एक ऑडिट ट्रेल तंत्र विकसित करने का भी प्रस्ताव रखा और सुझाव दिया कि भविष्य में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) जैसे संस्थान एआई मॉडल पर ऑडिट रिपोर्ट जारी कर जवाबदेही सुनिश्चित कर सकते हैं। पूर्ण एआई ढांचे (कम्प्लीट एआई स्टैक) का अर्थ है हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, डेटा और सेवाओं का ऐसा समग्र तंत्र जो कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित अनुप्रयोगों के डिजाइन, प्रशिक्षण, तैनाती एवं प्रबंधन के लिए आवश्यक हो। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री तथा शिक्षा राज्य मंत्री चौधरी ने डेटा सेट के वर्गीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत सरकार के निर्धारित दिशा-निर्देश हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हम एक पूर्ण एआई ढांचा बनाने पर विचार कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि अनामीकृत डेटा सेट शोधकर्ताओं के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि नवाचार की विभिन्न परतों में मूल्य सृजन हो सके और स्टार्टअप उस डेटा के साथ काम कर सकें।

## भीम पेमेंट्स ऐप पर यूपीआई सर्कल अधिकृत यूपीआई भुगतान को सरल और सुरक्षित बनाता है

नई दिल्ली। भीम पेमेंट्स ऐप ने यूपीआई सर्कल फीचर शुरू किया है, जो इसी उद्देश्य के लिए बनाया गया है। यह एक प्राथमिक उपयोगकर्ता को विश्वसनीय लोगों को नियंत्रित भुगतान की अनुमति देने में सक्षम बनाता है, स्पष्ट सीमाओं और पूर्ण पारदर्शिता के साथ, ताकि सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित रहे यूपीआई सर्कल इस आवश्यकता को सुरक्षित और नियंत्रित प्रतिनिधि भुगतान सुविधा के माध्यम से पूरा करता है। यह प्राथमिक उपयोगकर्ता को अपने बैंक खाते से, निर्धारित सीमाओं के भीतर, किसी द्वितीयक उपयोगकर्ता को यूपीआई भुगतान करने की अनुमति देने देता है। इससे यूपीआई पिन, पासवर्ड या डिवाइस एक्सेस साझा करने जैसी असुरक्षित प्रथाओं की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। एक प्राथमिक उपयोगकर्ता अधिकतम पाँच द्वितीयक उपयोगकताओं को जोड़ सकता है और उन्हें अपने यूपीआई से जुड़े बैंक खाते से निर्धारित सीमा के भीतर लेनदेन करने की अनुमति दे सकता है।

## पोवा कर्व 2 आज से बिक्री के लिए उपलब्ध

लखनऊ। पोवा कर्व 2 आधिकारिक तौर पर आज, 20 फरवरी से बिक्री के लिए उपलब्ध है, जो वास्तविक दुनिया के संघर्ष के लिए डिजाइन किए गए स्लिम, कर्व्ड डिजाइन में अत्यधिक सहनशक्ति लेकर आया है। पोवा ने हमेशा स्मार्टफोन को पहचान का बैज माना है, जिसे खास तौर पर बोल्ड इंडियन स्पिरिट के लिए बनाया गया है। जहां ओरिजिनल पोवा कर्व ने अपने इनोवेटिवएस्थेटिक्स से अलग पहचान बनाई थी, वहीं पोवा कर्व 2 एक बड़ी छलांग है। स्पेसक्राफ्ट इंजीनियरिंग की शानदार सटीकता से प्रेरित होकर, यह 'कूल' फैक्टर को कुछ ज्यादा शार्प और सोफिस्टिकेटेड बनाता है, एक लॉन्चपैड-रेडी डिजाइन जो भीड़ में सबसे अलग दिखने के लिए बनाया गया है। तकनीक और डिजाइन के इस शक्तिशाली संयोजन को पूरे भारत में उपभोक्ताओं तक पहुँचाते हुए, पोवा कर्व 2 एक आकर्षक कीमत पर उपलब्ध हैः यह स्मार्टफोन अभी फ्लिपकार्ट और रिटेल स्टोर पर खरीदने के लिए उपलब्ध है।

पेज एक का शेष

## अमेरिकी

शिक्षा विभाग में महत्वपूर्ण कटौती जैसी नीतियों को अनुमति मिली थी। इस फैसले के वित्तीय परिणाम काफी व्यापक हैं। विवादित टैरिफ खरबों डॉलर के व्यापार को प्रभावित करते हैं और अमेरिकी सरकार ने विवादित प्राधिकरण के तहत 14 दिसंबर तक लगभग 134 अरब अमेरिकी डॉलर का शुल्क एकत्र किया था। वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक टैक्स फाउंडेशन के अनुमानों के अनुसार ट्रंप के व्यापार युद्ध के कारण 2025 में प्रत्येक अमेरिकी परिवार को लगभग 1,100 अमेरिकी डॉलर का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ेगा। यह फैसला अमेरिका और भारत द्वारा पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यापार से संबंधित अंतरिम समझौते के लिए रूपरेखा पर पहुंचने की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है।

## यूथ कांग्रेस

के राष्ट्रीय सचिव कृष्णा हरि भी शामिल हैं। मौके पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बाद हॉल के अंदर सुरक्षा और कड़ी की जाएगी। यह विरोध प्रदर्शन कुछ ही मिनटों तक चला, जिसके बाद समूह को हॉल से बाहर निकाल दिया गया। इस घटना ने अतिथियों और अन्य आगंतुकों को हैरान कर दिया, क्योंकि एआई इम्पैक्ट समिट के मद्देनजर यह अप्रत्याशित था। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह भारत की प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, जब भी भारत वैश्विक मंच पर आगे बढ़ता है, कांग्रेस राष्ट्रहित के साथ खड़े होने के बजाय राजनीतिक लाभ लेने को प्राथमिकता देती दिखाई देती है। दलगत राजनीति को देश की प्रतिष्ठा और सम्मान से ऊपर रखना अत्यंत दुखद है। सिंह ने कहा कि भारत की जनता भली-भांति समझती है कि कौन भारत को सशक्त और समर्थ बनाने में जुटा है और कौन बार-बार भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास करता है। भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने आरोप लगाया कि यह घटना कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के कहने पर अंजाम दी गई है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यह साजिश राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी की मौजूदगी में, राहुल गांधी के निवास स्थान पर रची गई थी। यह प्रयोग है, संयोग नहीं। यह भारत के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा भारत की छवि को धूमिल करने का प्रयास है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु चिब ने एक बयान में कहा कि युवा कांग्रेस के साथियों ने स्पष्ट कर दिया कि देश का युवा अब चुप नहीं बैठेगा। पीएम इज कंप्रोमाइज्ड (प्रधानमंत्री झुक गये) सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि करोड़ों बेरोजगार युवाओं का आक्रोश है। अमेरिका के साथ यह व्यापार समझौता हमारे किसानों और जनता के हितों के साथ खिलवाड़ है, जिससे सिर्फ अमेरिका को फायदा होगा। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध हमारा अधिकार है और हम युवाओं की आवाज बुलंद करते रहेंगे। हम एआई इम्पैक्ट समिट के खिलाफ नहीं हैं। हम भारत के हितों के साथ हो रहे समझौते के खिलाफ हैं, इसलिए हमने आज ये प्रदर्शन किया है। यह आयोजन 16 से 20 फरवरी तक भारत मंडपम में हो रहा है, जिसमें कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष, वैश्विक एआई क्षेत्र के नेता, शिक्षाविद, शोधकर्ता, वैश्विक टेक कंपनियों के प्रमुख और परोपकारी भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को यहां एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का औपचारिक उद्घाटन किया, जिसमें कई विश्व नेता और वैश्विक टेक कंपनियों के प्रमुख उपस्थित थे।

## शिक्षामित्रों

अलीगढ़, आजमगढ़, मिजार्पुर, देवीपाटन और मुरादाबाद मंडल शामिल हैं। उन्होंने बताया कि ग्रेटर नोएडा में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के कैंपस की स्थापना की प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। इसके अलावां शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहन देने के लिए बजट में प्रावधान किया है।

## डाटा बनेगा नयी

इस दिशा में ठोस कदम उठाए। अब प्रदेश में कई डाटा सेंटर स्थापित हो चुके हैं और कई प्रस्तावित हैं। सरकार का उद्देश्य इन डाटा सेंटरों को क्लस्टर के रूप में विकसित कर उन्हें अधिक प्रभावी और उपयोगी बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक शासन की कार्यप्रणाली में कई बार एक ही विभाग अलग-अलग समय पर एक ही विषय के अलग-अलग आंकड़े प्रस्तुत करता रहा है। इससे नीति निर्माण और रणनीति निर्धारण में कठिनाई आती है। कई बार विभागीय स्तर पर एकीकृत और प्रमाणिक डाटा प्रणाली के अभाव में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। सही और प्रमाणित डाटा न होने के कारण कार्य योजनाएं प्रभावी ढंग से तैयार नहीं हो पाती थीं। अब तक शासन की कार्यशैली अधिकतर समस्या से समाधान की ओर केंद्रित रही। इससे भविष्य के लिए दीर्घकालिक और समग्र रणनीति बनाने में डाटा आधारित पूवार्नुमान की कमी महसूस की जाती रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्टेट डाटा सेंटर अथॉरिटी को प्रदेश का सुप्रीम रेगुलेटर और आर्किटेक्ट के रूप में विकसित किया जाएगा। यह अथॉरिटी विभिन्न विभागों से डाटा एकत्रित कर उसे एकीकृत करेगी, उसका विश्लेषण करेगी और नीति निर्माण में उसका उपयोग सुनिश्चित करेगी। डाटा सेंटर क्लस्टर और स्टेट डाटा सेंटर अथॉरिटी का गठन उत्तर प्रदेश को डिजिटल गवर्नेंस और एआई आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में एक नई ऊंचाई प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डाटा विश्लेषण के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर पहुंची कि इंसेफेलाइटिस से अधिक मौतें उन क्षेत्रों में हो रही थीं, जहां शुद्ध पेयजल का अभाव था और लोग खुले में शौच के लिए मजबूर थे। इसके बाद उपचार की व्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ दो प्रमुख मोर्चों पर काम किया गया। वह हैं, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और हर घर में शौचालय निर्माण। यह सरकार की प्रोएक्टिव और यूनिवर्सल अप्रोच थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शासन को किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए और कानून की नजर में सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को समान रूप से मिलना चाहिए। सरकार का दायित्व है कि वह समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक बिना जाति, वर्ग या किसी अन्य आधार पर भेदभाव किए योजनाओं का लाभ पहुंचाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मूल जानना बड़ा कठिन है नदियों का, वीरों का। धनुष छोड़कर और गोत्र क्या होता रणधीरों का। पाते हैं सम्मान तपोबल से भूतल पर शूर और जाति-जाति का शोर मचाते केवल कायर क्रूर। उन्होंने कहा कि समाज को जातीय आधार पर बांटने की राजनीति ने प्रदेश को लंबे समय तक नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने परिणाम देने वाली राजनीति को प्राथमिकता दी है। शासन की योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव सभी तक पहुंचे, यही सरकार की प्रतिबद्धता है।

## सुल्तानपुर की अदालत में राहुल ने दर्ज कराया बयान

सुलतानपुर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर में एक सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि राहुल गांधी सुल्तानपुर में सांसद-विधायक अदालत में पेश हुए और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ उनकी टिप्पणी से संबंधित मानहानि मामले में बयान दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि अदालत ने सुनवाई की अगली तारीख नौ मार्च तय की है, जिस पर राहुल गांधी को अपने बचाव में सबूत पेश करने के लिए कहा गया है। राहुल गांधी सुबह करीब 10.40 बजे सुल्तानपुर की अदालत में दाखिल हुए और करीब 11.15 बजे मामले में बयान दर्ज कराने के बाद वहां से चले गए। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि अदालत ने मामले में अगली तारीख नौ मार्च तय की है। उन्होंने बताया कि गांधी लखनऊ के लिए रवाना हो गये और वहां से वह वापस दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे। अपना बयान दर्ज कराने के बाद जब गांधी अदालत से बाहर निकले तो कांग्रेस समर्थकों का एक भारी हुजूम वहां पहुंचा और उनके पक्ष में नारे लगाए। राहुल मुस्कुराए और जाने से पहले भीड़ की ओर हाथ हिलाया। अदालत की सुनवाई से पहले, कुछ स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने सुल्तानपुर में पोस्टर लगाए हैं, जिन पर लिखा है सत्यमेव जयते। इस बीच, शिकायतकर्ता विजय मिश्रा से जब पूछा गया कि राहुल गांधी ने ऐसा कौन सा बयान दिया, जिससे वे आहत हुए, तो उन्होंने पत्रकारों से कहा कि राहुल गांधी ने बेंगलुरु में यह बयान दिया था।

## आगामी बजट

उपयोग करते हुए अधिकतम जनकल्याण सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने कहा कि जनसहभागिता से तैयार बजट ही राज्य के समग्र और संतुलित विकास की आधारशिला बनेगा। कार्यक्रम का संचालन अपर सचिव मनमोहन मैनाली ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रचना बुटोला, श्रीनगर की मेयर आरती भंडारी, आयुक्त गढ़वाल/सचिव उद्योग विनय शंकर पांडे, पुलिस महानिरीक्षक राजीव स्वरूप, आयुक्त ग्राम विकास अनुराधा पाल, डॉ. आनंद श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी और हितधारक उपस्थित रहे।

## मजबूत डेटा

नैतिक एआई, अंतरिक्ष, स्थानीय भाषा के माध्यम से न्याय एवं शिक्षा तक पहुंच बढ़ाने तथा पारंपरिक प्रणालियों के आधुनिकीकरण से उद्यम उत्पादकता मजबूत करने वाले स्टार्टअप भी शामिल थे। बयान में कहा गया, ये सभी मिलकर एक ऐसे परिवेश को दर्शाते हैं जो स्थानीय जरूरतों को पूरा करते हुए एआई-आधारित नवाचार में वैश्विक नेतृत्व का निर्माण कर रहा है। एआई स्टार्टअप ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए जारी प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में तीव्र विस्तार और अपार संभावनाएं हैं, और एआई नवाचार व तैनाती की वैश्विक गति अब तेजी से भारत की ओर बढ़ रही है। प्रतिभागियों ने इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट की भी सराहना की और इसे एआई पर वैश्विक विमर्श में भारत की बढ़ती भूमिका का प्रतीक बताया। बैठक में एब्रिज, अदालत एआई, ब्रेनसाइट एआई, केडो एआई, एका केयर, ग्लीन, इनोगल, इनवीडियो, मिको, ओरिजिन, प्रोफेज, रासेन, रुब्रिक, सैटश्योर, सुपरनोवा और सायफा एआई के सीईओ व संस्थापक उपस्थित थे।

## 37 लाख

या जीएसटी फर्म संचालित नहीं हो रही है। आरोपी ने कथित तौर पर गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ उठाया और विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से लगभग 4.70 करोड़ रुपये का लेनदेन किया, जिसके परिणामस्वरूप 37.52 लाख रुपये रुपये की राजस्व क्षति हुयी, जिसमें उत्तर प्रदेश को 18.76 लाख रुपये की हानि हुयी। इसमें कहा गया है कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखनऊ के पारा थाने के दीपक कुमार (25) और प्रशांत तिवारी (25) तथा हरदोई जिले के रहने वाले कैलाश मौर्य (32) के तौर पर हुयी है। पुलिस ने कहा कि दीपक ने कथित तौर पर उसके नाम पर बैंक खाते संचालित किए और विभिन्न कंपनियों के साथ लेनदेन किया। प्रशांत तिवारी को चार चेक के माध्यम से लगभग 15 लाख रुपये हस्तांतरित किए गए, जिन्होंने कथित तौर पर उस पैसे का इस्तेमाल निजी खर्चों के लिए किया। कैलाश मौर्य पर फर्म की फर्जी सील तैयार कराने और धोखाधड़ी को सुविधाजनक बनाने के लिए बैंक खाते खोलने में सहायता करने का आरोप है।




# दक्षिण अफ्रीका के कप्तान मारक्रम या लिंडे करेंगे अभिषेक के खिलाफ गेंदबाजी की शुरुआत

अहमदाबाद। टी20 विश्व कप में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा लगातार तीन बार शून्य के स्कोर पर आउट हुए लेकिन भारत का अभियान बिना रूके पटरी पर चल रहा है लेकिन इस खिलाड़ी का बल्ले का नहीं चलना चर्चा का विषय बना हुआ है।



इसका कारण या तो पेट के संक्रमण से उनका कमजोर होना है या फिर धीमे विकेट पर स्पिनरों के खिलाफ तकनीकी कमजोरी का उभरना है। लेकिन जिन्होंने इस प्रारूप और इस खिलाड़ी को करीब से देखा है उनका कहना है कि फॉर्म अस्थायी है, उसका आत्मविश्वास स्थायी है। अभिषेक का स्ट्राइक रेट 192 से ज्यादा का है लेकिन अचानक उनकी फॉर्म खराब हो गई जिसका मुख्य कारण पेट के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने के एक हफ्ते से भी कम समय बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में उनकी वापसी हो सकती है। फिर धीमी पिचों ने भी उनकी मदद नहीं की है। अब तक टीम के एकजुट प्रयास ने पक्का किया है कि नतीजों पर कोई असर नहीं पड़े। लेकिन शनिवार से सुपर आठ चरण शुरु होने वाला है इसलिए यह जरूरी होगा कि उनका बल्ला चले। भारत सुपर आठ चरण के पहले मैच में 22 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगा। और उनके पिछले आउट होने के तरीके को ध्यान से देखने के बाद दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम पावरप्ले के अंदर दोनों छोर से कागिसो रबाडा या लुंगी एनगिडी को गेंदबाजी कराने के बजाय खुद ऑफ-ब्रेक गेंदबाजी करने के बारे में सोच सकते हैं या फिर जॉर्ज लिंडे से गेंदबाजी करने को कह सकते हैं।

सबसे छोटे प्रारूप में गलती की गुंजाइश बहुत कम होती है। अभिषेक का टी20 विश्व कप में अपना खाता नहीं खोल पाना चिंता की बात नहीं है। हो सकता है वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ या फिर इसके बाद चेन्नई में जिम्बाब्वे के खिलाफ और कोलकाता में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच में लय हासिल कर लें। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी के एक मशहूर बल्लेबाजी कोच ने लीग के दौरान अभिषेक के खिलाफ योजना बनाई और उनकी बल्लेबाजी का विश्लेषण किया। उनसे जब पूछा गया कि क्या टीमों ने आखिरकार अभिषेक की बल्लेबाजी को समझ लिया है तो उनका जवाब नहीं था।

उन्होंने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा, बिलकुल नहीं। पहले मैच में डीप एक्स्ट्रा कवर पर वह खराब गेंद पर कैच हुए थे जो छह रन के लिए जा सकती थी। या फील्डर के बाएं या दाएं एक पैर से बाहर जाकर चौके के लिए जा सकती थी। अभिषेक के तीनों मैच में आउट होने के तरीके पर उन्होंने आगे कहा, ऑफ-स्पिनर की अंदर आती गेंद पर बोल्ड होना, ना कि बाहर जाती हुई गेंद पर, इससे ज्यादा कुछ पता नहीं चलता। और मिड-ऑन पर कैच होना। उन्होंने कहा कि इस तरह आउट होने से पहले ऐसा कोई डेटा नहीं है जो यह बताए कि ऑफ-स्पिनर उन्हें हमेशा परेशान करते हैं।



कोच ने कहा, वह आम तौर पर ऑफ-स्पिन काफी अच्छा खेलते हैं। मैंने कुछ भी गलत नहीं देखा है। हालांकि विकेटों का धीमा होना उनकी आउट होने का कारण बन सकता है क्योंकि उनके बल्ले की स्विंग बहुत तेज है, जिससे उन्हें तेज गेंदबाजों के मुफीद ट्रैक पर बहुत सफलता मिलती है। अभिषेक के लिए अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत से यह पहला चरण हैं जहां उन्हें लगातार चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। यहीं पर बल्लेबाजी कोच सीतांशु कोटक का भूमिका अहम हो जाती है। वहीं दूसरी ओर

भारत की पहले सुपर-आठ मुकाबले में रविवार को दक्षिण अफ्रीका से भिड़ंत से पहले गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्केल ने स्पष्ट किया कि टी20 विश्व कप में अब तक अभिषेक शर्मा के खराब प्रदर्शन को लेकर टीम के अंदर कोई चर्चा नहीं हुई है। मोर्केल ने कहा कि अभिषेक को बस एक अच्छी शुरुआत की जरूरत है और उसके बाद वह लय पकड़ लेंगे। भारत का यह सलामी बल्लेबाज तीन मैचों में अब तक खाता खोलने में नाकाम रहा है। बायें हाथ के इस आक्रामक बल्लेबाज को शुक्रवार के अभ्यास सत्र के दौरान मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ लंबी बातचीत करते देखा गया। गंभीर उन्हें कुछ तकनीकी बारीकियां समझाते नजर आए और अभिषेक ने एक अनुशासित छात्र की तरह सहमति में सिर हिलाया। इसके बाद उन्होंने ऊंचे कैच का भी अभ्यास किया। कई बार जरूरत से ज्यादा अभ्यास उल्टा असर भी डाल सकता है।

सत्र के दौरान अभिषेक को काफी देर तक अन्य बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते भी देखा गया। मोर्केल से जब टीम के अंदर अभिषेक के प्रदर्शन पर किसी चर्चा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा, बिल्कुल कोई चर्चा नहीं। वह विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं। इस टूर्नामेंट में अब तक हमारी किसमत अच्छी रही है कि खिलाड़ियों ने जिम्मेदारी उठाई है और रन बनाए हैं। उन्होंने हालांकि माना कि टूर्नामेंट के अहम दौर में पहुंच चुकी टीम को अभिषेक से बड़ी पारी की उम्मीद है।

# ऑस्ट्रेलिया ने ओमान को हराया

## टी-20 विश्व कप : ओमान को 9 विकेट से हराया, मार्श-हेड ने 93 रन जोड़े; जम्पा को 4 विकेट

एजेंसी

पालेकल (श्रीलंका)। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीत के साथ खत्म किया। टीम ने शुक्रवार को आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में ओमान को 9 विकेट से हरा दिया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में पहले बैटिंग करने उतरी ओमान 104 रन पर सिमट गई। मिचेल मार्श और ट्रैविस हेड ने 93 रन की पार्टनरशिप कर कंगारू टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया के लिए गेंदबाजी में लेग स्पिनर एडम जम्पा ने 4 विकेट लिए। ग्लेन मैक्सवेल और जैवियर बार्टलेट को 2-2 विकेट मिले। कप्तान मार्श ने फिफ्टी लगाई, वहीं ट्रैविस हेड 32 रन बनाकर आउट हुए।

ओमान के लिए वसीम अली ने सबसे ज्यादा 32 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया को 2 हार मिली ऑस्ट्रेलिया की टीम ग्रुप-बी में श्रीलंका और जिम्बाब्वे के खिलाफ हार कर बाहर हो गई। टीम ने आयरलैंड और ओमान को हराया, लेकिन ये अगले राउंड में पहुंचने के लिए काफी नहीं था। टीम 2009 के बाद पहली बार ग्रुप स्टेज को भी पार नहीं कर सकी। टी-20 वर्ल्ड कप का आखिरी ग्रुप स्टेज मैच ऑस्ट्रेलिया और ओमान के बीच खेला जा रहा है। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। मैच शाम 7 बजे से शुरू होगा। ओमान ने 13.3 ओवर के बाद 7 विकेट खोकर 89 रन बना लिए हैं। टीम से वसीम अली और शकील अहमद पिच पर हैं। जैवियर बार्टलेट और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट लिए। वहीं ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोयनिस और नाथन एलिस को 1-1 विकेट मिला। 14वें ओवर में ऑस्ट्रेलिया ने 7वां विकेट भी ले लिया। ग्लेन मैक्सवेल ने ओवर की तीसरी गेंद गुड लेंथ पर तेज फेंकी। गेंद जितेन रामानंदी के पैड्स पर लगी। ऑस्ट्रेलिया



ने अपील की और अंपायर ने छइह का फैसला दे दिया। जितेन 1 ही रन बना सके। 13वें ओवर में ओमान ने छठा विकेट भी गंवा दिया।

ओवर की तीसरी बॉल मार्कस स्टोयनिस ने ऑफ स्टंप के बाहर शॉर्ट पिच फेंकी। विनायक शुक्ला ने कैमरन ग्रीन को कैच दे दिया। वे 9 रन ही बना सके। 10वें ओवर में ओमान ने पांचवां विकेट गंवा दिया। ओवर की पांचवीं गेंद एडम जम्पा ने गुड लेंथ पर गूगली फेंकी। मोहम्मद नदीम छइह हो गए। वे 2 रन ही बना सके। 8वें ओवर में ओमान ने चौथा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की आखिरी बॉल एडम जम्पा ने गुड लेंथ पर फ्लिपर फेंकी। हम्माद मिर्जा बोल्ड हो गए, उन्होंने 13 गेंद पर 16 रन बनाए। 7वें ओवर में ओमान ने अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। हम्माद मिर्जा ने जैवियर बार्टलेट के खिलाफ चौका लगाया और टीम की हाफ सेंचुरी पूरी करा दी। पांचवें ओवर में ओमान ने तीसरा विकेट भी गंवा दिया। ओवर की आखिरी बॉल जैवियर बार्टलेट ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। कप्तान जतिंदर सिंह बोल्ड हो गए।

उन्होंने 15 गेंद पर 17 रन बनाए। ओमान ने पावरप्ले में 47 रन बनाए। चौथे ओवर में ओमान ने दूसरा विकेट भी ले लिया। ओवर की दूसरी गेंद नाथन एलिस ने गुड लेंथ पर इन स्विंगर फेंकी। करण सोनावाले डिफेंड करने गए, लेकिन गेंद उनके पैड्स से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। सोनावाले ने 12 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने मैच की पहली ही गेंद पर विकेट झटक लिया। जैवियर बार्टलेट ने फुलर लेंथ पर आउट स्विंगर फेंकी। आमिर कलीम बोल्ड हो गए। इसी ओवर की आखिरी गेंद पर ग्लेन मैक्सवेल ने स्लिप में करण सोनावाले का कैच भी छोड़ दिया। पल्लेकेले स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी।

ओमान के कप्तान जतिंदर सिंह ने भी कहा कि वे टॉस जीतते तो पहले फील्डिंग ही चुनते। छह वनडे और एक टी-20 वर्ल्ड कप खिताब जीत चुकी ऑस्ट्रेलिया इस बार ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई। जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश से रद्द होने के बाद जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गया और ऑस्ट्रेलिया का सफर खत्म हो गया। 2021 की टी-20 वर्ल्ड कप विजेता टीम 2009 के बाद पहली बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक तीन में से सिर्फ एक मैच जीता है, जो आयरलैंड के खिलाफ 67 रन की जीत थी। हालांकि ओमान के खिलाफ वह मजबूत दावेदार मानी जा रही है। दूसरी ओर, ओमान का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा है। टीम अपने तीनों ग्रुप मैच बड़े अंतर से हार चुकी है। अब जतिंदर सिंह और सुफयान महमूद जैसे खिलाड़ी आखिरी मैच में अच्छा प्रदर्शन कर प्रभाव छोड़ना चाहेंगे। ऑस्ट्रेलिया के लिए मैट रेनशॉ ने वर्ल्ड कप में 102 रन बनाए हैं। उनका बेस्ट 65 रन रहा। गेंदबाजी में नाथन एलिस 4 विकेट लेकर टॉप बॉलर हैं। 2026 के वर्ल्ड कप में आमिर कलीम ने ओमान के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। वे 3 मुकाबलों में 61 रन बनाए। तेज गेंदबाज शकील अहमद 3 विकेट लेकर टॉप बॉलर हैं।

# एफआईएच : होबार्ट चरण में भारतीय हॉकी टीम की नजरें वापसी करने पर

होबार्ट। भारतीय पुरुष हॉकी टीम घरेलू मैदान पर बुरी तरह हारने के बाद शनिवार को यहां स्पेन के खिलाफ मैच के साथ एफआईएच प्रो लीग के विदेशी चरण की शुरुआत में नए कप्तान हार्दिक सिंह के नेतृत्व में वापसी करने और एक नयी शुरुआत करने के लिए बेताब होगी। सीरीज का होबार्ट चरण 25 फरवरी तक तस्मानिया हॉकी सेंटर में होगा जिसमें मेजबान ऑस्ट्रेलिया भी शामिल है। हाल में राउरकेला चरण भारतीयों के लिए सीखने का दौर साबित हुआ जिसमें उन्हें अर्जेंटीना और बेल्जियम से हार मिली।



नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए आने वाले मैचों से ब्रेक लिया है। टीम इन मुकाबलों को आने वाले एफआईएच विश्व कप और उसके बाद के एशियाई खेलों से पहले संयोजन को परखने और लय बनाने के एक जरूरी मौके के तौर पर देख रही है। स्पेन के खिलाफ पहले मैच के बाद रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला होना है। 24 फरवरी को उनका सामना फिर स्पेन से होगा और 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ अंतिम मैच के साथ यह चरण खत्म होगा।

भारत और स्पेन अपने पिछले 10 मुकाबलों में बराबरी पर रहे हैं, दोनों ने नियमित समय में चार-चार जीत हासिल की हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ लगातार हाई-स्कोरिंग ड्रामा रहा है। मेजबान टीम अपने पिछले 10 मुकाबलों में छह जीत (और दो ड्रॉ) के साथ बढ़त बनाए हुए है। दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हार्दिक उस टीम को अगुआई करेंगे जिसमें अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी हैं। हार्दिक ने कहा प्रो लीग जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में राष्ट्रीय टीम की अगुआई करना बहुत बड़ा सम्मान है। हालांकि हमें निश्चित रूप से पिच पर हरमनप्रीत की कमी खलेगी, लेकिन उनकी गैरमौजूदगी बाकी ग्रुप को आगे बढ़कर जिम्मेदारी लेने का बेहतरीन मौका देती है। उन्होंने कहा, एक टीम के तौर पर हमने अपने हाल के मैचों की समीक्षा की है। कुछ सबक सीखे हैं।

हम होबार्ट में बहुत सकारात्मक और आक्रामक मानसिकता के साथ उतर रहे हैं। अंगद बीर सिंह, अराजित सिंह हुंडाल और आदित्य अर्जुन लालागे जैसे उभरते हुए स्टार भी फॉरवर्ड लाइन में अपनी काबिलियत साबित करने के लिए बेताब होंगे। मैच दोपहर 12 बजे शुरु होगा।

## संक्षेप

### अफगानिस्तान की टी 20 विश्व कप से विदाई

चेन्नई। अफगानिस्तान की टीम के साथ बनाई गई यादों से संतुष्ट लेकिन भावनाओं से अभिभूत कोच जोनाथन ट्रॉट ने चार साल के कार्यकाल के बाद अपनी भूमिका को अलविदा कहा। इस पद की पेशकश पहले इंग्लैंड के उनके साथी ग्राहम थोर्प को की गई थी लेकिन उस समय वह इसे स्वीकार नहीं कर सके और सौभाग्य से 44 वर्षीय ट्रॉट इस पद पर काबिज हुए। अफगानिस्तान ने सुपर आठ चरण की दौड़ से बाहर होने के बाद अपने अंतिम ग्रुप मैच में कनाडा को 82 रन से हराकर अपना अभियान समाप्त किया। इंग्लैंड के ट्रॉट ने अपनी भावनाओं को नियंत्रित करते हुए उस टीम के साथ अपने कार्यकाल को याद किया जो अब सफेद गेंद के प्रारूप में एक कड़ी प्रतिद्वंद्वी बन चुकी है।

### एएफसी महिला एशियाई कप में 6 नये खिलाड़ी

नयी दिल्ली। भारत ने अगले महीने ऑस्ट्रेलिया में होने वाले एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए शुक्रवार को घोषित 26 सदस्यीय टीम में छह नए खिलाड़ियों को शामिल किया है। टीम का लक्ष्य ग्रुप चरण से आगे बढ़कर क्वार्टरफाइनल तक पहुंचना है। क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने से टीम को पहली बार फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का अवसर मिलेगा। टीम में शामिल 26 खिलाड़ियों में आठ खिलाड़ी (स्वीटी देवी नगमबाम, शिल्की देवी हेमा, संजू, अंजू तामांग, प्यारी खाखा, ग्रेस डांगमेई, मनीषा कल्याण और सुमिया नारायणासामी ) पिछले एशियाई कप 2022 के सदस्य थे, जो भारत में आयोजित हुआ था।

# मैराथन को हरी झंडी दिखायेंगे मुक्केबाज विजेंदर व बोपन्ना



एजेंसी

नयी दिल्ली। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज विजेंदर सिंह और स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना रविवार को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम से 11वीं कॉग्निजांट नयी दिल्ली मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। इस मैराथन में 30,000 से ज्यादा लोगों के हिस्सा लेने की उम्मीद है और यह देश की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता से एक बनने वाली है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से प्रमाणित, एसोसिएशन ऑफ इंटरनेशनल मैराथन एंड डिस्टेंस रेस से मान्यता प्राप्त और विश्व एथलेटिक्स से स्वीकृत यह मैराथन वैश्विक एथलेटिक कैलेंडर में अपनी जगह मजबूत कर रही है। इस चरण में 31 देशों, 490 शहरों और भारत के 32 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लोग हिस्सा लेंगे जिसका आयोजन चार वर्ग फुल मैराथन, हाफ मैराथन, 10के और 5के में किया जाएगा। भारत का प्रतिनिधित्व एक एलीट टीम करेगी जिसमें अनीश थापा, एबी बेलियप्पा, मान सिंह, अक्षय सैनी, टी गोपी, भागीरथी बिष्ट, निरमाबेन ठाकोर भारतजी, अश्विनी मदन जाधव, डिस्केट डोलमा और स्टैंजिन डोलकर शामिल हैं।

# टेनिस : साकामोतो व क्रॉफर्ड सेमीफाइनल में

एजेंसी





नयी दिल्ली। दूसरी वरीयता प्राप्त रेई साकामोतो ने दिल्ली ओपन टेनिस के एकल क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को यहां छठे वरीय फेडेरिको चीना को हराकर सेमीफाइनल का टिकट पक्का किया जहां उनका सामना पांचवें वरीय ओलिवर क्रॉफर्ड से होगा। पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक और 2024 ऑस्ट्रेलियाई ओपन बालक एकल चैंपियन जापान के साकामोतो ने एक सेट से पिछड़ने के बाद इटली के खिलाड़ी को 6-7, 6-3, 6-2 से हराया। क्रॉफर्ड ने ब्रिटिश खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में जे क्लार्क को 3-6, 7-5, 6-3 से शिकस्त दी। एकल वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में दो गैर-वरीय खिलाड़ी आमने-सामने होंगे जिसमें यूनान के स्टेफानोस साकेलारिडिस का मुकाबला ब्रिटेन के फेलिक्स गिल से होगा। साकेलारिडिस ने जापान के आठवें वरीय रियो नो गुची को 6-0, 6-3 से जबकि गिल को बेल्जियम के माइकल गीर्ट्स को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। सिद्धांत बांठिया एवं अलेक्जेंडर डोंस्की और निकी कलियान्दा पूनाचा एवं प्रुच्या इसारो की दो शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ियां भी सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं जिससे युगल स्पर्धा में भारतीय चैंपियन बनने की उम्मीद कायम है। शीर्ष वरीय बांठिया और डोंस्की ने वाइल्ड कार्ड धारक दिविज शरण और करन सिंह को 6-3, 6-4 से हराया। पिछले सप्ताह चेन्नई ओपन का खिताब जीतने वाले दूसरी वरीय जोड़ी पूनाचा और इसारो ने जीत की लय बरकरार रखते हुए स्विट्जरलैंड के लुका कास्टेलनुओवो और जापान के रियो नो गुची को 6-2, 6-2 से मात दी।

# न्यूजीलैंड व पाक की भिड़ंत आज

एजेंसी

कोलंबो। न्यूजीलैंड की टीम शनिवार को यहां टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण ग्रुप दो के शुरुआती मैच में पाकिस्तान का सामना करेगी तो जीत के लिए सबसे अहम कारक होगा कि उसका मजबूत मध्यक्रम प्रतिद्वंद्वी टीम की स्पिन विविधता का माकूल जवाब दे सके। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आईसीसी के इस बड़े टूर्नामेंट में अभी तक शीर्ष स्तर का खेल नहीं दिखा सके हैं जिसमें बस सलामी बल्लेबाज टिम सिफर्ट और फिन एलेन ही हैं जिन्होंने मिलकर तीन अर्धशतक लगाए हैं। लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज इन दोनों का ठीक से साथ नहीं दे पाए हैं। ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन और डेरिल मिचेल जैसे बल्लेबाज निरंतर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। फिलिप्स और रविंद्र ने हालांकि एक-एक अर्धशतक लगाया है लेकिन कुल मिलाकर उनका प्रदर्शन फीका ही रहा है। चार मैचों में रविंद्र ने 72 रन बनाए हैं, लेकिन इनमें से 59 रन कनाडा के खिलाफ एक ही मैच में आए। न्यूजीलैंड इस टूर्नामेंट में पहली बार कोलंबो में खेलेगा जिससे यह और मुश्किल हो सकता है। इसके विपरीत पाकिस्तान ने विश्व कप की शुरुआत से ही यहां की है और वह पहले प्रेमदासा में दो मैच खेल चुका है। पाकिस्तान के गेंदबाज, खासकर स्पिनर इस धीमी पिच पर असरदार होने के लिए लेंथ और रफ्तार जानते हैं जहां शॉट लगाने के लिए हिम्मत से ज्यादा समझदारी की जरूरत होती है।

# ऑस्ट्रेलिया पर सीरीज जीतना चाहेगी भारतीय टीम



एजेंसी

एडिलेड। भारतीय महिला टीम को अगर ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर पहली बार ऐतिहासिक श्रृंखला जीतनी है तो उसकी बल्लेबाजों को यहां शनिवार को तीसरे और आखिरी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में मेजबान टीम की अनुभवी गेंदबाजी इकाई के खिलाफ एकजुट होकर आक्रामक प्रदर्शन करना होगा। भारतीय महिला टीम अभी तक ऑस्ट्रेलिया में तीनों प्रारूपों में कोई द्विपक्षीय सीरीज नहीं जीत पाई है। इसे बदलने के लिए भारत को यहां बेहतर बल्लेबाजी की जरूरत है, जिसकी शुरुआत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा से होगी। स्मृति और शेफाली दोनों ने शुरुआत तो की है लेकिन बड़ी पारी नहीं खेल पाईं जिससे दूसरे मैच में भारत 164 रन के आसान से लक्ष्य का पीछा नहीं कर सका।

किम गार्थ, अनाबेल सदरलैंड और सोफी मोलिनू की अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई तिकड़ी ने इस मौके का फायदा उठाया। इन्होंने भारत की पांच बल्लेबाजों को सिर्फ सात रन के अंदर आउट कर दिया। लेकिन एडिलेड की पिच कैनबरा की पिच के मुकाबले अलग है और भारतीय बल्लेबाजों को यहां अपने पिक-अप शॉट्स पर भरोसा करना चाहिए। एक बेहतरीन आउटफील्ड भी बल्लेबाजी के लिए बेहतर है।

# राधा यादव के हरफनमौला प्रदर्शन से भारत ए एशिया कप के फाइनल में

बैंकॉक। कप्तान राधा यादव ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए भारत ए की टीम को शुक्रवार को यहां श्रीलंका ए पर पांच विकेट से जीत दिलाकर वुमैन्स राइजिंग स्टार्स टी20 एशिया कप के फाइनल में पहुंचा दिया। श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन यह उस पर भारी पड़ गया। राधा की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने उसके बल्लेबाजी लाइन-अप को तहस-नहस कर उन्हें 118 रन पर आउट कर दिया। बाएं हाथ की स्पिनर राधा ने 19 रन देकर चार विकेट लिए। राधा को एक और बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर (20 रन देकर दो विकेट) और लेग स्पिनर प्रेमा रावत (नौ रन देकर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला।

# लखनऊ गोल्फ लीग : बीबीडी रेंजर्स की महत्वपूर्ण जीत

खेल संवाददाता

लखनऊ गोल्फ लीग के 5वें संस्करण के डे-5 पर ग्रुप बी के राउंड 3 मुकाबलों में रोमांचक और कड़े मुकाबले देखने को मिले। सभी टीमों ने शानदार प्रतिस्पर्धात्मक प्रदर्शन किया।

ग्रुप बी में अमेजिंग ओरिजिन्स और बीबीडी रेंजर्स ने महत्वपूर्ण जीत दर्ज की, जबकि स्टिंगर्स और अवध ईगल्स के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ और दोनों टीमों ने अंक साझा किए। दिन के पहले मुकाबले में अमेजिंग ओरिजिन्स ने पीआर हुंडई जेओ रॉयल्स को 4-1 से हराकर शानदार जीत दर्ज की और दिन की दमदार शुरूआत की। दूसरे मैच में बीबीडी रेंजर्स ने पार सीकर्स को 3-2 से कड़े मुकाबले में पराजित किया। मैच अंत तक बेहद रोमांचक बना रहा।

- डे-5 लखनऊ गोल्फ लीग का 5वां संस्करण



दिन के अंतिम मुकाबले में स्टिंगर्स और अवध ईगल्स के बीच जोरदार टक्कर देखने को मिली, जो 2.5-2.5 की बराबरी पर समाप्त हुई। दोनों टीमों ने अंक साझा किए। ग्रुप बी की अंक तालिका में अवध ईगल्स 9.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है, जबकि स्टिंगर्स और पार सीकर्स 8.5-8.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। लीग में प्रतिस्पर्धा लगातार रोमांचक होती जा रही है और सभी टीमें अंक तालिका में बेहतर स्थान के लिए प्रयासरत हैं।

- 20 फरवरी 2026 ग्रुप बी राउंड 3 मुकाबले

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता अप्रैल में

## भारत एवं अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शुक्रवार को कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना है। इस महीने की शुरुआत में भारत और अमेरिका ने एक संयुक्त बयान जारी कर यह घोषणा की थी कि अंतरिम व्यापार समझौते के लिए रूपरेखा तय कर ली गई है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण के मसौदे को अंतिम रूप देने के लिए, दोनों देशों के मुख्य वार्ताकार अगले सप्ताह वॉशिंगटन में मिलेंगे। दोनों दलों के बीच तीन दिवसीय बैठक 23 फरवरी से शुरू होगी।

गोयल ने यहां संवावददाताओं से कहा कि भारत और अमेरिका के बीच अंतरिम व्यापार समझौते पर मार्च में हस्ताक्षर होने और अप्रैल में इसके लागू होने की संभावना है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर इस समझौते पर हस्ताक्षर के लिए मार्च में भारत की यात्रा कर सकते हैं। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने यहां आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के एक कार्यक्रम में



कहा कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जल्द ही हस्ताक्षर होने की संभावना है। भारत शुक्रवार को महत्वपूर्ण खनिजों के लिए एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला बनाने के उद्देश्य से अमेरिका के नेतृत्व वाले रणनीतिक गठबंधन पैक्स सिलिका में शामिल हो गया। गोर ने कहा, व्यापार समझौते से लेकर पैक्स सिलिका और रक्षा सहयोग तक, हमारे दोनों देशों के एक साथ काम करने की संभावनाएं वास्तव में असीमित हैं। इस महीने की शुरुआत में दोनों देशों द्वारा अलग-अलग जारी किए गए संयुक्त बयान में समझौते की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। अब इन्हें कानूनी समझौते में रूपांतरित करने की आवश्यकता है जिसके लिए दोनों पक्ष अगले सप्ताह मिलेंगे। भारतीय दल का नेतृत्व वाणिज्य मंत्रालय में संयुक्त सचिव एवं मुख्य वार्ताकार दर्पण जैन करेंगे।

अंतरिम व्यापार समझौते के तहत, दोनों पक्ष आपस में व्यापार किए जाने वाले कई वस्तुओं पर शुल्क रियायतें देंगे। अमेरिका ने घोषणा की है कि वह भारतीय वस्तुओं पर जवाबी शुल्क 25 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत कर देगा। साथ ही रूस से कच्चा तेल खरीदने के कारण भारत पर लगाए गए 25 प्रतिशत दंडात्मक शुल्क को पहले ही समाप्त किया जा चुका है। यह कदम अमेरिका के 50 प्रतिशत के भारी शुल्क का सामना करने वाले घरेलू उद्योग के लिए बड़ी राहत है। गोयल ने उम्मीद जताई कि अमेरिकी प्रशासन इस महीने शुल्क को घटाकर 18 प्रतिशत करने का कार्यकारी आदेश जारी करेगा।

## ट्रंप ने यूएफओ से जुड़ी फाइलें जारी करने का दिया निर्देश

वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह पेंटागन और अन्य सरकारी एजेंसियों को परग्रही जीवों (एलियन्स) और यूएफओ से संबंधित फाइल की पहचान करके उन्हें सार्वजनिक करने का निर्देश दे रहे हैं, क्योंकि इन विषयों में लोगों की गहरी रुचि है। ट्रंप ने यह घोषणा एक सोशल मीडिया पोस्ट में की।

कुछ घंटे पहले ही उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर हाल में एक पॉडकास्ट साक्षात्कार में परग्रही जीवों के वास्तव में होने का संकेत देकर गोपनीय जानकारी उजागर करने का आरोप लगाया था।







## एसआईआर कवायद में न्यायिक अधिकारियों की तैनाती का आदेश

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण आदेश में पश्चिम बंगाल में विवादों से घिरी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और पूर्व जिला न्यायाधीशों की तैनाती का शुक्रवार को निर्देश दिया। निर्वाचन आयोग और तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार के बीच दुर्भाग्यपूर्ण आरोप-प्रत्यारोप पर खेद जताते हुए प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य में एसआईआर प्रक्रिया को पूरा करने के लिए कई नये निर्देश जारी किये। पीठ ने तार्किक विसंगति सूची में शामिल व्यक्तियों के दावों और आपत्तियों के निपटारे के लिए न्यायिक अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया। इसने कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से पश्चिम बंगाल में एसआईआर के काम में सहायता के लिए न्यायिक अधिकारियों को मुक्त करने और पूर्व न्यायाधीशों को खोजने के लिये कहा।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com